सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-18 अंक-08 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, बुधवार, 26 जून 2024
19 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



**योगी कैबिनेट**

## 44 प्रस्तावों को मंजूरी, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज का होगा विस्तार

# गैंगस्टर मामलों में बेल नहीं

**फैसला**

- पेपर लीक पर सीएम योगी आदित्यनाथ सख्त
- पेपर लीक किया तो उम्रकैद, एक करोड़ का लगेगा जुर्माना
- योगी कैबिनेट ने अध्यादेश को दी मंजूरी
- पुरानी पेंशन सिस्टम का ऑप्शन खुला



### इन अहम प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

- अयोध्या कैंट एरिया में 351.40 करोड़ से सीवेज योजना बनाएं जाने का प्रस्ताव पास
- नोएडा सेक्टर 142 में 11.56 किलोमीटर में मेट्रो लाइन के विस्तार का प्रस्ताव पास
- अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में आगरा और प्रयागराज में इंडस्ट्रियल नोड बन जाने का प्रस्ताव, पीजीआई में ग्रुप ए ग्रुप बी पैरामेडिकल ऑफिसर्स को एम्स के सामान्य पेशेंट केयर भत्ता दिए जाने का प्रस्ताव
- वाराणसी, बरेली, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सीमा विस्तार का प्रस्ताव पास
- पेपर लीक मामले में जो भी संस्था पकड़ी जाएगी उसे 1 करोड़ का जुर्माना और 2 साल से आजीवन कारावास तक की सजा का प्रस्ताव पास
- गोरखपुर सोलर सिटी का प्रस्ताव, रजिस्ट्री दफ्तर में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जाने का प्रस्ताव पास, चार सेंटर ऑफ इंटेलिजेंस बनाए जाने का प्रस्ताव पास
- उत्तर प्रदेश में 9 कंपनी को एनओसी दिए जाने का प्रस्ताव पास किया गया है।

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

प्रदेश में पौधरोपण अभियान के लिए 35 करोड़ पौधे रोपने के लिए पौधे फ्री में देने का प्रस्ताव पास किया गया। इसके साथ ही निवेशकों की सहूलियत और जमीन देने के लिए लैंड पूलिंग नीति को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा पुरानी पेंशन नीति को लेकर भी बड़ा फैसला किया। इसके तहत 28 मार्च 2005 से पहले जिन नौकरियों के विज्ञापन निकले थे, उन पर नौकरी पाने वाले पुरानी पेंशन सिस्टम का ऑप्शन ले सकते हैं। अयोध्या में टाटा संस द्वारा 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाया जाएगा। 100 करोड़ का अन्य विकास कार्य किया जाएगा, जिसमें पर्यटन विभाग 1 रुपए के लीज पर जमीन उपलब्ध कराएगा। शाकंभरी देवी धाम की बड़ी जमीन पर पर्यटन विभाग विकास कराएगा। पर्यटन विभाग के बंद चल रहे आश्रय गृह को पीपीपी मॉडल पर 30 साल की लीज पर देगा। लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हैलीपोर्ट बनाया जाएगा। प्राचीन धरोहर को पीपीपी मॉडल पर रीयूज (बरसाना जल महल मथुरा, शुक्ला तालाब कानपुर ) करने का प्रस्ताव पास किया गया। मुख्यमंत्री टूरिज्म फैलोशिप का प्रस्ताव कैबिनेट में पास हुआ है। मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना, जिसमें अभ्यर्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। विद्युत निरीक्षक के लिए भारत सरकार ने इलेक्ट्रिसिटी एक्ट बनाया है, उसी के क्रम में राज्य सरकार ने भी नियमावली बनाने के प्रस्ताव को पास किया है। गोरखपुर में परमहंस योगानंद की जन्मस्थली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, इसके लिए पर्यटन विभाग को मुफ्त जमीन दी जाएगी। नगर निगम की धारा 1959 के आधार को नगर पालिका और नगर परिषद में भी इंनएक्ट करने के साथ नियमावली बनाए जाने का प्रस्ताव पास किया गया है। अमृत योजना 1 में नगर निकाय के निकायांश में 50त्न कम किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है. साथ ही राज्यांश बढ़ाये जाने का प्रस्ताव पास किया गया है। अमृत योजना 2 में नगर निकाय के निकायांश में कम किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है. इसी तरह 11 यूनिट जो निष्क्रीय हो रही थी, उनकी 871 एकड़ भूमि के एवज में 117 करोड़ 19 लाख में सेटलमेंट किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है। सैमसंग डिस्प्ले नोएडा को 207 करोड़ की कैपटल सब्सिडी देने का प्रस्ताव पास हुआ है। आईपीसी और सीआरपीसी में हुए बदलाव के तहत तीन प्रस्ताव पास हुए हैं।

उत्तर प्रदेश गुंडा अधिनियम 1971, प्रदेश सार्वजनिक संपत्ति क्षति अधिनियम में बदलाव का प्रस्ताव पास किया गया है। महिलाओं, बच्चों और गैंगस्टर मामलों पर एंटीसिपेटरी बेल न दिए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है। विद्यालयों में रिजल्ट की देरी और टेक्निकल फाल्ट के कारण रुकी छात्रवृत्तियों को निर्गत किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास। सरयू के तट पर 650 करोड़ से बनेगा मंदिर संग्रहालय, टाटा कंपनी को कैबिनेट की मंजूरी रामनगरी अयोध्या में सरयू तट के किनारे 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाए जाने की योजना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंजूरी मिल गई है। इसके निर्माण के लिए टाटा कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल अयोध्या के मंदिर संग्रहालय के निर्माण को लेकर कवायत तेज हो गई है. संग्रहालय के आकार लेते ही अयोध्या में न केवल श्री राम का भव्य मंदिर ही आस्था का केंद्र होगा बल्कि मंदिर संग्रहालय के जरिए भारत के विभिन्न प्राचीन मंदिरों के दर्शन भी अयोध्या में हो सकेंगे।

# यूपी में आईपीएस और आईएएस के तबादले

**फेरबदल**



- बस्ती, मुरादाबाद सहित बदले गए 12 जिलों के डीएम
- कानपुर नगर आयुक्त शिव शरण अप्पा चित्रकूट डीएम बनाये गए

**लखनऊ।** यूपी में तबादलों का दौर जारी है। आठ आईपीएस बदलने के बाद मंगलवार को यूपी में 12 आईएएस अधिकारियों को बदलने का आदेश जारी हो गया है। सीतापुर के जिलाधिकारी अनुज सिंह को मुरादाबाद का डीएम बनाया गया है। इसी तरह चित्रकूट के जिलाधिकारी अभिषेक आंनद को सीतापुर भेजा गया है। बांदा की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को लखीमपुर खीरी का डीएम बनाया गया है। आयुष विभाग में विशेष सचिव नागेंद्र प्रताप को बांदा का डीएम बनाया गया है। कानपुर के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा को चित्रकूट का जिलाधिकारी बनाया गया है। स्टांप विभाग के विशेष सचिव रवीश गुप्ता को बस्ती का जिलाधिकारी बनाया गया है। सर्वशिक्षा अभियान के निदेशक मधुसूदन हुल्गी को कौशांबी का जिलाधिकारी बनाया गया है। संभल जिले के डीएम मनीष बंसल सहारनपुर के जिलाधिकारी बनाए गए हैं। नगर विकास विभाग के विशेष सचिव राजेंद्र पेन्सिया को संभल का जिलाधिकारी बनाया गया है। सहारनपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आशीष कुमार को हाथरस का जिलाधिकारी बनाया गया है। ग्रेटर नोएडा की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मेघा रूपम को कासगंज का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं सहारनपुर के एसएसपी रहे विपिन टाडा को मेरठ का एसएसपी बनाया गया है। आईपीएस हेमराज मीना को आजमगढ़ का एसपी बनाया गया है। बरेली एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को एसएसपी एसटीएफ बनाया गया है। आजमगढ़ एसपी अनुराग आर्य को बरेली का एसएसपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही मेरठ एसएसपी रोहित सिंह सजवान को सहारनपुर का एसएसपी बनाया गया है। साथ ही प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को मुरादाबाद जिले का एसएसपी बनाया गया है। चन्दौली एसपी डॉ. अनिल कुमार द्वितीय को प्रतापगढ़ का एसपी नियुक्त किया गया है।

# पोर्श एक्सीडेंट केस में नाबालिग को जमानत

- बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला
- नाबालिग को संप्रेक्षण गृह से रिहा करने के आदेश



**पुणे।** पुणे के पोर्श कार दुर्घटना मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने हादसे के आरोपी नाबालिग को संप्रेक्षण गृह से रिहा करने के आदेश दिए हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि किशोर को संप्रेक्षण गृह से तुरंत रिहा किया जाए। न्यामूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की पीठ ने यह फैसला सुनाया। दरअसल किशोर की चाची ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। याचिका में किशोर की रिहाई की मांग की गई थी। अदालत ने कहा कि किशोर का पालन-पोषण फिलहाल उसकी चाची ही करेंगीं क्योंकि उसके माता-पिता और दादा को गिरफ्तार किया गया है। उच्च न्यायालय ने माना कि यह गंभीर अपराध है लेकिन कहा 'हमारे हाथ कानून से बंधे हैं। कानून का उल्लंघन करने पर किसी भी बच्चे के साथ वयस्कों जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता।' अदालत ने कहा कि किशोर न्याय बोर्ड का किशोर को संप्रेक्षण गृह में भेजने का आदेश गलत था। अदालत ने कहा कि यह किशोर न्याय बोर्ड के अधिकार क्षेत्र से बाहर का फैसला था। आपको बता दें कि 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर में पोर्श कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी।

## पीएफआई के 17 आरोपियों को सशर्त जमानत

**केरल।** केरल उच्च न्यायालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 17 सदस्यों को सशर्त जमानत दे दी है। इन सभी पर वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता श्रीनिवासन की हत्या का आरोप था। बता दें कि श्रीनिवासन की हत्या केरल के पलक्कड़ में की गई थी। न्यायमूर्ति ए के जयशंकरन नांबियार और स्याम कुमार की पीठ ने एनआईए की विशेष अदालत के फैसले को भी सही ठहराया। दरअसल एनआईए की विशेष अदालत ने इस हत्याकांड से जुड़े पीएफआई के नौ सदस्यों को राहत देने से इनकार कर दिया था।

# राहुल गांधी लोकसभा में होंगे विपक्ष के नेता

- केसी वेणुगोपाल ने की घोषणा
- राहुल गांधी ने गिनाए थे दस मुद्दे

> कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। राहुल गांधी ने अंग्रेजी में शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने 'जय हिंद, जय संविधान' का नारा भी लगाया। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ही लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी है।

गौरतलब है कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिस पर राहुल गांधी ने कहा था कि विचार करेंगे। अब कांग्रेस ने उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस बीच राहुल गांधी संसद के पहले सत्र में सरकार पर लगातार हमलावर हैं। कांग्रेस नेता ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया। कहा, विपक्ष प्रधानमंत्री को बिना जवाबदेही बच कर निकलने नहीं देगा। राहुल गांधी ने सत्र के पहले दिन दस मुद्दे गिनाए थे, जिनमें राजग सरकार पहले 15 दिनों में विफल रही। ये मुद्दे थे- भीषण ट्रेन दुर्घटना, कश्मीर में आतंकी हमले, ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा, नीट घोटाला, नीट पीजी निरस्त, यूजीसी नेट का पेपर लीक, दूध, दाल, गैस, टोल और महंगे, आग से धधकते जंगल, जल संकट, लू में इंतजाम न होने से मौतें।

## अगले महीने रूस का दौरा करेंगे पीएम मोदी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी मॉस्को दौरे की भारत और रूस योजना बना रहे हैं। रॉयटर्स ने रूसी समाचार एजेंसी आरआईए के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। आरआईए के मुताबिक, एक राजनयिक सूत्र ने संकेत दिया कि पीएम मोदी जुलाई में रूस का दौरा करने वाले हैं। क्रेमलिन ने इससे पहले मार्च में घोषणा की थी कि मोदी को रूस आने का निमंत्रण मिला है। सूत्र ने इस बात की भी पुष्टि की कि पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक बैठक होने वाली है। पुतिन ने इस साल मई में लगातार पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। जबकि मोदी ने नौ जून को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति ने एक बयान में आम चुनाव में भाजपा की जीत पर पीएम मोदी को बधाई दी थी।

# लोकसभा चुनाव के स्पीकर का चुनाव आज

- लगातार तीन बार विधायक बने ओम बिरला
- कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल को हराकर पहुंचे संसद



**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को स्पीकर पद के लिए चुनाव होने जा रहे हैं। राजस्थान की कोटा संसदीय सीट से चुनकर आए भाजपा सांसद ओम बिरला का नाम एनडीए की तरफ से आगे किया गया है। विपक्षी गठबंधन ने भी अपना उम्मीदवार उतार दिया है। केरल से कांग्रेस सांसद के. सुरेश को गठबंधन का उम्मीदवार बनाया गया है। यदि, बिरला स्पीकर पद का चुनाव जीतते हैं तो वे इतिहास बना देंगे।

आज तक देश में कोई भी सांसद लगातार दो कार्यकाल में स्पीकर नहीं रहा है। इससे पहले ओम बिरला 17वीं लोकसभा में स्पीकर चुने गए थे। इसके बाद अब 18वीं लोकसभा में भी एनडीए में उनके नाम को लेकर सहमति बन चुकी है। उन्होंने नामांकन भी भर दिया है। एनडीएम के संख्या बल के हिसाब से ओम बिरला की जीत लगभग तय मानी जा रही है, यानी उनका लोकसभा स्पीकर बनने का रास्ता साफ नजर आ रहा है। ओम बिरला का संसदीय अनुभव भले ही लंबा नहीं रहा है, लेकिन वे 2003 से लेकर अब तक लगातार हर चुनाव जीतते आए हैं। साल 2003 में उन्होंने कोटा से पहला विधानसभा चुनाव लड़ा और जीते। इसके बाद 2008 में उन्होंने कोटा दक्षिण सीट से कांग्रेस के शांति धारीवाल को हराकर विधानसभा चुनाव जीता। तीसरा विधानसभा चुनाव भी उन्होंने कोटा दक्षिण से 2013 में जीता था। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ओम बिरला कोटा संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाया। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। 2019 में बिरला फिर से सांसद चुने गए और इस बार भाजपा ने उन्हें स्पीकर बनाकर सबको चौंका दिया। उनके पास भले लंबा संसदीय अनुभव नहीं था, लेकिन लोकसभा को जिस ढंग से उन्होंने चलाया उसकी सभी ने तारीफ भी की।

**शराब नीति केस**

## सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी थी राहत

# अरविंद केजरीवाल जेल में रहेंगे

**चाबुक**

- सीबीआई ने सीएम केजरीवाल को तिहाड़ से किया गिरफ्तार
- सीबीआई कोर्ट में आज करेगी पेश



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने सोमवार को तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल से पूछताछ की और आबकारी नीति मामले से संबंधित उनका बयान दर्ज किया।

सीबीआई को अरविंद केजरीवाल को कल संबंधित ट्रायल कोर्ट में पेश करने की अनुमति भी मिल गई है। उन्हें कल (बुधवार) कोर्ट में पेश किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय का भी बयान आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा की केंद्र सरकार कर बड़ी साजिश रच रही है। अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा फर्जी केस में गिरफ्तारी की साजिश रची जा रही है। भाजपा केंद्र सरकार ने सीबीआई के अधिकारियों के साथ बड़ी साजिश रची है। सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई से पहले बड़ी साजिश रची जा रही है। केजरीवाल को जमानत न मिले उसके लिए भाजपा सरकार ने सीबीआई के साथ साजिश रच रही है। दिल्ली की आबकारी नीति घोटाला अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा। इस दौरान निचली अदालत द्वारा दी गई जमानत के फैसले पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा दी गई जमानत को अनुचित बताया। हाईकोर्ट के फैसले पर असहमति जताते हुए आप अब सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को नई आबकारी नीति लागू करके सरकार के राजस्व में वृद्धि होने का दावा किया था। जुलाई, 2022 में दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव ने आबकारी नीति में अनियमितता होने के संबंध में एक रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंपी थी।

मुख्य सचिव की रिपोर्ट के आधार पर उपराज्यपाल ने नई आबकारी नीति (2021-22) के क्रियान्वयन में नियमों के उल्लंघन और प्रक्रियात्मक खामियों का हवाला देकर 22 जुलाई, 2022 को सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। इस पर सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी और सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था।



# ग्राम पंचायत कोटरा में लापरवाही की हदे पार गन्दगी के कारण सैकड़ो लोग बीमार

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** पसगवां ब्लाक के ग्राम पंचायत कोटरा में इन दिनों लापरवाही की हदे पार की जा रही है। नगरा गांव व हन्नखुदा में फैली गन्दगी इन दिनों सैकड़ों लोगो को बीमार कर रही है। गन्दगी में पनप रहे सैकड़ो मक्खी व मच्छर डेंगू व मलेरिया जैसी भयानक बीमारियों को दावत दे रहे है पर अफसोस अधिकारी व कर्मचारी इस पर मौन बने हुए है जिस पर ग्राम प्रधान की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणो में रोष व्याप्त है। लोग आए दिन बुखार से बीमार पड़े हैं। गांव में फैली गन्दगी बीमारी को बढ़ा रही है इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



गांव की नालियों में व्याप्त गन्दगी ग्रामीणों व उनके बच्चो को बीमार कर रही है। ग्रामीणों के घरों के आसपास नालियों में गन्दगी फैली हुई है। यही कारण है कि गांव में बीमारी फैल रही है। यह बात मंगलवार को नगरा व हन्नखुदा व कोटरा के ग्रामीणों ने मीडिया को कही। घरों के आसपास फैली गन्दगी से होने वाली बीमारियों की को लेकर ग्रामीण बेहद चिंतित है। गांव में फैली गन्दगी बीमारियों को आमंत्रण देने का काम कर रही हैं। गांव की नलियों में व्याप्त गन्दगी से फैल रही बीमारियां, पर इस ओर जिम्मेदारो का ध्यान नही है और न ग्राम प्रधान व सफाई कर्मचारी का कोई ध्यान है। नालियों में गन्दगी के साथ घास भी जम आई है यही नही इन्ही कारणों से कई नालियां चोंक होकर गन्दगी का अम्बार का माध्यम बन गई है। गन्दी नालियों से अनेक प्रकार की बीमारियां फेल रही है। ग्राम प्रधान रामौतार जो कोटरा के रहने वाले है। जो जेबीगंज में रहकर राजाओ की तरह प्रधानी कर रहे है, उनके पास न तो गांव की समस्या के लिए और न उसे सुनने का टाइम है और न ही गांव आने का, जेबीगंज में हवेली की तरह बने मकान में बैठकर राजाओ की तरह प्रधानी कर रहे है। वही सफाई कर्मी का नाम लाल बहादुर है, जिन्होंने की अब अपना यहां से ट्रांसफर करवा लिया है। अब साफ सफाई की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान रामौतार को दी गई है। कम से कम सात आठ महीनों से नही साफ हुई है नालिया। जिस की वजह से नालियों में घास भी बड़ी बड़ी जम गई है, गन्दी नालियों से परेशान ग्रामीण की सुनवाई प्रधान नही कर रहे। गन्दी नालियों से आ रही बदबू व फैल रही अनेको प्रकार की बीमारियां वही परेशान ग्रामीण की समस्या उन्ही के गांव के मुखिया नही कर रहे है।

## ओडीओपी में प्रशिक्षण लेने के लिए करें आवेदन

**लखीमपुर खीरी।** एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम के तहत दक्षता, कौशल विकास, उद्यमिता विकास प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना संचालित है। योजनान्तर्गत गुड उत्पाद एवं जनजातीय शिल्प (थारू कपट) से सम्बन्धित 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन बेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in पर यथा ट्रेड-गुड उत्पाद एवं जनजातीय शिल्प (थारू काफ्ट) से सम्बन्धित कारीगरों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 05 जुलाई तक निर्धारित हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि आवेदन ऑनलाईन ही मान्य होगा। आफलाईन आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगें। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, लखीमपुर-खीरी से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लक्ष्मीकान्त शुक्ल के निर्देश पर 13 जुलाई द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय और तहसील स्तर पर किया जाएगा। नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव योगेश कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि के सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले धारा-138 परकाम्य लिखित अधिनियम के वाद विद्युत एवं जल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद) राजस्व वाद, पारिवारिक वाद,व्यवहारिक वाद, उत्तराधिकार के वाद तथा अन्य वाद/प्रकरण अधिकाधिक संख्या में निस्तारित कियेजायेंगै, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाये। इसके अतिरिक्त समस्त वादकारियों से अपील है कि 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराकर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करें।

## अवैध गांजा सहित किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा अचाकापुर पेट्रोल पम्प के पास से 01 नफर अभियुक्त को 950 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार मु0अ0सं0 282/2024 धारा 8/20 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय रवाना किया गया।

## बकाया किस्तों की धनराशि 10 जुलाई तक जमा करें, अन्यथा आर0सी0 जारी कर की जाएगी कार्रवाई : महिमा

**रायबरेली।** जिला प्रबन्धक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने बताया कि प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम लखनऊ के द्वारा उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम टर्मलोन/मार्जिन मनी/ब्याज रहित एवं शैक्षिक योजना के अन्तर्गत स्वीकृत ऋण की वसूली नगण्य होने पर रोष व्यक्त करते हुए विशेष वसूली अभियान चलाकर वसूली करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने उपरोक्त ऋण लेने वाले सभी लाभार्थियों को सूचित किया है कि जिन्होंने अपने ऋण की किश्तें नियमित रूप से न जमा की हो अथवा उनकी कई किस्तें जमा करने हेतु बकाया हो वह अपनी समस्त बकाया किस्तों की धनराशि 10 जुलाई 2024 तक अनिवार्य रूप से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर रायबरेली में किसी भी कार्य दिवस में आकर जमा कर दें अथवा निगम के बैंक ऑफ बडौदा शाखा हांथी पार्क रायबरेली के खाता सं0 00520100005472 में जमा करते हुए जमा रसीद की कापी कार्यालय में उपलब्ध करा दें। अन्यथा की स्थिति में बकाये का भू-राजस्व की भांति वसूली हेतु उनके विरुद्ध तुरन्त आर0सी0 जारी करने की कार्यवाही कर दी जायेगी इसके लिए लाभार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में नये उद्योग स्थापित करने के लिए करें आवेदन

**रायबरेली।** जिला ग्राम उद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ऋण हेतु आवेदको से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है इस योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में नये उद्योग स्थापित कर रोजगार के अवसर सृजित किया जाना है। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना मे अधिकतम रू0 10.00 लाख तक के ऋण बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराने का प्राविधान है, जिसमें बैंको से प्राप्त ऋण पर एवं उद्योग स्थापित करने पर सामान्य पुरूष वर्ग को बैंक द्वारा स्वीकृत/वितरित ऋण पर शासन से मात्र टर्म लोन (पूंजीगत ऋण) पर ही (कार्यशील पूंजी को छोड़कर) 4 प्रतिशत ब्याज उद्यमी द्वारा वहन किया जायेगा। शेष ब्याज ब्याज उपादान के रुप मे विभाग द्वारा दिया जायेगा तथा आरक्षित वर्ग (अनु0जाति/अनु0जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ अल्पसंख्यक/महिला/भू0पू0 सैनिक/दिव्यांग व्यक्तियो को समस्त ब्याज की धनराशि ब्याज उपादान के रुप मे शासन से मात्र टर्म लोन (पूंजीगत ऋण) पर ही (कार्यशील पूंजी को छोड़कर) अनुमन्य है। कुल परियोजना लागत मे सामान्य पुरुष वर्ग को अपना स्वंय का अंशदान 10 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग (अनु0जाति/अनु0जन जाति/अन्य पिछडा वर्ग/अल्पसंख्यक/ महिला/भू0पू0सैनिक/दिव्यांग व्यक्तियो को स्वंय अंशदान 5 प्रतिशत लगाना होगा। अतः ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष हो, जिन्होने पूर्व में स्थापित प्रोजेक्ट मे जिला उद्योग केन्द्र अथवा खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग लखनऊ एवं खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से किसी भी योजना मे पूर्व मे ऋण/अनुदान प्राप्त नही किया गया हो इस योजना मे ऋण हेतु विभाग की वेबसाइट https://upkvib.in/mmgrye-portal पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। लाभार्थियो को कम से कम कक्षा 8 उर्तीण होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय पुरानी तहसील रायबरेली मे किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो0 न0 7408410810 तथा आनन्द कुमार मो0-8318013131 पर सम्पर्क कर सकते है।

## जनपद में लगाए जाएंगे 3452780 पौधे: जिलाधिकारी

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिए कि जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए। पौधरोपण में सहजन, आंवला, कटहल, नींबू, चीकू, अमरूद आदि के पेड़ों को प्राथमिकता दी जाए। जनपद में 3452780 पौधो के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए पौधो का ढुलान समय से सुनिश्चित कराया जाये। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला गंगा, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में वृहद् पौधरोपण अभियान-2024-25 की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ डीएम द्वारा पर्यावरण सुरक्षी सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डॉ.दिनेश चंद्र ने बताया कि जनपद स्तर पर प्रत्येक विभाग में विभागीय अधिकारियों व जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। सभी नोडल अधिकारी जनपद स्तर पर अग्रिम मृदा कार्य, वृक्षारोपण एंव रखरखाव हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही वृक्षारोपण हेतु पौधों का ढुलान समय पर सुनिश्चित कराएं। विभागों में 01 जुलाई से 07 जुलाई-2024 में वन महोत्सव का आयोजन कराया जाए। पेड लगाओं पेड बचाओं जन-अभियान 2024 के अन्तर्गत किये जा रहे अग्रिम मृदा कार्य का निरीक्षण करते रहें। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिए कि जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए। पौधरोपण में सहजन, आंवला, कटहल, नींबू, चीकू, अमरूद आदि के पेड़ों को प्राथमिकता दी जाए। जनपद में 3452780 पौधो के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमे से वन विभाग का लक्ष्य 108500 एवं अन्य विभागों का 3344280 पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों संग की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य, उ0प्र0 सुरेंद्र कुमार खन्ना का आगमन जनपद में हुआ। लोक निर्माण विभाग स्थित निरीक्षण गृह में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके उपरांत निरीक्षण गृह के कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी भावना श्रीवास्तव से उन्होंने वित्त संबंधी कार्यों की जानकारी ली और उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि लेखा संबंधी कार्य समय से पूरे किए जाएं। साथ ही पेंशनरों को उचित समय पर पेंशन दी जाए और उनकी समस्याओं का गुणवत्ता परक निस्तारण कराया जाए।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी के अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माह अगस्त में अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क गेहूँ व चावल खाद्यान्न होगा वितरण: डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि खाद्य आयुक्त के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह अगस्त, 2024 हेतु आवंटन चार्ट के अनुसार नियमित खाद्यान्न का आवंटन निर्गत किया गया है। एन0आई0सी0, उ0प्र0 की ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार जनपद रायबरेली में अन्त्योदय अन्न योजना के 101913 राशनकार्डों (341210 यूनिट) एवं पात्र गृहस्थी योजना के 458915 राशनकार्डों से सम्बद्ध 1910367 यूनिटों हेतु कुल 13118.790 मी0टन गेहूँ एवं चावल खाद्यान्न का आवंटन किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों, जिला पूर्ति अधिकारी एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी, रायबरेली को निर्देश दिये है कि शासन एवं खाद्यायुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए माह अगस्त, 2024 (उठान माह जुलाई, 2024) हेतु उपर्युक्तानुसार नगर निकायवार/विकास खण्डवार निर्गत गेहूँ व चावल के आवंटन का दुकानवार आवंटन/ब्रेकअप निर्गत करते हुए, समयान्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का नियमानुसार उठान/निर्गमन कराना सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद रायबरेली में अन्त्योदय अन्न योजना के 101913 राशनकार्ड/परिवार हैं, जिसमें सम्बद्ध यूनिटों/लाभार्थियों की संख्या 341210 है। पात्र गृहस्थी के अन्तर्गत 458915 राशनकार्ड/परिवार हैं, जिसमें सम्बद्ध यूनिटों/लाभार्थियों की संख्या 1910367 है। इस प्रकार जनपद में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी के कुल राशनकाडों की संख्या 560828 है, जिसमें सम्बद्ध यूनिटों/लाभार्थियों की संख्या 2251577 है। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्यायुक्त के आवंटन आदेश के अनुसार नगर निकायवार/ विकास खण्डवार प्रचलित राशनकार्डों एवं उनसे सम्बद्ध यूनिटों के आधार पर निर्धारित मानक के अनुसार आवंटन/ब्रेकअप तैयार किया गया है। जिलाधिकारी ने खाद्यायुक्त से प्राप्त आवंटन के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं कि आवंटन माह अगस्त, 2024 (उठान माह जुलाई, 2024) में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थियों के लिये जनपदवार आवंटन के अनुसार खाद्यान्न का उठान एवं वितरण सुनिश्चित किया जायेगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत जनपद में प्रति कार्ड धारक 14 किग्रा गेहूँ व 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किग्रा) खाद्यान्न का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के जनपद के समस्त पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के अन्तर्गत आने वाले समस्त व्यक्तियों को 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 किग्रा0) खाद्यान्न प्रति व्यक्ति निःशुल्क वितरित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार आवंटित खाद्यान्न का उठान एवं वितरण सुनिश्चित किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में निर्धारित गुणवत्ता के खाद्यान्न का ही उठान एवं वितरण किया जायेगा। प्रत्येक दशा में यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि खाद्यान्न का डाइवर्जन या कालाबाजारी आदि न हो। भारत सरकार के पत्र में वर्णित नियम एवं शर्ते यथावत लागू होंगे। खाद्य आयुक्त के कार्यालय पत्र 30 मई 2024 द्वारा जारी आवंटन उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

# बाल विवाह एवं भिक्षावृत्ति पर पूरी तरह से लगाएं रोक: अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ.देवेन्द्र शर्मा ने मिशन वात्सल्य योजना की जानकारी प्रदान करते हुए मण्डल में बाल विवाह की रोकथाम, बाल श्रम की रोकथाम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण पर पूणरूप से रोक लगाने हेतु मण्डल के सभी अधिकारियो को कड़ाई से निर्देशित किया तथा अभियान चलाकर जनसामान्य को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होने मण्डल के सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर बच्चों को नशा मुक्त करने का प्रयास करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये तथा रेस्क्यू किये गये सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ.देवेन्द्र शर्मा आज सर्किट हाउस सभागार में विभिन्न विभागों के मण्डलीय अधिकारियों के साथ मण्डलीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र, मुख्य



विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मुजफ्फरनगर गजेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से माँ शाकुम्भरी का चित्र एवं अंगवस्त्र भेंटकर अध्यक्ष डॉ.देवेन्द्र शर्मा का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर 'एक युद्ध-नशे के विरुद्ध' संचालित अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि नशा छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे की मुस्कान को समाप्त कर रहा है। जाने अनजाने में किया जा रहा नशा बच्चों का भविष्य खराब करने के साथ ही आगे चलकर क्राइम को भी बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। हम सभी को चाहिए कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए नशे के कारोबार का समूल खात्मा कराएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के आसपास धूम्रपान की दुकानें ना लगें। बाल विवाह एवं भिक्षावृत्ति पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। उन्होंने विद्यालयों में प्रहरी क्लब बनाकर नशे के बारे में जनजागृति लाए जाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बच्चों एवं महिलाओं के भविष्य के प्रति काफी संवेदनशील हैं। कोरोना संक्रमण काल से प्रभावित बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का संचालन के तहत जनपद में बच्चों के लालन-पालन के लिए 4000 प्रति माह अभिभावकों के खाते में भेजे जा रहे हैं। कन्या सुमंगला योजना में बेटियों को 25000 की धनराशि का लाभ दिया जा रहा है। अप्रिय दुर्घटना से प्रभावित बच्चियों को रानी लक्ष्मीबाई योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के सहयोग एवं जागरूकता के माध्यम से हम सभी को चाहिए कि नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान होनी चाहिए।

# मांगों के निराकरण को लेकर वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने दिया धरना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमे काफी संख्या मे पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ से जुडे कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें। पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार बाटला ने बताया कि आज 9 सूत्रीये मांगों को लेकर पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होने कहा कि आज भी सम्बंधित अधिकारी से बातचीत की गई। जिसमे हम सात दिन का आश्वासन दिया गया। उन्होने कहा कि वह कर्मचारियो की समस्याओ से सम्बंधित मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन कर चुके है और यदि आश्वासन के बाद भी उनकी मांगो पर ध्यान ने देकर पूरा नही किया जाता है तो उनको आन्दोलन करने को मजबूर होना पडेगा। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार बाटला ने कहा कि किसी भी सूरत मे कर्मचारियो को शोषण बर्दायत नही किया जायेगा। चाहे उसके लिये बडा आन्दोलन क्यो न करना पडे। उन्होने कहा कि सभी मांगे कार्यालय संबंधी हैं और इससे सभी को लाभ होगा और इन मांगों को हमारे अधिकारी ही पूरा कर सकते हैं।

# फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाने समेत कई मांगों को लेकर किसान गरजे

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भाकियू वर्मा व पश्चिमी प्रदेश मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में किसान एकत्र होकर जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य होने के कारण पूरा प्रदेश गरीबी, मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व अव्यवस्था की चपेट में है। शिक्षा व चिकित्सा में बेहतर सुविधा के लिए उप्र का विभाजन जरूरी है। किसानों व गरीबों की समस्याओं का हल भी उप्र के विभाजन से सम्भव है। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पउप्र के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण कराया जाये, देश के अन्नदाता किसानों को उनकी फसलों का



लाभकारी मूल्य दिलाया जाये, देश के किसानों के सभी कर्ज समाप्त कराये जाये, एम.एस.पी. को लाभकारी बनाकर गारन्टी कानून बनाया जाये, मनरेगा योजना को सीधा खेती से जोडकर किसानों को मजदूर उपलब्ध कराये जाये, उप्र व देश के गन्ना किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य 600 रूपये प्रति कुन्तल दिलाया जाये, गन्ना किसानों को चीनी मिलों से 14 दिन के अन्दर गन्ना भुगतान व ब्याज दिलाया जाये, 58 वर्ष से अधिक उम्र के किसानों व मजदूरों को 10 हजार रूपये वृद्धावस्था पेंशन दिलायी जाये, डीजल, पैट्रोल व गैस के दाम कम किये जाये, देश के सभी हाईवों व सडकों से टोल टैक्स समाप्त कराये जाये, देश के सभी हाईवों व सडकों पर कम से कम 4 करोड पेड लगाये जाये, हाईवे व रेलवे कोरिडोर से किसानों को चकरोड व रास्ते दिलाये जाये। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल, राष्ट्रीय सलाहकार हाफिज मुर्तजा त्यागी, डॉ.अशोक मलिक समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अतिक्रमण की शिकायतों पर दिए स्थलीय निरीक्षण के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान आई नाली सफाई की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई कराते हुए शिकायत का निस्तारण कराया गया। जबकि अतिक्रमण सम्बंधी आयी दो शिकायतों पर प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। आज जनसुनवाई में सात शिकायतें आयी। दस लोगों ने नाली, सड़क व पुलिया आदि निर्माण की मांग की। निर्माण सम्बंधी प्रार्थना पत्रों पर सम्बंधित अवर अभियंताओं को स्थलीय निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने को कहा गया। जनसुनवाई के दौरान वार्ड 4 पंत विहार निवासी एस एस रावत ने पंत विहार में नालियों से अतिक्रमण हटाने तथा वार्ड 49 पुराना चिलकाना अड्डा निवासी विकास सैनी ने पुराना चिलकाना बस अड्डे से एक मदरसे द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की। जिस पर अपर नगरायुक्त एस के तिवारी ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ताओं को बताया गया कि उसके उपरांत ही कार्रवाई की जायेगी। वार्ड 33 अर्जुन नगर दिल्ली रोड निवासी ब्रज मोहन ने नालियों की सफाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर तुरंत क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई कर्मियों को भेजकर सफाई कार्य कराया गया। वार्ड 25 अभिषेक नगर निवासी हेमलता ने गृहकर-जलकर माफ करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर सम्बंधित क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। उसके उपरांत ही नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त एस के तिवारी व मृत्युंजय के अलावा सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पीडब्लूडी व निगम ने अतिक्रमण चिह्नित कर लगाये निशान

# महापौर ने रणजीत नगर का किया था दौरा, अधिकारियों को दिए थे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** ढमोला पुल के निकट रणजीत नगर व लिंक रोड पर पीडब्लयूडी और नगर निगम की टीम ने आज नापतौल की और अतिक्रमण चिह्नित कर लाल निशान लगाए। चिह्नांकन फइनल हो जाने के बाद पीडब्लूडी से रिपोर्ट आने पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने का काम शुरु किया जायेगा।

क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर करीब एक पखवाड़ा पूर्व महापौर डॉ. अजय कुमार ने क्षेत्रीय पार्षद मनोज प्रजापति को साथ लेकर रणजीत नगर व लिंक रोड का दौरा किया था। महापौर उस समय ये देखकर हैरान रह गए थे कि लोगों ने सर्विस लेन के ऊपर ही लिंटर डालकर गोदाम बना लिए है तथा कुछ लोगों ने सड़क पर लम्बे चबूतरे बना लिए है। महापौर ने अधिकारियों को उक्त अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। चूंकि उक्त रोड पीडब्लडी की है, अतः महापौर डॉ. अजय कुमार के आदेश के प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में पीडब्लूडी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने रणजीत नगर पहुंचकर सड़क की नाप तौल की और



अनुपालन में नगर निगम द्वारा पीडब्लूडी को अतिक्रमण चिह्नांकन के लिए पत्र लिखा गया था, ताकि चिह्नांकन के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा सके। उसी क्रम में आज नगर निगम के अतिक्रमण अतिक्रमण का चिह्नांकन करते हुए लाल निशान लगाये। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि पीडब्लूडी से चिह्नांकन फइनल होने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी।

## चिकित्सक को चाकू से गोदने वाला आरोपी गिरफ्तार



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उधारी के रुपए मांगने पर जान से हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर दत्त निवासी डॉक्टर राजेंद्र सिंह पुत्र सीताराम पर रविवार की रात चाकू से जानलेवा प्रहार करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना अध्यक्ष मिनेश पचौरी की सक्रियता के चलते पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने चाकू भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अमृतपुर पुलिस द्वार आरोपी नैतिक उर्फ शिवा पुत्र ओंकार निवासी करनपुरदत्त थाना अमृतपुर के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## अपने दायित्वों का निर्वहन करें: जिलाधिकारी



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ तहसील सदर परिसर में स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस की वाह्य, आन्तरिक सुरक्षा का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से कहा कि पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति वेयर हाउस परिसर में प्रवेश न करें, सी.सी.टी.वी. कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहें। उन्होने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से कहा कि अपनी-अपनी शिफ्ट में समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें, वेयर हाउस के चारों ओर घूमकर निगरानी की जाये, परिसर में कहीं भी गदंगी न रहे, नियमित रूप से परिसर की सफाई हो, वेयर हाउस की लॉगबुक, पंजिका अद्यावधिक रखी जाये, परिसर में कोई भी कर्मी, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी ज्वलनशील पदार्थ, बीड़ी-माचिस आदि लेकर प्रवेश न करें।

## हाईटेंशन तार के नीचे हो रहा अतिक्रमण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के महावीर जुट मिल सहजनवा के पास हाईटेंशन तार के नीचे करीब आधा दर्जन लोगो द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा था। जिसको देखते हुए अवर अभियंता 33/11केवी विद्युत गीडा रामजनक सिंह ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। आरोप लगाया है की महावीर जुट मिल के पास हाईटेंशन तार गुजरा हुआ है। जिसकी लाईन कम दूरी पर स्थित है। करीब आधा दर्जन लोगो द्वारा हाईटेंशन तार के नीचे अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करा लिया है। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। अवर अभियंता ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। इस संदर्भ में अधीक्षण अभियंता विद्युत रमेश कुशवाहा ने कहा की जो लोग हाईटेंशन तार के नीचे कब्जा कर रखा है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

## विवाहिता नकदी और गहने लेकर प्रेमी संग फरार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर निवासी एक विवाहिता ससुराल से नकदी और गहने लेकर फरार हो गई है। पीड़ित पति ने पत्नी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। मिली जानकारी से विवाहिता की शादी 4 वर्ष पूर्व कालेसर निवासी एक युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद विवाहिता कई बार ससुराल से फरार हो जाती थी। सोमवार को भोर में 5 बजे वह घर में रखा अंगूठी,चैन,झुमका,पायल, कर्धन मांगटीका, तथा घर में रखा 13 हजार रुपया लेकर फरार हो गई। खोजबीन के बाद कुछ पता नही चला। पीड़ित पति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय ने कहा की शिकायत मिलने पर जांच करा कर कारवाई की जायेगी।

## चार के खिलाफ दर्ज एससी/एसटी का मामला

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के पाली निवासी सुधीर कुमार पुत्र राम किशन सोमवार को सुबह 10.30 बजे पीड़ित जा रहा था। रास्ते में अकेला पाकर आरोपियों ने उसे घेर लिया। और जातिसूचक गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। और सिर को फोड दिया था। और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गुड्डू यादव,नीतीश उर्फ निक्कू, अंजली देवी,मुन्ना उर्फ सुरज के खिलाफ एससी/ एसटी,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में शिक्षक की मृत्यु पत्नी समेत दो लोग गम्भीर रूप से घायल

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बाइक से शिक्षक पति के साथ त्रयोदशी में जा रही भाजपा महिला मोर्चा की नगर महामंत्री की बाइक में दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक पति की मृत्यु हो गई वहीं नगर महामंत्री गंभीर रूप से घायल हुई। महिला व दूसरे बाइक सवार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। शिक्षक की मृत्यु होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुरखीबाल निवासी प्रेम कुमार झा (50) पुत्र लल्लू राम झा छत्रसाल इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। उनकी पत्नी संगीता झा (46) भाजपा महिला मोर्चा की नगर महामंत्री हैं। शाम करीब सात बजे वह चरसौनी गांव में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पत्नी संगीता के साथ बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह नगर से उरगांव रोड के पास पहुंचे तभी मोड़ के पास ही हथना बुजुर्ग गांव निवासी जितेंद्र कुमार बाइक लेकर सामने से आ रहा था। मोड़ के पास दोनों बाइकों में आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सीएचसी पहुंचाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रेम कुमार की मृत्यु हो गई।

# डिप्टी सीएम ने चार मेडिकल कॉलेजों में किया सिटी स्कैन सेंटरों का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने लाल बहादुर शास्त्री भवन के चतुर्थ तल स्थित सभागार से प्रदेश के 04 जनपदों अयोध्या, बहराइच, प्रतापगढ़, सहारनपुर के चिकित्सा महाविद्यालयों में सीटी स्कैन सेन्टर का वर्चुअली लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवीन सिटी स्कैन सेंटर आम जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। राज्य सरकार द्वारा सभी जनपदों में मेडिकल कालेजों की स्थापना से जहां एक ओर जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा मिल रहा है, वहीं दूसरी तरफ पठन-पाठन के लिए मेडिकल व पैरामेडिकल छात्रों को अधिक अवसर मिल रहा है। इससे प्रदेश को कुशल चिकित्सकीय मानव संसाधन व युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिलेगा। सीटी स्कैन सेन्टरों की स्थापना से जनसामान्य को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सकेगा। उप मुख्यमंत्री ने चारों महाविद्यालयों के चिकित्सकों से अनुरोध किया कि वे सभी मरीजों से सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करें तथा लावारिस मरीजों को अपना परिजन मानकर देखभाल व उपचार करें। राज्यमंत्री चिकित्सा शिक्षा श्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा श्रीमती किंजल सिंह, विशेष सचिव श्री देवेन्द्र सिंह कुशवाहा सहित अन्य विभागीय अच्छाधिकारी उपस्थित थे तथा स्वशासी महाविद्यालय अयोध्या, बहराइच, प्रतापगढ़ व राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सहारनपुर के प्राचार्य, शिक्षक व छात्र वर्चुअल जुड़े थे।

## शीघ्र उपलब्ध होगी यात्रियों के लिए मार्गदर्शी व मास्टर एप: मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा मार्गदर्शी एप शीघ्र ही लॉन्च किया जाएगा। इसके माध्यम से यात्री अपने निकटतम बस स्टॉप की जानकारी ले सकते हैं या किसी भी दो बस स्टॉप के बीच में चलने वाली बसों की लाइव जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप से बसों का लोकेशन उनकी स्पीड, कितने बजे वह किस स्थान से पास हुई है, यह सारी जानकारी मिल सकती है। इसमें डिजिटल पैनिक बटन भी लगा हुआ है, जिसका इंटीग्रेशन डायल 112 से किया जा चुका है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इस ऐप के द्वारा यात्री विभाग को फीडबैक भी दे सकते हैं या अपने शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यात्री किसी भी बस का लाइव ट्रैकिंग कर सकते हैं। विभाग ने इसके पूर्व 4 मार्च, 2023 को यूपी राही ऐप का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया गया था। इसके एक लाख डाउनलोड किए जा चुके हैं। इस ऐप के माध्यम से यात्री टिकट बुकिंग की सुविधा का उपयोग कर सकते थे। परिवहन मंत्री ने बताया कि एक अन्य मास्टर ऐप भी शीघ्र शुरू किया जायेगा, जिसमे यूपी राही एवं मार्गदर्शी ऐप का इंटीग्रेशन शीघ्र किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके द्वारा दोनों ऐप की सभी सुविधाएं एक ही ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मार्गदर्शी ऐप के अंतर्गत स्पेशल सर्विसेज की सुविधा भी है, जिसमें विशेष आयोजन जैसे कुंभ मेला इत्यादि में चलने वाली बसों के बारे में यात्रियों को जानकारी मिल सकती है।

## राजनीति के चक्कर में हेडपंप रिवोर के लिए पड़ा, ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरसते

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** गर्मी के महीना में अगर



किसी चीज की सबसे अधिक आवश्यकता होती है तो वह होता है पानी। पशु पक्षी पेड़ पौधे और खेती किसानी करने वाले किसानों से लेकर जनमानस को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। ग्राम पंचायत में पानी की आपूर्ति करने के लिए सफेद हाथी के रूप में पानी की टंकियां बनवाई गई और करोड़ों रुपए जल निगम द्वारा डकार लिये गए। इसी जल निगम ने प्रत्येक गांव में हैंडपंप भी लगवाए। जिनकी लागत 25 हजार से 40 हजार रुपए के बीच आती है। परंतु इन लगे हुए हैंडपंपों की तरफ ग्राम पंचायत से लेकर जल निगम तक किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। विकासखंड राजेपुर के गांव रामपुर में इंद्रजीत के मकान के सामने लगा हैंडपंप इस बात की गवाही दे रहा है कि जल निगम और ग्राम प्रधान कितने लापरवाह बने हुए हैं। इन्हें अपनी ग्राम पंचायत में रहने वाले लोगों की सुख सुविधा से कोई सरोकार नहीं है। जिस हैंडपंप से मोहल्ले के लोग पानी लेकर अपनी जरूरत पूरी करते हैं वह नाली के पास खराब स्थिति में लगा हुआ है। गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि प्रधानी के चुनाव में वोटो की राजनीति को लेकर ग्राम प्रधान द्वारा नल को रिवोर नहीं कराया जा रहा है। इस नल के रिबोर हो जाने से मोहल्ले के तमाम लोगों को पानी मिल जाता है। परंतु अब यह नल नाली के ऊपर लगकर खराब स्थिति है। गांव के लोगों ने इस नल को रिवोर कराए जाने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने घाघरा नदी एवं छोटी गंडक नदी पर किया बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज अपराह्न घाघरा नदी तथा छोटी गंडक नदी पर बाढ़ नियंत्रण खंड द्वारा निर्मित दो कटानरोधी परियोजनाओं का निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि मॉनसून आगमन से पूर्व सभी परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया जाए। तटबंधों की सतत निगरानी की जाए। यदि कहीं सीपेज, रेट होल अथवा साही की मांद दिखे तो उसे तत्काल सही करा लिया जाए। बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी गतिविधियों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी आज अपराह्न सर्वप्रथम घाघरा नदी के बाएं तट पर निर्मित तुर्तीपार चुरिया तटबंध के किमी 9.400 से 13.600 के मध्य तटबंध की पुनर्स्थापना कार्य का निरीक्षण किया। उक्त परियोजना 2 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत की है। जिसका लाभ 18 गांव के 32,914 निवासियों को होगा। डीएम ने तटबंध के स्लोप के ठीक नीचे कतार में वृक्षारोपण कराने का निर्देश दिया। आगामी जुलाई माह में होने वाले पौधारोपण अभियान के अंतर्गत उक्त साइट पर 3000 से अधिक अर्जुन के पौधे रोपे जाएंगे। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सलेमपुर तहसील के अंतर्गत छोटी गंडक नदी के दाएं तट पर स्थित ग्राम बनकटा दीक्षित को नदी कटान से सुरक्षित रखने के लिए 350 मीटर लंबाई के कटान निरोधक कार्य एवं पूर्व निर्मित तीन डेम्पनर (स्टोन बोल्डर) के मरम्मत कार्य की परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय परियोजना का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण पाया गया। एक करोड़ 50 लाख रुपए की लागत संदर्भ में इस परियोजना से तीन गांव के 1500 लोगों को बाढ़ से सुरक्षा मिलेगी। डीएम ने स्थानीय निवासियों से संवाद भी किया और पूर्व के वर्षों में आए बाढ़ के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की।

## राम नगरी अयोध्या में पर्यटन थाना स्थापित करने का प्रस्ताव

**लखनऊ।** राम नगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी सुरक्षा, मार्गदर्शन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सहयोग एवं असमाजिक तत्वों से बचाव के लिए अयोध्या में राम मंदिर के आस-पास एक पर्यटन पुलिस थाना स्थापित करने के लिए पर्यटन निदेशालय को प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इस प्रस्ताव का परीक्षण करके गृह विभाग तथा अन्य शासकीय विभागों से आवश्यकतानुसार सहमति प्राप्त की जायेगी। इसके पश्चात इस दिशा में अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। यह जानकारी आज यहां पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन थाना अयोध्या स्थित पर्यटन शाखा केन्द्र के लिए सुझाव दिया गया है। इस पर्यटन थाने में कम से कम 10 आरक्षी पुरूष तथा 02 महिला आरक्षी पर्यटन पुलिस एवं 01 सब-इंस्पेक्टर की तैनाती प्रस्तावित की गयी है। यह प्रस्ताव उप निदेशक पर्यटन अयोध्या द्वारा दिया गया है।

## जिला उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने डीएम को दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बॉबी मिश्रा और अलंकार करता हूं उन्हें अन्य कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट डॉक्टर संजय सिंह को ज्ञापन दिया जिसमें उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश में नजूल संपत्तियों के अधिग्रहण संबंधी 7 मार्च 2024 के अध्यादेश के लोकहित में न होने के कारण इसको वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि नजूल संपत्तियों को फ्री होल्ड किया जाए। इस अध्यादेश को लेकर पूरे प्रदेश के व्यापारी उद्यमी व समाज के सभी वर्गों के लोगों में चिंता व रोष व्याप्त है क्योंकि 100 वर्षों से अधिक समय से पूरे प्रदेश में नजूल संपत्तियों का उपयोग समाज के विभिन्न वर्गो व्यापारिक औद्योगिक राशि के उद्देश्य से किया जा रहा है। व्यापार मंडल इस अध्यादेश का विरोध करता है क्योंकि लोकहित में यह नहीं है नजूल संपत्तियों के अधिग्रहण करने से जहां व्यापार और उद्योग पर विपरीत असर होगा। पीडिया से रह रहे लोगों को आवास की समस्या भी उत्पन्न होगी। व्यापार मंडल काफी समय से अनुरोध करता है कि अध्यादेश को वापस लिया जाए।

## एसीएमओ ने जेल के भोजनालय और चिकित्सालय का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर रंजन गौतम द्वारा जिला जेल फतेहगढ़ के चिकित्सालय, जेल के भोजनालय, कौशल विकास केंद्र और सांसद की निधि से जेल में स्थापित बेकरी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। जेल चिकित्सक को बंदियों के उपचार के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जेल के फाइव स्टार भोजनालय की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। रोटी, कद्दू की सब्जी, दाल को अपने सामने बनते देखा। रोटियां खा कर स्वयं चेक की। भोजन की क्वालिटी, भोजनालय की सफाई व्यवस्था की जमकर प्रशंसा की गई । बेकरी के बिस्कुट खा कर चेक किए। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि जेल बेकरी में निर्मित बिस्कुट आम जनता के लिए जेल उत्पाद बिक्री केंद्र पर उपलब्ध है। बिक्री बढ़ाने और बंदियों को रोजगार देने के लिए और अधिक प्रयास किए जा रहे है। उत्तर प्रदेश की अन्य जेलों में अवस्यकता के अनुसार बिस्कुट खपत के प्रयास किए जा जा रहे। जेल में निर्मित बिस्कुट की मुख्य बात ये है कि बिस्कुट में मैदा का प्रयोग नहीं किया गया है। जेल निर्मित बिस्कुट पूर्ण रूप से मैदा रहित है। जेल बिस्कुट में गैंहू आटा और मक्का आटा का प्रयोग किया जा रहा है। शीघ्र ही अन्य उत्पाद भी बनाए जायेंगे।

# डकोर पुलिस ने हाईवे पर लूट करने वाले तीन शातिर बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** डकोर कोतवाली पुलिस ने उरई राठ हाईवे पर चेकिंग के दौरान तीन अंतर्जनपदीय शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त विवरण के अनुसार डकोर कोतबाली प्रभारी राजेश पाल अपने हमराह पुलिस जवानों के साथ राठ जाने बाले हाईवे पर चैकिंग कर रहे थे, तभी मुखविर ने सूचना दी कि कुछ लोग राठ जाने बाले हाईवे पर अवैध असलहों के साथ आने जाने बाले लोगों के साथ रंगदारी जैसी घटना करने का प्रयास कर रहे हैं।

इस जानकारी पर पुलिस ने दविश देकर अभियुक्ततों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया तो अभियुक्ततों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की। आत्म रक्षार्थ पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें दो अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गए। एक अभियुक्त ने सरेंडर कर दिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दो अन्य अभियुक्त भागने में सफल हो गये। गिरफ्तार किए गए अभियुक्ततों के पास से पुलिस ने अवैध शस्त्र, जिंदा व खाली खोखा कारतूस और दो मोटरसाइकिल बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्ततों में नरेंद्र पाल पुत्र शंकर पाल निवासी ग्राम बपरेधा थाना चरखारी जनपद महोबा, गोली लगने से घायल हुए अभियुक्त विवेक पुत्र दिलीप सिंह निवासी ग्राम सिकरौंधा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर, वीरसिंह पुत्र सतगुरु निवासी ग्राम सिमिरिया थाना डकोर जनपद जालौन, को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। अभियुक्त निखिल पुत्र दीपक दोहरे निवासी सुंदरपुर रिधौरा थाना रेंडर जनपद जालौन हाल निवासी लहार जनपद भिंड मप्र भागने में सफल हो गए ।गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूंछतांछ में बताया कि हमलोग जनपद में मौरंग परिवहन करने बाले ट्रक, डम्फर चालकों के साथ डरा धमकाकर रुपयों की वसूली करते हैं। विगत 23/24 जून 2024 की रात्रि में भी सभी साथियों द्वारा थाना डकोर क्षेत्रान्तर्गत डम्फर चालकों द्वारा रुपये न देने पर उनके साथ मारपीट की घटना की गई थी। पुलिस नेगिरफ्तार तीनो अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है।

# नगर आयुक्त ने प्रातःकाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** बरसात के दृष्टिगत नगर निगम गोरखपुर द्वारा शहर के नालों के सफाई कार्य का नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया गया। साथ ही अमृत योजना के तहत महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर 1 के भैरोपुर पोखरा पर निर्माणाधीन अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया गया।

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने देवरिया बाईपास रोड पर सेंट्रल एकेडमी स्कूल के पीछे एवं मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज रोड के आगे रोड पर चल रहे नाला सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दोनों स्थानों पर बड़ी पोकलेन मशीन द्वारा नाले से सिल्ट निकाला जा रहा था. नगर आयुक्त द्वारा सफाई निरीक्षक को नाले की तल्लीझाड़ सफाई कराने एवं निकले हुए सिल्ट/प्लास्टिक को तत्काल हटवाने हेतु निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने भैरोपुर पोखरा का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता संजय चौहान, अधिशासी अभियंता अशोक भाटी, सहायक अभियंता एनडी पांडे, अवर अभियंता अवनीश भारती एवं संबंधित ठेकेदार तथा अन्य उपस्थित थे. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पोखरे के रिटेनिंग वॉल एवं घाट का निर्माण कार्य चल रहा है। अमृत योजना के तहत एक करोड़ 96 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या एक महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर 1 में स्थित भैरोपुर पोखरा को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां पर घाट, आसपास के लोगों को टहलने के लिए ट्रैकिंग पाथ, ओपन जिम, बाउंड्री वॉल तथा आसपास पेड़ आदि लगाए जाएंगे. नगर आयुक्त ने अमृत सरोवर के निर्माण कार्य को जुलाई माह के अंत तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## पुलिस ने छह के खिलाफ दर्ज किया केस

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के कुरमौल निवासी संदीप कुमार पुत्र सोहन लाल जो मजदूरी करता है। 23 जून को ईट धोलाई का पैसा मांगा तो आरोपी गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने प्रदीप भारती, प्रीती भारती के खिलाफ के दर्ज कर लिया है। गीडा थाना क्षेत्र के बनगावा निवासी जितेंद्र कुमार मौर्य पुत्र जंग बहादुर दुकान चलाता है। आरोपी चाचा से विवाद कर रहा था। विरोध किया तो मारपीट कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने चंद्रेश पासवान के खिलाफ मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। आशीष बरनवाल पुत्र रविंद्र बरनवाल निवासी चैनपुर महुआ सिंह जिला देवरिया जो गीडा सेक्टर 13 में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। 23 जून की रात्रि में 9.30 बजे आरोपी कालेसर माडल शाम पर मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने रोहित पासवान निवासी कालेसर के खिलाफ मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। सहजनवा थाना क्षेत्र के माडर निवासी मालती पत्नी रामजी को 24 जून को अपराह्न 2 बजे आरोपी लड़की को मारपीट कर घायल कर दिए थे।

# भाकियू टिकैत के मंडल उपाध्यक्ष का धरना प्रदर्शन जनता के हित में रहा

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकेत गुट का वाहिदपुर स्थित टोल प्लाजा निर्माण के विरोध में धरना प्रदर्शन चल रहा था। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसान यूनियन नेताओ से वार्ता कर उनकी बात को सुनकर समाधान किया द्य अपर जिलाधिकारी के आश्वासन पर किसान यूनियन का धरना समाप्त हो गया है। गांव वाहिदपुर की जनता बराबर मांग कर रही थी कि और इस संबंध में एसडीम गजराज सिंह सीओ मोहम्मदाबाद एन एच आई के अधिकारियो ने भी वार्ता की थीं लेकिन असफल हुए थे।

भारतीय किसान यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष प्रभा कांत मिश्रा से बातचीत हुई तो उन्होंने बातचीत के दौरान एसडीएम ने कहा था कि अपना धरना प्रदर्शन खत्म करें और निर्माण कार्य करने दें तो प्रभाकांत मिश्रा ने कहा था कि जब तक यहां से टोल प्लाजा नहीं हटेगा हम तब तक यहां से धरना प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे उनका कहना है कि यहां पर टोल प्लाजा अवैध बनाया जा रहा है जबकि यहां पर कोई टोल प्लाजा नहीं है यहां से टोल प्लाजा दूसरी जगह प्रस्तावित था मुरहास कन्हैया पर लेकिन वहां की बजाय अब यहां पर बनाया जा रहा है जबकि बस्ती में कोई टोल प्लाजा नहीं बनता है और यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है और किसान यूनियन के विधिक सलाहकार अजय कटियार का कहना है कि हमे एनएचआई के द्वारा हमें कोई भी दस्तावेज प्राप्त हुआ है जहां पर जिसमें यह दर्शाया गया है कि 2019 में टोल प्लाजा मुरहास कन्हैया में प्रस्तावित हुआ और टोल प्लाजा वहां पर ही बनना चाहिए लेकिन यहां पर बनाया जा रहा है जिसे हरगिज नहीं बनने देंगे चाहे कुछ भी हो जाए। हम ऐसे ही किसानों के लड़ते रहेंगे जब तक यह टोल प्लाजा यहां से नहीं हटाया जा रहा क्योंकि उनके पास कोई दस्तावेज नहीं है न कोई नक्शा तक नहीं है कोई कागज नहीं। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कानपुर मंडल उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा और प्रमुख महासचिव बृजेंद्र सिंह यादव, विवेक सलाहकार अजय कटियार अभय यादव और अन्य किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हल्की बारिश ने बढ़ाई उमस

**अमेठी।** जिले में भीषण गर्मी और उमस के बीच छिटपुट वारिश हो रही है। मंगलवार को लंबी प्रतीक्षा के बाद नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। जिसके कारण उमस बढ़ गई। बारिश के कारण बढ़ी उमस ने मंगलवार को लोगों को बहुत परेशान किया। बिजली विभाग भी इसमें मेहरबान रहा है विद्युत कटौती और गर्मी के बीच लोग बेहाल नजर आए। पिछले दो माह से पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से लोगों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

**सूचना**

मै मोहम्मद शेबू Mohammad sheboo पुत्र मोहम्मद हसन मकान नम्बर 343-ब, ग्राम इटियाथोक (स्टेशन रोड) पोस्ट इटियाथोक जिला गोंडा उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूं मैने अपना नाम मोहम्मद शेबू Mohammad sheboo से बदल कर मो. शोएब mohd shoyeb रख लिया है अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना वा पुकारा जाए।

# ग्राम प्रधान पर रोजगार सेविका ने लगाया आरोप, मुख्य विकास अधिकारी को दिया शिकायती पत्र



**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या** रोजगार सेविका ग्राम पंचायत अमसिन ब्लॉक माया बाजार में कार्यरत महिला ने ग्राम सभा के ग्राम प्रधान रति प्रसाद वर्मा के ऊपर गंभीर आरोप लगाया है और जांच की मांग की है रोजगार सेविका श्रीमती वर्मा ने अमसिन ग्राम सभा के प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधान रति प्रसाद वर्मा द्वारा मुझे डरा धमका कर फर्जी उपस्थिति दर्ज कराई जाती है इससे पहले हमारे ऊपर 2 साल पहले हमला करवाया गया था जिसका एफ. आई .आर .थाने में दर्ज कराया गया था और मुकदमा पंजीकृत है व अगस्त 2023 में मुझे नौकरी से निकलने की धमकी दिए थे और फर्जी मेट की नियुक्ति कर हमारा आईडी और पासवर्ड उसको देखकर कार्य करवाया जा रहा था जिसका मेरे द्वारा विरोध किया गया बाद में मनरेगा सेल द्वारा मुझे आईडी वापस कराई गई और प्रधान एवं सेक्रेटरी द्वारा यह कह कर सहमति बनी हम जिस प्रकार से कहेंगे इस प्रकार से हाजिरी लगाएंगे नहीं तो नौकरी से निकलवा देंगे डर वश हमने फर्जी उपस्थिति दर्ज की जिनके 50 नाम शामिल है जिनके खाते से पैसा भेजा जाता है और प्रधान द्वारा लिया जाता है जिससे मेरा कोई संबंध नहीं है इस बार हमारे मना करने पर की सरकार सख्त है अब हम फर्जी हाजिरी नहीं लगाऊंगी जिससे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं है और इस बार हमारे मना करने पर फर्जी आरोप लगाया जा रहा है जिसकी सूचना हमारे खंड विकास अधिकारी को भी दिया है जिसको लेकर आज एक ज्ञापन रोजगार सेविका श्रीमती वर्मा ने सौंपा और जांच कराए जाने की मांग की है और जांच के बाद उचित कार्रवाई करने की भी मांग की है इस मामले को लेकर कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष राजदेव वर्मा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसी प्रकार की कई ग्राम सभाओं में भ्रष्टाचार और घोटाले हो रहे हैं जिसको लेकर मांग की है कि ऐसे घोटाले बाजों और ऐसे भ्रष्टाचारियों पर निष्पक्ष जांच करा कर उन पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए

# सुमित सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

**अयोध्याधाम।** सीतापुर के आर एम पी पी जी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक सुमित सिंह को राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि मिली। सुमित सिंह ने डॉश राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से राज्य के सकारात्मक कार्य नीति का थारू जनजाति के विकास पर प्रभाव, बलरामपुर जिले के विशेष संदर्भ में, विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। विश्वविद्यालय में आयोजित शोध साक्षात्कार में सुमित सिंह को पीएचडी संस्तुत की गई । साक्षात्कार में बाह्य परीक्षक के तौर पर डॉ. कमल नयन चौबे एसो प्रो - राजनीति विज्ञान विभाग, दयाल सिंह कॉलेज ने साक्षात्कार लिया एवं शोध कार्य की सराहना करते हुए इसे संस्तुत किया। सुमित ने स्नातक की शिक्षा इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है तथा परास्नतातक अवध विश्विद्यालय से किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा संबंधी गठित समिति की हुई बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा संबंधी गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति अध्यक्ष जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवम् प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ द्वारा निकट भविष्य में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस के चयन परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत शासन जारी शासनादेश के मानकों के अनुरूप आने वाले परीक्षा केंद्रों का चयन कार्य पूर्ण कर लेने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित समिति के सदस्यों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उक्त परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने संबंधी हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर, अपर जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी परीक्षा महेंद्र कुमार सिंह, एसपी सिटी मधुबन सिंह, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रसून्न पांडेय सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**अवधनामा संवाददाता**

# सोहावल तहसील में पटलों पर व्याप्त अनियमितता को लेकर बार एसोसिएशन ने की हड़ताल

**अयोध्या।** सोहावल तहसील अंतर्गत विभिन्न पटलों पर व्याप्त अनियमितता पर नाराजगी प्रकट करते हुए सोहावल बार एसोसिएशन ने आज न्यायिक कार्य से विरत होकर आगे की रणनीति तय करने का निर्णय लिया है। बार एसोसिएशन ने इस आशय की लिखित प्रति उप जिलाधिकारी सोहावल के साथ तहसीलदार प्रशासन एवं न्यायिक और नायब तहसीलदार रौनाही और मसौधा को भी प्रेषित की है। सोहावल बार एसोसिएशन के महामंत्री अनूप कुमार पांडेय ने बताया कि तहसील कार्यालय अंतर्गत विभिन्न पटलों पर अनियमितता और भ्रष्टाचार व्याप्त है। आज सभी न्यायालय में प्रस्ताव पत्र भेजकर अति आवश्यक बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय की जा रही है।

# भृष्ट सिपाही डीजी और जज के नाम से मिट्टी गिरवाने का बना रहा दबाव

**अवधनामा संवाददाता**

**बाराबंकी।** बिना हमारी मर्जी के नहीं चलेगा खनन मिट्टी के ठेकेदारों पर बना रहा नाजाएज दबाव खुद सिपाही बन रहा थानेदार डीजी और जज के नाम पर लखनऊ भेजने के लिए मांग रहा मिट्टी।

जबकि लाखों रुपए खर्च कर मिट्टी के खनन के ठेकेदारों द्वारा खनन का अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्तकिया अब मिट्टी खनन करने में ठेकेदारों पर नाजायज दबाव बनाया जा रहा है मिट्टी खनन के ठेकेदार इस समय बहुत ही बुरी तरह परेशान बता रहे हैं जिनके पास मिट्टी भी है और समय भी है लेकिन उसको लाने ले जाने के लिए डंपरों की व्यवस्था नहीं हो पा रही है जो पुलिस के डर से डंपर के ड्राइवर मिट्टी ले जाने से कतरा रहे हैंक्योंकि उन्हें किसी भी समय पुलिस द्वारा बेइज्जत किया जा सकता है गाड़ियां ना होने के कारण वह अपने कार्य का ही रोना रो रहे हैं लाखों रुपए खर्च करके मिट्टी खनन का अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त किया उसके बावजूद भी उनके मिट्टी खनन पर ग्रहण लगा हुआ है क्योंकि पहले समस्या तो उनके पास डंपर नहीं आते हैं और दूसरी समस्या क्षेत्र का

सिपाही सूरज जयसवाल हमेशा परेशान करता रहता हैं मामला बाराबंकी जनपद के सतरिख थाना क्षेत्र का है जहां पर सूत्रों द्वारा यह जानकारी प्राप्त हुई कि क्षेत्र में चल रहे मिट्टी के खनन मेंअनुज्ञा प्रमाण पत्र भी प्राप्त है और रॉयल्टी भी निकल रही है जिनका परिवहन विभाग से भी पास जारी किया गया है उसके बावजूद भी थाने का एक सिपाही डीजी और जज के नाम पर मिट्टी के ठेकेदारों से मिट्टी की डिमांड कर रहा है यह मिट्टी एक दो डंपर लखनऊ जनपद को भेजी भी जा चुकी है और उसकी डिमांड पूरी न करने पर मिट्टी खनन के ठेकेदार को धमकाया भी जा रहा है फिलहाल सीओ सदर सुमित त्रिपाठी से जब वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि मिट्टी खनन राजस्व विभाग और खनन अधिकारी द्वारा दिया जाता है पुलिस का उसमें कोई रोल नहीं है अभी तक इस संबंध में कोई भी शिकायत पत्र नहीं प्राप्त हुआ है

# गोण्डा ने प्रदेश के टॉप 10 जिलों में बनाई जगह



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा के कुशल नेतृत्व में जनपद गोण्डा ने एक और कीर्तिमान दर्ज किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का सफल क्रियान्वयन कर गोण्डा ने प्रदेश के टॉप 10 जनपदों की सूची में अपनी जगह बनाई है।

गोण्डा को 6वां स्थान प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की 9वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा लखनऊ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां, निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार द्वारा परियोजना अधिकारी, डूडा गोण्डा संजय मिश्रा और सीएलटीसी रोहित जायसवाल को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बता दें, प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र शहरी परिवारों को पक्का घर मुहैया कराना है। इस योजना के तहत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी), मध्यम आय वर्ग (एमआईजी)-I और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी)-II के लोगों को घर खरीदने या बनाने में मदद की जाती है। परियोजना अधिकारी, डूडा गोण्डा संजय मिश्रा ने बताया कि जनपद गोण्डा में शहरी गरीबों के लिए 5790 आवास स्वीकृत है। इसमें, 5250 आवास का कार्य पूर्ण हो चुका है।

# पुश्तेनी बाग में लगे विशालकाय पेड़ को चोरी से बेचने का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** पुस्तैनी बाग में लगे चिलवल के एक मोटा विशालकाय पेड़ को चोरी से बेच देने का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित स्वामी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। शिकायत के तीन दिन बीत जाने के बाद अभी तक पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी अनीस पुत्र नबीबक्स ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है उसकी पैतृक बाग में करीब पंद्रह हजार रूपए कीमत का मोटा विशालकाय चिलवल पेड़ लगा हुआ था जिसको गांव निवासी रवि पुत्र रज्जन, भगौती ने अपने दो पेड़ के साथ मेरे भी एक पेड़ को पठान का पुरवा निवासी ठेकेदार मेराज के हाथ बेच दिया। ठेकेदार जानबूझकर मेरे पेड़ को काटकर लकड़ी उठा ले गए।

# मण्डलायुक्त ने शहर में जलभराव आदि की शिकायतों के सम्बंध में की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मानसून पूर्व हुई अतिवृष्टि के कारण शहर में जलभराव आदि की शिकायतों के सम्बंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त कार्यालय में आयोजित की गयी, जिसमें महापौर अयोध्या महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने प्रथम बारिश के उपरांत शहरी क्षेत्रों में जल भराव सहित आ रही अन्य दिक्कतों का निस्तारण पीडब्लूडी के सम्बंधित अधिशाषी अभियन्ताओं को नगर निगम व जलनिगम की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन अयोध्या बसखारी मार्ग के शहरी क्षेत्र में बने निर्माणाधीन ड्रेन/डक्ट को तत्काल संचालित किया जाय, जिससे कि सड़क के पास स्थित शहरी क्षेत्रों में मानसून के दौरान जलभराव की समस्या न होने पाये। इसके अलावा उन्होंने जलनिगम शहरी के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिया कि शहर के जिन-जिन क्षेत्रों में सीवर लाइन का कार्य हाल ही में किया गया है उन सभी सीवर लाइन के कॉमपैटिंग के कार्य एक का एक बार पुनः परीक्षण करा लिया जाय तथा सीवर लाइन लिकेज की सतत निगरानी भी की जाय।

# काली पट्टी बाध कर भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**महाराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मंगलवार को जिला कार्यालय पर आपात काल की 49 वीं बरसी मनाई। जिसमें उन्होंने



कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा और आपात काल को भारतीय इतिहास का काला दिवस बताया। बीजेपी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पी एन पाठक ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 25 जून 197549 को देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की गई थी और उस समय केंद्र में इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी। आपातकाल को 21 मार्च 1977 को हटा दिया गया था।उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब आपातकाल, भाजपा का मतलब अमृतकाल । सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा आपातकाल के उन काले दिनों को कभी नहीं भूला जा सकता जब संस्थानों को सुनियोजित तरीके से ध्वस्त कर दिया गया था। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि आपातकाल के दौर में भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद पर बनी फिल्मों किशोर कुमार के गानों महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर के उद्धरणों तक पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

इस अवसर पर प्रमुख आनंद शंकर वर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि राम हरख गुप्ता, पूर्व प्रमुख अमरेंद्र मणि, कार्यक्रम संयोजक अमित सिंह , अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुर्सेद अंसारी, वरिष्ठ नेता अजय कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन जिला महामंत्री बबलू यादव ने किया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी बाहों में काला फीता बांधकर विरोध जताया। इसके पूर्व पंडित दीन दयाल उपाध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वंदे मातरम् गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# चार दंपति खुशी-खुशी एक साथ रहने हुए राजी

**अवधनामा संवाददाता**

**बाराबंकी।** तनिक-तनिक बातों में आए दिन पति-पत्नी के रिश्ते बिगड़ रहे। वह थाने व कचहरी पहुंचे रहे। लेकिन बिखरे रिश्तों संभालने कार्य बखूबी पुलिस कर रही है। उन्हें समझा बुझाकर एक साथ रहने के लिए रजामंदी के लिए भी प्रयासरत है। जी हां, मंगलवार महिला थाने पुलिस ने सात मामलों में दंपतियों को अलग-अलग बारी-बारी से समझाया। जिसमे चार दंपति एक साथ



रहने के लिए राजी हुए। वह एक साथ खुशी-खुशी घर चले गए। वहीं परिवार परामर्श केन्द्र व महिला थाने पहुंचे दोनों पक्षों रिश्तेदारों में उनकी विदाई को लेकर खुशी साफ झलक रही थी। मंगलवार शहर के सिविल लाइंस स्थित महिला थाना व महिला परामर्श केंद्र पर पति-पत्नी के बीच मतभेदों के चलते उत्पन्न हुए सात मामलों में पुलिस ने अथक प्रयास किया। थाने काउंसलर द्वारा चार दंपत्तियों को बारी-बारी से समझाने व काउंसिल करने पर वह एक साथ रहने को राजी हुए। उनकी सहमति से दोनों में सुलह समझौता कराया गया।

# दो बाइक की आमने सामने हुई जोरदार भिडंत में युवक की मौत दूसरा युवक गंभीर

**अवधनामा संवाददाता**

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** मंगलवार की सुबह आमने-सामने हुई दो बाइकों की टक्कर में जहां एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। जानकारी के अनुसार कोठी थाना के पूरे खुशाली मजरे नसीरपुर गांव निवासी रामविलास का 25 वर्षीय पुत्र हरी ओम शिवराजपुर चौराहे पर क्लीनिक चलाता है रोज की तरह आज भी मोटरसाइकिल से वह क्लीनिक खोलने जा रहा था कि तभी सुबह लगभग 9~45 पर हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर पूरे प्रहलाद मजरे दतौली चंदा के निकट स्थित दुर्गा ऐरन ब्रिक फील्ड के निकट पहुंचा तभी सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से टकरा गया,जिससे दोनों बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां पर हरी ओम को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया जबकि गंभीर रूप से घायल लखनऊ जनपद के थाना ऐशबाग कॉलोनी निवासी अमित सिंह 35 को सर फट जाने से आई गंभीर चोटों की वजह से ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर अस्पताल पहुंची मां एवं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लोकतंत्र की हत्या करने वालों को देश कभी नहीं भूलेगा: कामेश्वर सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**बाराबंकी।** तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश मे 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को काला दिवस मनाया।भाजपा कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि इस दिन एक परिवार के लालच एवम् अहंकार ने देश में आपातकाल लागू कर दिया।रातों-रात पूरा देश जेल में तब्दील कर दिया गया।मीडिया को दबोच लिया गया।देश के महापुरुषों एवं राष्ट्रभक्तों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया।लोकतंत्र की नृशंस हत्या कर दी गयी।कहा कि प्रेस, अदालतें, भाषण सब पर पाबंदी लगा दी गयी। गरीबों और दलितों पर अत्याचार किये गए।उन्होंने कहा आपातकाल के संघर्ष और यातनाओं को सहन करने वालों के साथ देश हमेशा खड़ा है।कहा , सर्वाधिक संशोधन करने वाली कांग्रेसी हुकूमत की काली करतूतों को हर देशवासी को जानना चाहिए। निवर्तमान सांसद उपेंद्र




सिंह रावत ने कहा कि इतिहास के इस काले अध्याय का भाजपा पुरजोर विरोध करती है।जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि सत्ता के मद में चूर कांग्रेसी नेतृत्व ने लाखों देशभक्तों पर जो जुल्म ढाए हैं उसकी सजा वह भुगत रही है। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि लाखों लोगों के प्रयासों से देश मे लोकतंत्र बहाल हुआ जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और मजबूत हुआ है।

करोड़ो देशवासियों पर अत्याचार करने वाली कांग्रेस को भी देश की जनता कभी नहीं भूलेगी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बाबा साहब के संविधान की धज्जियां उड़ाई।कहा कि देश के संविधान में

संगोष्ठी में एमएलसी अंगद सिंह व पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन जिला महामंत्री शीलरत्न मिहिर ने किया।इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, अमरीश रावत, प्रमोद तिवारी, गुरुशरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, रामेश्वरी त्रिवेदी, सीता शरण वर्मा, अनीता रावत, आशुतोष अवस्थी, पूजा सिंह, पुनीत मिश्रा, प्रवीण सिंह सिसौदिया मौजूद रहे।

# पुश्तेनी बाग में लगे विशालकाय पेड़ को चोरी से बेचने का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** पुस्तैनी बाग में लगे चिलवल के एक मोटा विशालकाय पेड़ को चोरी से बेच देने का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित स्वामी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। शिकायत के तीन दिन बीत जाने के बाद अभी तक पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी अनीस पुत्र नबीबक्स ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है उसकी पैतृक बाग में करीब पंद्रह हजार रूपए कीमत का मोटा विशालकाय चिलवल पेड़ लगा हुआ था जिसको गांव निवासी रवि पुत्र रज्जन, भगौती ने अपने दो पेड़ के साथ मेरे भी एक पेड़ को पठान का पुरवा निवासी ठेकेदार मेराज के हाथ बेच दिया। ठेकेदार जानबूझकर मेरे पेड़ को काटकर लकड़ी उठा ले गए।मामले की जानकारी होने के बाद स्थानीय पुलिस से लिखित शिकायत की गई लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है ।

# कुर्मी समाज को गाली देने के विरुद्ध जिला अधिकारी गोंडा के प्रतिनिधि को सौंपा पा गया ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा ।** दिनांक 25-6-24 को पूर्व बिधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धीरु सिंह के द्वारा कुर्मी समाज को दिए गए गाली के बिरुध्द राज्यपाल महोदय को सम्बोधित ज्ञापन श्रीमान जिलाधिकारी महोदय गोण्डाके प्रतिनिधि को जिलाध्यक्ष भारतीय कुर्मी महासभा गोण्डा अनिल कुमार वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व मे दिया गया,ज्ञापन देने वालो मे नन्द किशोर वर्मा एडवोकेट, राजकुमार वर्मा एडवोकेट, शैलेन्द्र पटेल एडवोकेट, संतोष पटेल एडवोकेट, जगतनरायन मौर्य एडवोकेट, रामबहादुर मौर्य एडवोकेट, मनोज कुमार एडवोकेट, रामहजारी वर्मा एडवोकेट, ओमप्रकाश वर्मा,रामविलास वर्मा, लक्ष्मण शर्मा, खुशीराम चौहान, नकछेद चौहान, अंकित गौतम,मो0 सईद, ओमप्रकाश वर्मा भारतीय किसान यूनियन प्रदेश सचिव, जयशंकर गौतम जिलाध्यक्ष आजाद समाज पाटी अशोक दृगराज योगेन्द्र ओमप्रकाश यादव,सहित तमाम लोगो ने उपस्थित होकर ज्ञापन देने मे सहयोग किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सीएम फेलो के संबंध में बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सीएम फेलो के संबध में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने सीएम फेलो के अन्तर्गत नगर पंचायत बढ़नीचाफा, उसका बाजार, भारतभारी एवं शोहरतगढ़ चयनित है। जिलाधिकारी ने एलबीसी को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जो बजट प्राप्त हुआ उसकी कार्ययोजना बनाकर पत्रावली प्रस्तुत करे जिससे कार्यदायी संस्था को नामित कर कार्य कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की सुविधाओं के लिए पार्क, वाटर कूलर, एमआरएफ सेन्टर को संचालित कराया जायेगा। आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत जो वजट प्राप्त हुआ है उसकी मेरे स्तर से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात आंगनबाड़ी केन्द्र, पी.एच.सी., सी.एच.सी. एवं विद्यालयों आदि पर साफ-सफाई व अन्य कार्य कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों में हाउस टैक्स की न्यूनतम दर निर्धारित कर वसूली शुरू की जाये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, संबधित अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, एल.बी.सी. पुरूषोत्तम लाल श्रीवास्तव व अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# हिफजुर्रह्मान ने पोलैंड के क्राको में आयोजित सम्मानित 36-एचकेटी सम्मेलन में प्रतिभाग कर बढ़ाया जिले का मान

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** हिफजुर्रह्मान ने पोलैंड के क्राको में आयोजित सम्मानित 36-एचकेटी (हिमालयन काराकोरम तिब्बत) सम्मेलन में भारत के तरफ से प्रतिभाग किया। हिफजुर्रह्मान ने भूविज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय व्यक्तियों, विशेष रूप से हिमालयी भूविज्ञान में विशेषज्ञता रखने वालों से मिलने और अंत में जीवन भर की आकांक्षा को साकार करने के अवसर के लिए गहरा सम्मान व्यक्त किया।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से प्रोफेसर माइक सियरले, टोरिनो विश्वविद्यालय से प्रोफेसर रोडोल्फो कारोसी, त्रि-चंद्र परिसर, त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल से प्रोफेसर बिशाल नाथ उप्रेती, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स से प्रोफेसर एलिजाबेथ कैटलोस, नॉर्थ कैरोलिना विश्वविद्यालय, विल्मिंगटन से प्रोफेसर पीटर जे हैप्रॉफ, WIHG इंडिया से प्रोफेसर तलत अहमद, फ्री विश्वविद्यालय, बर्लिन से अलेक्जेंडर A.G. वेब, IIT KGP से प्रोफेसर शांतनु कुमार भौमिक, कील विश्वविद्यालय, जर्मनी से प्रोफेसर सी. थीडे और अलबामा विश्वविद्यालय, नूर्नबर्ग से प्रोफेसर डेलोरस एम. रॉबिन्सन जैसे प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के साथ जुड़ने का अवसर मिला। हिफजुर रहमान नगर पंचायत



डुमरियागंज के वार्ड संख्या 15, गांधी नगर निवासी मौलाना महबूब अहमद क़ासमी के बड़े बेटे हैं उनके पिता बेसिक विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। और एक सामान्य परिवार से आते हैं। हिफजुर्रहमान ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इंटरमीडिएट स्तर तक डुमरियागंज के सफा इंटर कॉलेज में पूरी की। इसके बाद उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भूविज्ञान के साथ विज्ञान स्नातक कार्यक्रम में दाखिला लिया, जहाँ उन्होंने सफलतापूर्वक अपनी स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके अलावा, उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से एप्लाइड जियोलॉजी में मास्टर डिग्री प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने गेट और यूजीसी-एमएएनएफ जेआरएफ जैसी राष्ट्रीय स्तर की

**हिफजुर्रह्मान ने हासिल की हैं तेरह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार और अकादमिक उपलब्धियां**

परीक्षाओं को पास किया, जिसके कारण उन्हें भारत सरकार के तहत एक प्रतिष्ठित एमएचआरडी संस्थान आईआईएसईआर भोपाल में प्रवेश मिला। उन्होंने 2022 में आईआईएसईआर भोपाल में अपनी पीएचडी पूरी की। अपने डॉक्टरेट अध्ययन के दौरान, उन्होंने हिमालयी भूविज्ञान के क्षेत्र से संबंधित कई रचनाएँ लिखीं। 2017 से 2020 तक, उन्होंने जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हुए आईआईएसईआर भोपाल में कैंपस प्रतिनिधि (सीआर) के रूप में कार्य किया (GSA). उनके पास लगभग तेरह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार और अकादमिक उपलब्धियां हैं। नवंबर 2022 में, उन्होंने आईआईएसईआर बेरहामपुर में पोस्टडॉक्टरल रिसर्च फेलो के रूप में काम करना शुरू किया, जहाँ उन्होंने एक साल तक बीएस-एमएस छात्रों को पढ़ाया। जनवरी 2024 में, उन्होंने वाडिया TV इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी में अनुसंधान वैज्ञानिक की भूमिका निभाई। हिफजुररहमान पहले ही 13 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग ले चुके हैं।

# ग्राम प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर रोक

## ग्राम पंचायत बसन्तपुर का मामला

अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** स्थानीय विकास खण्ड के बसंतपुर ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव द्वारा सरकारी धन में वित्तीय अनियमितता किए जाने की जांच में पुष्टि होने पर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। विकास कार्य अवरुद्ध न हो के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने तीन सदस्यों की कमेटी गठित करने का आदेश दे दिया।

इस संबंध में ग्राम निवासी धर्मचन्द्र त्रिपाठी द्वारा सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर 03 जनवरी 2023 में मामले की जांच को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया था। जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा जिला अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी को जांच की कमान दी गई थी। जांच अधिकारी द्वारा जांच आख्या सौंपने के उपरांत शिकायत कर्ता द्वारा जांच अधिकारी बदलने का अनुरोध किया। जांच अधिकारी परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की जांच आख्या में अनियमितता की पुष्टि के आधार पर जिलाधिकारी ने प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाकर तीन सदस्यों की कमेटी बनाने का आदेश दे दिया। शिकायत कर्ता द्वारा शिकायत पत्र के माध्यम से कुल नौ विन्दुओं पर जांच की मांग किया था। सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय, पंचायत भवन की मरम्मत, भवन में शौचालय, बाउंड्री वाल, कूपों की मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर व मरम्मत, सफाई किट, स्वच्छता सामग्री, चबूतरों का निर्माण आदि में हुई वित्तीय अनियमितता के जांच की मांग की गई थी। हालांकि इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा नियमावली के नियम -5 के अधीन अंतिम जांच हेतु जिला विकास अधिकारी को जांच अधिकारी नामित करते हुए स्पष्ट जांच आख्या प्रस्तुत करने का आदेश भी दे दिया है।

# डीएम द्वारा जन चौपाल मे किया गया प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की अध्यक्षता में विकास खण्ड भीटी अंतर्गत ग्राम पंचायत सेनपुर में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आमजन की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विभागों के आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास तथा आदि योजना के बारे में जानकारी लिया गया। साथ ही साथ पंचायत भवन में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी पूछताछ किया गयाग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि हम सभी को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिलता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिन पात्र व्यक्तियों को नही मिल रहा है उनका नाम चिन्हित कर लाभ दिलाया जाय। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के लाभार्थियों से वार्ता की गई। इस ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से कुल 430 किसानों को लाभ मिल रहा है।जो भी पात्र लाभार्थी इस योजना से वंचित हैं उसे उक्त योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पशुओ के टीकाकरण के लिए अभियान चलाकर टीकाकरण कराए। ग्राम पंचायत में बारात घर हेतु जिलाधिकारी द्वारा 42 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई।जमीन चिन्हित करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी भीटी को निर्देशित किया गयाउपस्थित ग्रामीण महिलाओं द्वारा अवगत कराया गया कि स्वरोजगार के तहत अपने को आत्मनिर्भर बनते हुए उनके द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त मिठाई का निर्माण किया जाता है व उसकी सप्लाई की जाती है साथ ही टांडा टेरीकाट गमछे पर कढ़ाई का कार्य किया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को इस तरह आत्मनिर्भरता की स्थिति को देखकर जिलाधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई और जिलाधिकारी ने कहा कि इसी तरह से अन्य महिलाओं को आगे बढ़कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर बनना चाहिए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैंकिंग कार्यो की समीक्षा बैठक

# किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण भी शीघ्र स्वीकृत किया जाये

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** डी.एल.आर.सी. एवं डी.सी.सी. बैंकिंग कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा पिछ्ली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी एवं सभी शाखा प्रबन्धको को निर्देश देते हुए कहा कि वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करें। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के सी.सी.एल के प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाये। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण भी शीघ्र स्वीकृत किया जाये। किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने सी0डी0 रेसियों बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने केसीसी एवं फसल बीमा योजना की प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। लीड बैक अधिकारी ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि त्रैमास मार्च वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत बैंको को आवंटित वित्तीय लक्ष्य रू0 4766.36 करोड़ के सापेक्ष रू0 3804.45 करोड़ की उपलब्धि रही जो कुल आवंटित लक्ष्य का 79.81 प्रतिशत है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत त्रैमास सितम्बर 2023-24 में समूह का खाता खोलने का वार्षिक लक्ष्य 1083 के सापेक्ष पूर्ति 1088 है एवं सीसीएल लक्ष्य 3909 के सापेक्ष 3925 पत्रावलिया बैंक को प्रेषित की गयी जिसके सापेक्ष 3730 समूहो को सी.सी.एल. स्वीकृत किया गया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना अन्तर्गत शासन से प्राप्त भौतिक लक्ष्य नवीनीकरण हेतु 106036 एवं नया 72234 कुल भौतिक लक्ष्य 178270 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 की चतुर्थ त्रैमास मार्च 2024 तक बैंको द्वारा कुल नवीनीकरण हेतु 106163 केसीसी एवं नया केसीसी 72322 निर्गत किये गये है। लक्ष्य के सापेक्ष कुल 178485 केसीसी निर्गत किये गये है जो कुल लक्ष्य का 100.12 प्रतिशत है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत पशुपालन एवं मत्स्य पालन तथा दुग्ध उत्पादन हेतु कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंको से इन योजनाओ के अन्तर्गत किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक से दिशा निर्देश जारी किये गये है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत एस.एल.बी.सी. लखनऊ से प्राप्त डाटा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति त्रैमास मार्च 2024 तक प्राप्त कुल आवेदन 20724 के सापेक्ष रू0 261.67 करोड़ स्वीकृत/वितरित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत युनिवर्सल सोम्पो जनरल इश्योरेंस कम्पनी लि0 द्वारा फसल बीमा किया जा रहा है। बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा सूचित किया गया है कि रबी 2023-24 फसल हेतु कुल 30592 किसानों के बीमा हेतु रू0 2.24 करोड़ का प्रीमियम प्राप्त किया गया है। खरीफ 2023 सीजन में 54998 किसानों ने रू0 4.58 करोड़ का बीमा करावाया था जिसके सापेक्ष 10861 किसानो को रू0 3.70 करोड़ बीमा लाभ मिला। वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति पर त्रैमास मार्च 2024 तक जिले का ऋण जमा अनुपात 41.35 प्रतिशत है। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसीएनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, लीड बैंक अधिकारी आर0के0सिन्हा, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, जिला उद्यान अधिकारी नन्हेलाल वर्मा, मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, शाखा प्रबन्धक नौगढ़, समस्त बैंको के शाखा प्रबन्धक एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईद ए ग़दीर शिया मुसलमानों की बड़ी ईद है: मौलाना शाहकार हुसैन

## जोश खरोश से हल्लौर में मनाया गया ईद ग़दीर, जगह-जगह आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को क्षेत्र के हल्लौर में जश्न ए ईद ग़दीर पर कस्बे सहित मुख्य मार्ग पर बड़े ही जोश खरोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नारे हैदरी या अली के नारों से पूरा पंडाल गुंजायमान रहा। तो शायरों ने अपने अपने कलाम व कसीदे पढ़े। जबकि मौलाना ने ईद ए ग़दीर पर हज़रत अली की जिंदगी पर विस्तार से रोशनी डाली।

मोमनीन हल्लौर व ग़दीरी मिशन के तत्वावधान में अपरान्ह चार बजे मुख्य मार्ग पर पहुँचा। जहाँ जश्न ए ईद ग़दीर के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शकील अहमद के तिलावते कलाम पाक से हुई तत्पश्चात शादाब हल्लौरी ने नात ए पाक पेश किया। इसके बाद शायरों में फरहान, हसन सादिक, हानी, आलम हल्लौरी, फरहान, जावेद हटवा, हसन जमाल व लकी हल्लौरी, मुमताज, आलम हल्लौरी, नफीस आदि ने अपने अपने कलाम पढ़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि ईद ए ग़दीर शिया मुसलमानों की बड़ी ईद है क्योंकि ग़दीर के मुकाम पर रसूले खुदा को अल्लाह पाक की तरफ से हज़रत अली अस की वेलायत का खुला एलान करने का हुक्म मिला। मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब ने कहा कि आज ही के दिन हजरत मोहम्मद साहब ने गदीर के मैदान में हजारों हाजियों के हुजूम में हजरत अली को अपना जानशीन घोषित किया था। गदीर को ईद-ए-अकबर भी कहते है, यानि सबसे बड़ी ईद है।

अली को मानने वाले उनके किरदार से सबक लें इससे उनकी जिंदगी भी खूबसूरत बनेगी और आख़ेरत भी कामयाब होगी। कार्यक्रम का संचालन अज़ीम हल्लौरी ने किया। कार्यक्रम में अज़ीम हैदर, ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई, डॉ फरीद हैदर, काज़िम मेंहदी ने ईद ए ग़दीर पर रोशनी डाली। इस मौके पर ग्राम प्रधान हल्लौर ताक़ीब रिज़्वी, कसीम पाल, मोहम्मद मेंहदी, शबीह अहमद, इंतेज़ार हुसैन शबाब, तसकीन हैदर, नौशा, शानू, शमशाद अली, तशबीब हसन, नासिर एलआईसी, अकील हैदर, राहिब रिज़्वी, आबिद रिज़्वी, शाहिद अन्जू, इरशाद, काज़िम रज़ा, शायान, रेहान, महफूज़, रेहान, महफूज़ मैक्स, रिजवान, सलमान, मोहम्मद हैदर, वज़ीर हसन सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगो ने दिल खोलकर मिठाई, शर्बत, पेय पदार्थ, व खानपान तकसीम किया। शान्ति व्यवस्था में मुकामी पुलिस मय फोर्स सक्रिय नज़र आयी। इससे पूर्व सुबह में मकतब इमामिया हल्लौर के तत्वावधान में ईद ए ग़दीर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मकतब के अध्यापक, छात्र छात्राओं तमाम शामिल लोग हुए। करीब 11:30 बजे इमाम जुमा व जमात ने जामा मस्जिद में ईद ए ग़दीर की विशेष नमाज़ अदा कराई।

# गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का सपा ने मनाया बलिदान दिवस

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर (अंबेडकर नगर)।** गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती जी का 460वा बलिदान दिवस बसखारी रोड स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर श्रद्धा के साथ मनाया गया। अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा अंबेडकर नगर एवं समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव रहे। कार्यकम के आयोजक जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेक गोंड एडवोकेट, सामाजिक कार्यकर्ता, कवि जिला अध्यक्ष गोंड महासभा के संचालन में कार्यक्रम की अध्यक्षता राम चन्दर गोंड ने किया। उक्त अवसर पर मास्टर दयाराम गोंड,राम संवारे गोंड, जिला सचिव साधू गोंड,हनुमान गोंड,जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुरेश गोंड,राम बदन गोंड,राम जगत गोंड, पत्रकार ऋषि गोंड, राम लहन गोंड, बखेडू गोंड, योगगुरु राम उजागिर धुरिया, वरिष्ठ पत्रकार लालमणि गोंड जिला उपाध्यक्ष गोंड महासभा,अनिल गोंड, रामभवन गोंड, रघुनाथ, प्रेमनारायण यादव, लोकसभा सांसद पूर्व प्रत्याशी भीम निषाद,अनिल गोंड, भुड़कुल गोंड,राम अनुज गोंड,अशोक गोंड कुंदन कश्यप, हरिनरायन गोंड आदि सैकड़ो साथी कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती जी के त्याग बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता गोंड जाति के शानदार इतिहास से सबक लेते हुए संगठित होकर संघर्ष करने से ही अपना हक हासिल किया जा सकता है और समाजवादी पार्टी हमेशा गोंड जाति के साथ सहयोग करेगी। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी भीम निषाद सहित उपस्थित सभी लोगों ने महारानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और रानी दुर्गावती के विषय में जानकारी दी। अन्त में आयोजक मंडल एवं अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा द्वारा सपा एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# नाली विवाद में वृद्ध महिला की मौत

अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जीवा में मंगलवार सुबह दो पक्षों के बीच नाली को लेकर हुए विवाद में एक 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना प्रातः 07 बजे की है। जीवा में मंगलवार सुबह ग्राम वासी इसरावती पत्नी दुखराम श्रीवास्तव व मायादेवी पत्नी जोखन के बीच नाली को लेकर झगड़ा हो रहा था, बताया जाता है कि इसी दौरान कतिपय कारणों से इसरावती पत्नी दुखराम अचानक जमीन पर गिर गई। बेहोशी हालत में उन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी बांसी लाया गया, जहाँ डाक्टर आर के सिंह ने इसरावती को मृत घोषित कर दिया। इस बावत प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, शव को पीएम हेतु भेज दिया गया है। रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# गालापुर में वार्षिक मेला प्रारंभ

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक सिद्ध पीठ गालापुर में वार्षिक मेला 23 जून से प्रारंभ हो गया है जो 23 जुलाई तक चलेगा इस बारे में जानकारी देते हुए स्थान के व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्र ने बताया कि वार्षिक मेला हर वर्ष जून तथा जुलाई महीने में चलता है जो एक महीने का रहता है लोगों के व्यवस्था को देखते हुए सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है लेकिन पुलिस फोर्स के लिए भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि वार्षिक मेला में सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की होती है जो यहां आकर के पूरी तथा हलवाचढ़ा मां को प्रसन्न करते हैं मनोकामना उनसे मांगती हैं मां सब की मनोकामना पूरी करती है उन्होंने कहा कि मंदिर प्रशासन द्वारा अपने हिसाब से व्यवस्थाएं की गई है साथ ही उप जिला अधिकारी डुमरियागंज तथा थाना अध्यक्ष इटवा से फोर्स की मांग भी की गई है ताकि मेले में कोई घटना ना घटे उन्होंने कहा कि 23 जुलाई को मेला पूर्व से संपन्न हो जाएगा उन्होंने लोगों से शांतिपूर्वक मेल को संपन्न करने का आवाहन भी किया है।

# डीएम ने आकाक्षात्मक विकास खण्डो की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खंडों (भीटी, भियांव तथा टांडा) की वित्तीय वर्ष 2024- 25 की मासिक प्रगति हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जल संसाधन, मूलभूत संरचना से संबंधित 50 इंडिकेटरों पर चर्चा की गई और जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्वस्थ एवं पोषण की समीक्षा के दौरान अति कुपोषित बच्चों की संख्या से संबंधित आईसीडीएस विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को सभी ब्लॉकों के सीडीपीओ को निर्देशित कर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कुपोषण की स्थिति से बाहर निकाले गए बच्चों की संख्या की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं टीबी नोटिफिकेशन के मामले में एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संबंधित ब्लाक के सीएम फेलो को सहयोग कर लोगों को अधिक से अधिक टेस्टिंग करने एवं रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए गए। कौशल विकास योजना के अंतर्गत अप्रेंटिस पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अल्पसंख्यक के अंतर्गत आने वाले प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के प्रमाण पत्र के सही आंकड़े पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश आईटीआई के प्रधानाचार्य को दिए।

उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान सूक्ष्म सिंचाई से लाभान्वित होने वाले किसानों का डाटा एटीएम और बीटीएम के माध्यम से इकट्ठा कर पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी ब्लॉकों के सीएम फेलो और संबंधित अधिकारियों से कहा कि जो ब्लॉक जिस पैरामीटर में पीछे है वह अपने से बेहतर करने वाले ब्लॉकों से एक्सरसाइज कर अपनी स्थिति सुधारने का प्रयास करें।

# धूमधाम के साथ मनाया गया जश्न ए ईद गदीर का पर्व मस्जिदों मे अदा की गयी विशेष नमाज़ व आमाल



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर व क्षेत्र में ईद-ए-गदीर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।शिया मुसलमानों ने ईद-ए-गदीर के मौके पर पूरी रात्रि इमामबाड़ों में महफ़िल का आयोजन कर जश्न मनाया। वहीं मस्जिदों में आमाल-ए-ईद-ए-गदीर का आयोजन किया। वक्फ मस्जिद रौज-ए-हजरत कासिम में मौलाना रहबर रज़ा सुल्तानी, जाफराबाद स्थित मस्जिद इमाम जैनुल आबेदीन में मौलाना जैगम अब्बास बाकरी, बड़ी मस्जिद में तंजीम जाफरी के तत्वावधान में मौलाना मेहंदी हसन वाइज ने ईद गदीर की विशेष नमाज अदा कराई। तंजीम जाफरी के तत्वावधान में आयोजित 39 वे दौर के परम्परागत कार्यक्रम में उमड़े अकीदतमंदो को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि हज़रत अली अलैहिस्सलाम की विलायत के मौके पर सभी दुआएं कुबूल होती है। गदीर की पूर्व रात्रि में नगर के उस्मानपुर में हुसैनी बारगाह में मौलान सय्यद समर हैदर जैदी ने हज़रत अली अलैहिस्सलाम की ताज पोशी पर चर्चा की। जाफराबाद स्थित बड़ा इमामबाड़ा में अंजुमन जुल्फिकारिया के बैनर तले ज़श्न ईद गदीर का आयोजन किया गया जहां पूरी रात्रि शायरों ने अपने कलाम के माध्यम से हज़रत इमाम अली के व्यक्तित्व को उकेर। मंगलवार को दोपहर बाद से चिलवनिया स्थित कदीमी बड़ी दरगाह में लगे मेले में महिलाओं ने जियारत कर नज़र दिलायी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आपात्र व्यक्ति से की जायेगी रिकवरी

अवधनामा संवाददाता

**आलापुर (अम्बेडकरनगर)।** विकास खंण्ड जहांगीर गंज में खण्ड विकास अधिकारी की मिलीभगत से ग्रामपंचायत शंकर पुर वर्जी मे प्रधानमंन्त्री आवास योजना में अपात्र व्यक्तियों को पात्र बनाकर आवास आंवटित कर दिया गया था उसकी रिकवरी आज तक नहीं हो सकी। मालूम हो मामले की शिकायत डीएम से की गई जिसको तत्काल संज्ञान लेते हुए डीएम द्वारा विगत वर्ष 25 अप्रैल 2023 को परियोजना निदेशक से स्थलीय जांच कराई गई। जांच में परियोजना निदेशक द्वारा बारह आवासों का स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें गुड्डी, अनीता, पुष्पा आदि अपात्र मिले। पीडी ने रिपोर्ट डीएम को सौपीं जिसमे ग्राम पंचायत मे सचिव रहे अरूण कुमार को निलंबित करते हुए रिकवरी की कार्यवाही हेतु खण्ड विकास अधिकारी जहाँगीरगंज को आदेशित किया गया बावजूद इसके खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कोई भी कठोर कार्यवाही नहीं गई न तो रिकवरी ही हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश किया था कि एक सप्ताह के अन्दर रिकवरी की कार्यवाही पूर्ण करा ली जाए फिर भी विपक्षियों से प्रभावित खंण्ड विकास अधिकारी द्वारा कार्यवाही करने के बजाय डेढ़ साल बाद भी शिकायतकर्ता पर समझौते का दबाव बनाते रहते है। उक्त मामले में जब खंण्ड विकास अधिकारी से वार्ता की तो उन्होने गैर जिम्मेदाराना तरीके से बयान मे स्पष्ट कहा की नोटिस जारी कर दी गई है बाकी की कार्यवाही जिले स्तर से होगी। वहीं शिकायकर्ता ने खण्ड विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा की वीडियों द्वारा फोन पर कहा गया जब जमा करेगें तभी तो हम लिखा पढी कर सकते हैं। शिकायतकर्ता ने कहा आप लिखित में दे दीजिए तो बीडीओ द्वारा कहा गया जो हमको करना होगा करेगें जिले के लोग जांच किए है वही वसूली भी कराएंगे। इससे साफ साफ स्पष्ट होता है कि खंण्डविकास अधिकारी पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार में लिप्त जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा की गई है।

## इतिहास दोहराता पाकिस्तान

इमरान खान को विभिन्न मामलों में आरोपी बनाकर लगभग 100 से ज्यादा आरोपों में अटक की जेल में सामान्य कैदियों की तरह रखा गया है, खैर यह तो होना ही था। पाकिस्तान का तो इतिहास ही रहा है कि उसके जितने अपदस्थ प्रधानमंत्री हुए हैं सब को जेल की हवा खानी पड़ी है। इमरान को भी इस बात को समझ जाना चाहिए था जिस तरह जुल्फिकार अली भुट्टो को जेल में कैद कर फांसी की सजा दे दी गई थी उसी तरह इमरान पर भी आरोप लगाकर पाकिस्तानी हुक्मरान जुल्फिकार की तरह का व्यवहार करने की तैयारी में है। भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 मैं स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नए-नए कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया गया, और काफी हद तक सफल भी रहा है । पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया ,विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान के इतिहास में 18 प्रधानमंत्रीयों ने कभी अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को विभिन्न आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी थी। उसके बाद उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या करवा दी गई ,नवाज शरीफ पर विभिन्न आरोप लगाकर लंदन में जाकर बसने को मजबूर कर दिया गया,बड़े दिनों वो वापस वतन लौटे है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से पूरा देश नियंत्रण से बाहर है। अब शहबाज शरीफ़ दूसरी बार प्रधान मंत्री बनें हैं।इमरान की लोकप्रियता देखते हुए इमरान खान को को जेल में डाला जाना पूर्व नियोजित ही था। 9 मई को जो अराजक तत्वों ने सरकारी इमारतों की तोड़फोड़ की उसका सारा आरोप इमरान खान पर लगाते हुए उन्हें एक बार गिरफ्तार भी कर लिया गया है। अब स्थिति यह है कि पाकिस्तान में आवाम को रोटी, चावल और पेट्रोल, गैस जैसी जरूरी चीजों के लिए तरसना पड़ रहा है। पाकिस्तान में अभी गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पाकिस्तान की सेना के जनरल मुनीर पाकिस्तान में इमरान खान को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने में लगे हुए हैं। इमरान खान के सभी बड़े समर्थक नेता पार्टी छोड़कर भाग चुके हैं। महंगाई बेरोजगारी और अराजकता पाकिस्तान में चरम सीमा पर है। प्रधानमंत्री शरीफ के पास देश को बचाने के लिए धनराशि भी नहीं है और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड, सऊदी अरेबिया, चीन ने पाकिस्तान की मदद करने से हाथ ऊपर खड़े कर लिए हैं। पाकिस्तान में गृह युद्ध की आशंका को इनकार नहीं किया जा सकता ऐसे में पाकिस्तान में 1971 की तरह बांग्लादेश के निर्माण की कथा व्यथा और इतिहास को दोहराने की संभावना दिखाई दे रही है। 1971 में बांग्लादेश के बंगबंधु मुजीब उर रहमान ने गृह युद्ध की घोषणा कर भारत की मदद से पाकिस्तानी सेना का सामना कर पाकिस्तान को मजबूर कर दिया था और पाकिस्तानी सेना के 83000 जवानों ने जनरल नियाजी के नेतृत्व में भारत के जनरल अरोड़ा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था इस तरह बांग्लादेश का पृथक से निर्माण हो पाया था। अब किसी तरह भी पाकिस्तान में फिर से गृह युद्ध होता है और मार्शल ला लगाया जाता है तो सिंध ,बलूचिस्तान और पाक अधिकृत काश्मीर के अलग होने की पूरी संभावना बन रही हैं वहां भी जनता पूरी तरह गृह युद्ध के तेवर में दिखाई देने लगी है। यदि ऐसा होता है तो पाकिस्तान के टुकड़े होने से कोई रोक नहीं सकता। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर 121 मुकदमें चलाए जा रहे हैं । पाक अधिकृत कश्मीर अलग स्वतंत्रत होने की पूरी तैयारी में है। दूसरी तरफ उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने आम जनता को दाल रोटी और चावल की कमी के कारण भूखमरी के हालात बन गए हैं पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री के सामने कई क्षेत्रों से चुनौतियां सामने आ रही हैं वह अपनी आवाम को खाना खिलाए या अपनी पुरानी उधारी का कर्ज कई देशों को वापस करें या फिर अपनी सेना को मार्शल ला लगाने से रोकें, शहबाज शरीफ अब पूरी तरह से लाचार दिखाई दे रहे हैं।

**संजीव ठाकुर**

## पहाड़, अब सौंदर्य नहीं विनाश के प्रतीक



तनवीर जाफ़री

गर्मियों से परेशान होकर प्रायः लोग पहाड़ों का रुख़ करते हैं। पहाड़ों पर जहां कम तापमान के चलते पर्यटकों को गर्मी से निजात मिलती है तथा शरीर व मस्तिष्क को सुकून मिलता है वहीं हमेशा से ही पहाड़ों का प्राकृतिक सौन्दर्य, ऊँची ऊँची गगन चुम्बी चोटियां, हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं, ग्लेशियर्स, पहाड़ों के लगभग हर मोड़ पर बहने वाले झरने, हरे भरे जंगल, ऑक्सीजन से परिपूर्ण ताज़ी आबो-हवा, गर्मी में भी सर्दी का एहसास दिलाने वाला वातावरण भी पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। परन्तु अब पहाड़ों की हक़ीक़त बदलने लगी है। हिमाचल प्रदेश की शिमला जैसी प्राकृतक सौंदर्यों से भरपूर ठंडी व ख़ूबसूरत राजधानी भी अब जनसंख्या, पर्यटकों व वाहनों के बढ़ते बोझ के कारण गर्मी का एहसास दिलाने लगी है।

पिछले दिनों भीषण गर्मी से निजात पाने के लिये पर्वतीय सीमा क्षेत्र सांगला की लगभग 400 किलोमीटर की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान पहाड़ों की जो स्थिति देखी वह अत्यंत दुखदायी थी। ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं अब हिम रहित हो चुकी हैं। जिन पर्वत श्रृंखलाओं पर करोड़ों वर्षों से बर्फ़ की मोटी चादर ढकी हुई थी वे अब अपना हिमावरण उतार चुकी हैं और पत्थरों के पहाड़ साफ़ नज़र आ रहे हैं। हिम रहित पर्वत श्रृंखलाओं के चलते ग्लेशियर भी लगभग समाप्त हो गए हैं। इसकी वजह से हिमाचल प्रदेश में लगभग पूरे वर्ष कल कल कर बहने वाले शीतल जल के झरने अब सूख चुके हैं। लगभग चार दशकों से पर्वतीय अंचलों की यात्रा के दौरान विभिन्न पर्वतीय राज्यों में मैं ने देखा है कि जिस जगह झरने /चश्मे प्रवाहित होते थे वहां पर्यटकों की अच्छी ख़ासी भीड़ जमा हो जाती थी।

कोई नहाता था कोई अपनी गाड़ियां धोता था कोई शीतल जल पीकर सुकून हासिल करता था। लोग फ़ोटो खींच कर अपनी पर्वतीय यात्रा के यादगार लम्हों को कैमरों में क़ैद कटे थे। कुछ स्थानीय लोग मक्के की छल्लियाँ या ऋतु के अनुसार कोई स्थानीय फल आदि बेचकर अपना जीविकोपार्जन किया करते थे। परन्तु अब तो यह बातें गोया कहानी क़िस्से बन चुकी हैं। पहाड़ शुष्क हो रहे हैं। पहाड़ों पर गर्मी बढ़ती जा रही है। शुष्क पर्वतों में भूस्खलन तेज़ी से हो रहा है। उस पर सोने पर सुहागा यह कि विकास के नाम पर सड़कों का चौड़ीकरण करने के लिये पर्वतों को काटा जा रहा है जिससे करोड़ों पेड़ धराशायी हो रहे हैं। पहाड़ों पर तेज़ धार से बहने वाली सतलुज,बसपा व स्पीति जैसी अनेक नदियां अब गोया नदी के बजाये नालों की शक्ल ले चुकी हैं। विद्युत उत्पादन के चलते जगह जगह इन नदियों की धार को रोककर जल विद्युत उत्पादन संयंत्र भी लगाए गए हैं। उधर पर्यटकों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसकी वजह से वाहनों का तांता लगा रहता है। पर्वतीय क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ने का यह भी एक अहम कारण है। ज़ाहिर है इस विश्वस्तरीय आपदा का ज़िम्मेदार और कोई नहीं बल्कि स्वयं मानव है जिसके चलते स्वर्ग रुपी सुन्दर पृथ्वी दिन प्रतिदिन नर्क बनती जा रही है। लिहाज़ा यह कहना ग़लत नहीं होगा कि चित्त को चैन व आँखों को सुकून देने वाले पहाड़ अब सौंदर्य नहीं बल्कि विनाश के प्रतीक बनते जा रहे हैं।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


# वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?



ललित गर्ग

**कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है।**

ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।



जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है। यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे।

# पेपर लीक के बढ़ते मामले चिंता का विषय



राजेश माहेश्वरी

"बीते कुछ महीनों में देश में विभिन्न प्रतियोगी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं। निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात-दिन एक करने वाले प्रतिभागियों के सपने चकनाचूर होने के समान तो है ही। वहीं इस तरह के मामलों से प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठ जाता है। मेडिकल परीक्षा की पुरानी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिये लाई गई नई व्यवस्था भी अब सवालों के घेरे में है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं, जिससे युवाओं और अभिभावकों में नाराजगी का माहौल है। नीट पेपर लीक मामले कीं पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय है। सिर्फ पेपरलीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि 'बड़ी मछलियां' भी हैं।



परीक्षाएं आयोजित करने वाली संस्थाओं से जुड़े लूप होल्स के कारण ही परीक्षाओं पर सवालिया निशान लगते रहते हैं। जैसे एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है वही कहावत यहां पर चरितार्थ होती है। धनबल से पेपर, परीक्षा केंद्र, पेपरसेटर आदि खरीदे जा सकते हैं। धनबल के इस खेल में सबसे ज्यादा नुकसान उन बच्चों का होता है जो ईमानदारी एवं एकाग्रतापूर्वक अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। सरकार ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की स्थापना की थी।

संसद के कानून से बनी इस स्वायत्त संस्था के जिम्मे राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा के संस्थानों मसलन इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए दाखिला परीक्षा आयोजित करना और उनके नतीजे देना है। इस संस्था को जिम्मेदारी दी गई कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के लिहाज से परीक्षाएं आयोजित करेगी। लेकिन नीट परीक्षा के नतीजों पर उठे सवालों ने इस संस्था और उसके कार्यों को संदेह के दायरे में ला दिया है। विवाद होने के बाद कुछ बच्चों और उनके अभिभावकों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करके नीट की परीक्षा फिर से कराने और दाखिले के लिए काउंसलिंग कराने पर रोक लगाने की मांग की। नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य घोर अनिश्चित हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? छात्रों के सामने उम्र निकल जाने का खतरा भी है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है? यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं।

युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है। परीक्षा-प्रणाली और उसके ईमानदार, पेशेवर तंत्र को आईएएस लॉबी के हवाले करना कोई सार्थक समाधान नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महा विशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं, लेकिन वे एनटीए की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को दो माह का समय दिया गया है। सर्वोच्च अदालत में भी एनटीए, नीट परीक्षा के मामले विचाराधीन हैं, जिनकी सुनवाई 8 जुलाई को है। एनटीए के अस्तित्व और आंतरिक सुधारों के अलावा, कई और सवाल पैदा हो गए हैं। निश्चित तौर पर यह मोदी सरकार के लिए गंभीर चुनौती है। यह राजनीतिक विवाद भी बन गया है और प्रतिपक्षी नेता शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं। बहरहाल विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए, क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। पेपर लीक होने पर कठिन परिश्रम करने वाले विद्यार्थी नियुक्ति से दूर रह जाते हैं। दूसरी तरफ नकल प्रवृत्ति के कारण अयोग्य विद्यार्थी नियुक्ति पा जाते हैं। ऐसे में परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पेपर लीक पर सरकार को सख्ती से कदम उठाने होंगे तभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बन पाएगी। जानकारों के मुताबिक परीक्षाओं में विश्वसनीयता बनाने के लिए पारदर्शी और मजबूत सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। एक ही एजेंसी से बार बार परीक्षा नहीं करवानी चाहिए। इसके लिए नियम बनाए जाने चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। खासकर कोचिंग सेंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाये जाते हैं। आरोप हैं कि इस परीक्षा में हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में परीक्षा देने वाले छात्रों को न्याय नहीं मिलता। तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई राज्य आरोप लगाते रहे हैं कि राज्य की भाषा के छात्रों को नई परीक्षा प्रणाली से नुकसान उठाना पड़ रहा है। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर पेपर लीक और उनके पीछे के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। सीबीआई जांच का निष्कर्ष क्या होगा और कब आएगा, वह भी अनिश्चित है। केंद्र सरकार ने एक कानून भी लागू किया है। बेहद गंभीर सवाल है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में युवा छात्रों का क्या होगा? नीट के अभ्यर्थी भी विभाजित हैं। क्या सफल युवाओं को उनके मेडिकल कॉलेज आवंटित किए जाएंगे या नीट परीक्षा का परिणाम ही रद्द कर दिया जाएगा और परीक्षा दोबारा होगी? यदि समिति और अदालत के अलग-अलग निर्णय सामने आते हैं, तो फिर युवा अभ्यर्थी क्या करेंगे? जो परीक्षा में सफल रहे हैं, क्या वे डॉक्टरी की पढ़ाई शुरू नहीं कर सकेंगे, यह बहुत अहम सवाल है। परीक्षाओं की पवित्रता का निर्वहन करने की बजाय समस्त परीक्षा एजेंसियां धन लोलुपता की शिकार हो चुकी हैं। बार-बार परीक्षाएं स्थगित या रद्द हो रही हैं। विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। कई कोचिंग क्लासेस केंद्र दलाल बन गए हैं। पेपर लीक से लेकर ग्रेसअंक और असामान्य अंक देना किसी भी परीक्षा संस्था के विरूद्ध सवालों की लड़ियां तो अवश्य खड़ा करेगा। केंद्र सरकार ने नकल विरोधी कानून पिछले दिनों लागू कर दिया है। इसके प्रावधावों को और कड़ा बनाया जाना चाहिए। निश्चित रूप से जहां नीट परीक्षा के पेपर लीक व ग्रेस मार्क्स में अनियमितताओं को लेकर उठे सवालों के समाधान तलाशने की जरूरत है, वहीं हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के परीक्षार्थियों के साथ न्याय होना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। परीक्षा के वर्तमान स्वरूप में व्यापक स्तर पर सुधार और साफ-सफाई करनी पड़ेगी, क्योंकि लाखों युवा भारतीयों का भविष्य दांव पर है।

# नशीले पदार्थों के उपयोग और व्यापार पर ठोस कारवाही जरुरी



सुरेश सिंह बैस शाश्वत

**मनुष्य नशीले पदार्थों का सेवन कई युगों से करता चला आ रहा है। नशीले पदार्थ हमेशा उसके लिये आनंद की वस्तु रहे है। पर अब जबकि हम इक्कीसवी शताब्दी में हैं ये नशीले पदार्थ आनंद की बजाय बर्बादी के वस्तु बन गये हैं। आज न केवल नशीले पदार्थों के प्रकार बढ़े हैं, बल्कि उनका सेवन करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। हमारे ही देश में पिछले कुछ दशकों में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों की संख्या में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। हमारे यहां प्रतिदिन लाखों गैलन शराब पी ली जाती है जिस पर अरबों रुपया खर्च होता है। इसके अलावा लोग भांग, गांजा, चरस, अफीम, तम्बाकू सहित कई प्रकार के नशीले दवाएं सिरप टेबलेट आदि नशीले पदार्थों के सेवन से देश, परिवार और स्वयं के बर्बादी का कारण बन जाते हैं। नशे की प्रवृत्ति से स्वास्थ्य में गिरावट, कार्य कुशलता में कमी और अनेक मानसिक विकृतियां उत्पन्न होने से सारा समाज समस्याग्रस्त है।**

कुछ वर्षो पूर्व तक शराब, भांग, गांजा, तम्बाकू, अफीम, चरस ही नशीले पदार्थों के रूप में जाने जाते थे। लेकिन अब नशे की दुनिया में कई दूसरे ही नाम चलन में है। और वे नशीले पदार्थों का प्रभाव कहीं ज्यादा घातक है। नए नशीले पदार्थों में माफीन, हेरोईन, हशीश, स्नैक,एल. एस. डी., मैण्ड्रेक्स ब्राउन सुगर कई प्रकार के सिरप और टेबलेट आदि नाम काफी प्रचलित हो चुके है। जहां इनकी कीमत बहुत ज्यादा है, वहीं इनका नशा गांजा, भांग, अफीम जैसे पुराने नशीले पदार्थों से कई गुना ज्यादा है।



नशे की ओर आदमी ज्यादातर तीन कारणों से बढ़ता देखा गया है। (1) मनुष्य नशे की और तब बढ़ता है जब वह परेशान व समस्याग्रस्त होता है। नशा आदमी को कुछ क्षणों के लिये वास्तविक जिंदगी की समस्याओं से दूर कल्पना लोक में ले जाता है। आदतन नशा करने वालों में ऐसे लोगों की संख्या सबसे ज्यादा देखने को मिलती है, (2) कई लोग नशे को शौक के रूप में अपनाते देखे गये हैं लेकिन बाद में नशे के गुलाम हो जाते हैं। एक बार नशे का चस्का लग जाने के बाद इससे छुटकारा पाना असंभव नहीं तो बहुत कठिन जरुर है। (3) कुछ मात्रा में लोग सफलता पाने के लिए नशे को अपनाते हैं। हालांकि यह जरूर कुछ अटपटा लगता है. सुनने में, लेकिप अब यह बात बिलकुल स्पष्ट हो गई है कि ओलंपिक सहित दूसरी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों द्वारा नशीले पदार्थों का सेवन किया जाता है। परीक्षाओं के समय विद्यार्थीगण भी ऐसी कई घातक दवाओं का घड़ल्ले से इस्तेमाल करते हैं। आज पूरी दुनिया में मुख्यतः नशीले पदार्थों के बाजार के रूप में और उनके उत्पादक देशों के रुप में पाकिस्तान बंगलादेश अफगानिस्तान और मैक्सिको आदि देश बदनाम हो चुके हैं। ये देश इस समय ब्राउन सुगर, हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों के सबसे बड़े उत्पादक हैं। भारत में अब इन नशीले पदार्थों की खपत काफी बढ़ गई है। शराब से राज्यों को होने वाली करोड़ों रुपये की आबकारी आय का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर चढ़ रहा है। इसके अलावा अफीम, गांजा, ब्राउन सुगर का उपयोग भी खतरनाक गति से बढ़ा है। आज देश में शांति और व्यवस्था की काफी बढ़चढ़ कर बातें की जाती हैं तथा योजनायें भी बनाई जाती है। लेकिन इसके मूल कारण को समझने की जरा भी प्रयास नहीं किया जाता। रोग नष्ट करने के लिये उनको जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा, केवल ऊपर से पत्तों को उखाड़ देने से कोई लाभ नहीं होता। नशीले पदार्थों का बढ़ता उपयोग राष्ट्रीय चिंता का विषय है। नशा बंदी के लिये कुछ÷वर्ष पूर्व बनाई गई कानून की धज्जियाँ उड़ रही हैं। मात्र कानून बना देने से ही इस बुराई का विनाश नहीं किया जा सकता। इसके लिये एक प्रबल जनमत जागृत करने की महती आवश्यकता है। जहां तक नये नशीले पदार्थों का सवाल है ये देश में तस्करी के द्वारा पहुंचते हैं अतः सरकार को इस पर कठोरता से रोक लगाना चाहिये। और नशे का व्यापार करने वालो के लिये कानून में मौत की सजा का प्रावधान होना चाहिये। हमारे देश में शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर लगे टैक्सों से सरकार को करोड़ों रुपयों की आय प्रतिवर्ष होती है। अतः सरकारें भी अपने राज्यों में करोड़ों रुपयों के लालच में इस समस्या पर काबू पाने के लिये इमानदार प्रयास नहीं करती अगर देश को नशे के क्रूर पंजों से बचाना है तो करों के रूप में मिलने वाली अपार धनराशि का त्याग करना ही पडेगा।

आज जैसे बिहार राज्य ने अपने पूरे राज्य भर में पूर्ण रूप से नशा बंदी लागू की है वह प्रशंसनीय कदम है। इससे बहुत कुछ सकारात्मक प्रभाव भी पड़ा है। नशा करनेसे अपराध पवृत्ति को भी बल मिलता है तथा अनैतिक कार्यों की वृद्धि होती है। अतः सरकार को कठोर नियमों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशा आदि पर कड़े प्रतिबंध शीघ्र लगाने चाहिये नशाबंदी केवल एक नारा बनकर न रह जाये।

# एसटीएफ को बड़ी सफलता, आरोपी के मोबाइल में मिला 30 पन्नों का पेपर, अभ्यर्थियों के दस्तावेज मिले



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ/ एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के मामले में एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ को आरोपी विशाल दुबे के मोबाइल से लीक कराए गए 30 पन्नों का प्रश्नपत्र मिला है। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि आरोपी ने पेपर को डिलीट कर दिया था। लेकिन इसे रिकवर कर लिया गया।

एसटीएफ ने सभी छह आरोपी विशाल, संदीप, अमरजीत, सुभाष, सुनील और विवेक को सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने रविवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ की पूछताछ में विशाल दुबे समेत अन्य आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने अलग-अलग जगहों से आठ अभ्यर्थियों को पेपर पढ़वाने के लिए भोपाल भेजा था। ये सभी नौ फरवरी को तय जगह पर भोपाल पहुंचे और सभी ने पेपर को अच्छी तरह से रीड किया। इस खुलासे पर अब एसटीएफ की टीम ने सभी आठ अभ्यर्थियों को आरोपी बनाने जा रही है।

एसटीएफ जल्द ही इन सभी को गिरफ्तार कर सकती है। एसटीएफ के सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में यह भी बताया कि इन अभ्यर्थियों से डील तय होने के बाद इनके दस्तावेजों को अपने पास जमा करवाया लिया था। इनमें दसवीं, बारहवीं, स्नातक समेत अन्य डिग्रियां और आधार कार्ड से लेकर अन्य दस्तावेज थे। एसटीएफ ने इनके कब्जे से सात लोगों के दस्तावेज को बरामद किया है। इनमें से एक अभ्यर्थी प्रयागराज जबकि अन्य उप्र के अन्य शहरों समेत बिहार के हैं। एसटीएफ ने इन सभी की कुंडली खंगालने के लिए ब्योरा इकट्ठा कर लिया है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही मामले में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। यह भी पता चला कि विशाल काफी समय से प्रिंटिंग से जुड़ा था। बताया गया कि संदीप और विशाल दोनों शहर में एक कोचिंग सेंटर खोलना चाहते थे।

## एडिशनल एसपी ने अर्धवार्षिक निरीक्षण कर जाना हाल

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली परिसर में मंगलवार को अर्धवार्षिक निरीक्षण में एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि अर्धवार्षिक निरीक्षण में थाना परिसर के अपराधिक रजिस्टर व संबंधित सभी प्रकार के रजिस्टरों की जांच की गई जिसमें कमीयो का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी सत्येंद्र राय को आवश्यक दिशा निर्देशित दिया कि असला प्रशिक्षण महिला कांस्टेबल को बीच-बीच में देते रहें जिससे कि वार्षिक निरीक्षण या अर्धवार्षिक निरीक्षण में महिलाओं को कोई समस्या उत्पन्न ना हो , वहीं एडिशनल एसपी ने बताया कि थाना परिषर के साफ सफाई व थाने पर आए फरियादियों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अपराध को नियंत्रण कर पीड़ितों की जांच कर तत्काल कार्रवाई किया जाए। इस दौरान एस आई संजय सिंह, एस आई अशोक यादव,एसएसआई राकेश सिंह,एस आई विमलेश सिंह,एस आई चंद्रशेखर सिंह, माया शकर शुक्ला,बृजेश पाण्डेय,सरीमन सोनकर ,राजेन्द्र प्रसाद यादव,सिंप्पी पटेल, दीक्षा पांडेय निहारिका पाण्डेय, सुनीता, भारती आदि लोग मौजूद रहे।




केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी नई दिल्ली में 64वीं आईएसओ परिषद बैठक भारत 2024 में भाग लेने पहुचे

# डीएम ने बीडीओ व सीडीपीओ कार्यालय तथा सीएचसी चित्तौरा का किया निरीक्षण



**बहराइच।** कार्यालयों एवं परिसर की साफ-सफाई, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, उपलब्ध संसाधनों इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय चित्तौरा, सीडीपीओ कार्यालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चित्तौरा का औचक निरीक्षण किया। ब्लाक कार्यालय में मनरेगा सेल के निरीक्षण के दौरान बीडीओ सौरभ पाण्डेय को निर्देश दिया कि अमृत सरोवरों के अवशेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करा लिया जाय। एडीओ पंचायत कक्ष के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि वर्ष 2023-24 व 2024-25 के व्यक्तिगत शौचालयों तथा सालिड वेस्ट मनेजमेन्ट से सम्बन्धित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। स्थापना पटल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि गार्ड फाइल को व्यवस्थित रखें तथा शासनादेशों को सुरक्षित रखा जाय। ब्लाक के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बीडीओ को यह भी निर्देश दिया कि वैकल्पिक ऊर्जा के लिए सोलर प्लान्ट लगवाएं तथा सभागार को सुसज्जित भी किया जाय। ब्लाक कार्यालय के निरीक्षण के उपरान्त डीएम मोनिका रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चित्तौरा का निरीक्षण कर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, इमरजेन्सी वार्ड व सामान्य वार्ड, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी, एक्सरे कक्ष व शीतल जल की उपलब्धता इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने चिकित्सकों को निर्देश दिया कि यहां पर आने वाले मरीज़ों को सीएचसी से ही दवाएं उपलब्ध करायी जाएं तथा बाहर की दवाएं न लिखी जाएं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. तबरेज़ को निर्देश दिया गया कि चिकित्सालय भवन व परिसर की साफ-सफाई और बेहतर रखी जाय तथा रिक्त स्थानों पर शोभाकार पौधे रोपित करा दिये जाएं। सीएचसी के निरीक्षण के दौरान सभी 06 चिकित्सक तथा 23 के सापेक्ष 21 पैरा मेडिकल स्टाफ उपस्थित पाये गये। जबकि 02 कार्मिक अवकाश पर थे। पंजीकृत मरीज़ों की संख्या 229 पायी गयी जिसमें से डॉ. शिप्राराल द्वारा 51, डॉ. अभय कुमार द्वारा 79, डॉ. रजत मेहरोत्रा द्वारा 25, डॉ. अब्दुल हन्नान द्वारा 11, डॉ. तबरेज़ अहमद द्वारा 15 तथा डॉ. संजय शुक्ला द्वारा 48 मरीज़ों का उपचार किया गया। संस्थागत प्रसव की संख्या 02 तथा 11 मरीज़ भर्ती पाये गये। पैथालोजी के माध्यम से मलेरिया के 05, बलगम के 17, ए.एन.सी. की 06 व ब्लड की 24 कुल 52 जांचे की गई थीं।

## प्रोफेसर शाफे किदवई सामाजिक विज्ञान संकाय के नए डीन नियुक्त

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के वरिष्ठ शिक्षक और सर सैयद अकादमी के निदेशक, प्रोफेसर शाफे किदवई को 26 जून, 2024 से उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि 7 अप्रैल, 2025 तक की अवधि के लिए सामाजिक विज्ञान संकाय का डीन नियुक्त किया गया है। एक प्रसिद्ध द्विभाषी विद्वान और आलोचक, स्तंभकार, एक प्रतिष्ठित संचार शिक्षाविद् और अनुवादक, प्रोफेसर किदवई को सर सैयद पर उर्दू में उनके विशिष्ट कार्य 'सवानह-ए-सर सैयद' के लिए देश का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें कलिंग पुस्तक पुरस्कार, मध्य प्रदेश सरकार के साहित्य के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार, इकबाल सम्मान और उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के साहित्यिक उपलब्धि के लिए सर्वोच्च पुरस्कार, अमीर खुसरो पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चूका है। सर सैयद पर उनके शोधपूर्ण कार्यो, जिसमें 2020 में रूटलेज द्वारा प्रकाशित उनकी बेस्टसेलर पुस्तक, 'सर सैयद अहमद खानः रीजन, रिलिजन एंड नेशन' शामिल है।

# सी.एम.एस. की मेजबानी में 15-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग प्रारम्भ

**आठ देशों से पधारे बाल प्रतिनिधियों का लखनऊ में हुआ भव्य स्वागत**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की मेजबानी में आयोजित 15-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग में अमेरिका, जर्मनी, नार्वे, स्वीडन, वियतनाम, इंडोनेशिया, पुर्तगाल एवं भारत के बाल प्रतिनिधि लखनऊ में साथ-साथ रहकर एकता व शान्ति का संदेश सारे विश्व में प्रवाहित कर रहे हैं। सी.एम.एस. की मेजबानी में यह अन्तर्राष्ट्रीय युवा मीटिंग 'सस्टेनबल डेवलपमेन्ट' विषय पर 24 जून से 8 जुलाई तक आयोजित की जा रही है जिसमें विश्व के 8 देशों से पधारे 12 से 13 वर्ष उम्र के पाँच सदस्यीय बाल दल अपने टीम लीडर के नेतृत्व में प्रतिभाग कर रहे हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय युवा मीटिंग का प्रमुख उद्देश्य सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न देशों के नन्हें-मुन्हें बच्चों के विचारों को प्रमुखता देना है। आठ देशों से पधारे किशोरों का यह समूह शांति शिक्षा के चार प्रमुख बिन्दुओं विभिन्नता, विद्रोह समाप्ति, मानवाधिकार, सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट एवं नेचुरल इन्वार्यनमेन्ट पर चर्चा-परिचर्चा करके अपने विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं, साथ ही मित्रता, सौहार्द, आपसी भाईचारे से ओतप्रोत एक नई विश्व संस्कृति का निर्माण भी कर रहे हैं। श्री खन्ना ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग में प्रतिभाग हेतु विभिन्न देशों से पधारे छात्रों का लखनऊ की सरजमीं पर भव्य स्वागत हुआ तथापि अभूतपूर्व स्वागत से ये बच्चे खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। इन बच्चों का कहना था कि हम एकता व शान्ति का संदेश लेकर लखनऊ आये हैं। श्री खन्ना ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग का उद्देश्य विभिन्न देशों के छात्रों में शान्ति व एकता की भावना सुदृढ़ करने के साथ ही युवा छात्रों की सोच को विस्तृत एवं विश्वव्यापी बनाना है जिससे उनमें साँस्कृतिक, अन्र्तसांस्कृतिक एवं अन्तर्राष्ट्रीय समझ विकसित हो।

# ब्रिटिश जेल से बाहर आए असांजे

**अमेरिका से हुए समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया लौटने का रास्ता साफ**

**वॉशिंगटन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को लेकर बड़ी खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि उनका ब्रिटिश जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, वे अमेरिका के साथ समझौते के तहत आरोप कबूल करने को तैयार हो गए हैं। इसके बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया। अब उनके वापस अपने वतन ऑस्ट्रेलिया लौटने का रास्ता भी साफ हो गया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया कि असांजे अमेरिकी अदालत में सैन्य रहस्यों को उजागर करने का आरोप मानने को तैयार हो गए हैं। इसके बदले उन्होंने अपनी रिहाई की मांग की थी। ऐसे में कोर्ट में अपना जुर्म कबूल करते ही वर्षो पुराने कानूनी ड्रामे पर भी ब्रेक लग गया। अमेरिकी के मारियाना द्वीप समूह की कोर्ट में दायर किए गए दस्तावेज के मुताबिक, असांजे राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी पाने और उसे फैलाने की साजिश के एक भी मामले में दोषी ठहराए जाएंगे। असांजे अब तक ब्रिटेन में हिरासत में थे। विकीलीक्स ने मंगलवार सुबह ब्रिटिश समयानुसार दावा किया कि जूलियन असांजे अब आजाद हैं। उन्होंने ब्रिटेन छोड़ दिया है। वे स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह अमेरिका पहुंच सकते हैं। 52 साल के ऑस्ट्रेलियाई नागरिक असांजे पर अमेरिकी सरकार ने 2010 में इराक और अफगानिस्तान में जंग से जुड़े गोपनीय दस्तावेजों को लीक करने में उनकी भूमिका का आरोप लगाया था। असांजे पर जासूसी के 17 आरोप और उनकी वेबसाइट पर अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन को लेकर कम्प्यूटर के दुरुपयोग का एक आरोप था। असांजे ने सात साल तक लंदन में इक्वाडोर के दूतावास में शरण ली थी। इसके बाद पिछले पांच साल उन्होंने ब्रिटेन की जेल में बिताए। बताया जा रहा है कि असांजे को 62 महीने की जेल तक की सजा हो सकती है। हालांकि, असांजे ने ब्रिटेन की जेल में करीब पांच साल यानी 60 महीने बिताए हैं तो इससे उनकी सजा पूरी मानी जाएगी। ऐसे में वह अपने मूल देश ऑस्ट्रेलिया लौट सकते हैं।

# उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गैरकानूनी ढंग से कटवा डाले 1100 पेड़ : आप




**नई दिल्ली।** रिज क्षेत्र में उसकी अनुमति के बिना पेड़ों की कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डीडीए से पूछा कि यह कैसे किया गया और यह जवाब दें कि क्या दिल्ली के एलजी इसके अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने इसे मंजूरी दी थी। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने डीडीए के कार्यकारी अभियंता सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा लगता है कि पेड़ों की कटाई के लिए पूरा दोष अधिकारियों पर मढ़ा जा रहा है। आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के इस्तीफे की मांग करते हुए आरोप लगाया कि शहर के दक्षिणी रिज क्षेत्र में ÷1,100 पेड़ों की कटाई÷ में उनकी भूमिका थी।

डीडीए की ईमेल से साफ़ है कि इन पेड़ों को काटने की इजाज़त थी। डीडीए के अधिकारियों को मालूम था कि इन 1100 पेड़ों को काटने की इजाज़त इनके पास नहीं है। इसको लेकर कोर्ट में झूठ बोला गया। इस झूठ का खुलासा भी डीडीए के एक अधिकारी के ईमेल में होता है। इस ईमेल में लिखा हुआ है कि एलजी साहब वहां गये थे। डीडीए की ईमेल से साफ़ है कि इन पेड़ों को काटने की इजाज़त एलजी साहब की तरफ़ थी। डीडीए के अधिकारियों को भी मालूम था कि इन 1100 पेड़ों को काटने की इजाज़त ज़िम्मेदार संस्था से नहीं ली गई। लेकिन इसके बावजूद पेड़ काट दिए गए। इसको लेकर भी कल कोर्ट में झूठ बोला गया। सुप्रीम कोर्ट ने कल दिल्ली के अंदर 1100 पेड़ों को गैरकानूनी तरीके से काटने के मामले की सुनवाई Contempt के अंदर की। इन पेड़ों को पहले ही काटा गया था लेकिन अब ये लोग कोर्ट के अंदर इजाज़त लेने पहुंच गये और यहां ये लोग पकड़े गये। इसमें डीडीए फँस गया। मैं सभी अख़बार के साथियों से कहना चाहता हूँ कि अगर दिल्ली में Drain बन रही हो और पेड़ की जड़ दिख जाए तो आधे Page की ख़बर छपती है। लेकिन दिल्ली में 1100 पेड़ कट गये और आधी अधूरी ख़बर छपती है। आप दोस्ती निभाइए लेकिन दिल्ली के लोगों को बात तो करिए, 1100 पेड़ कटे हैं, पूरी ख़बर तो छापिए।

# भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर कर दिया साफ



**विधानसभा चुनाव में नीतीश ही चेहरा**

**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में भले ही भारतीय जनता पार्टी के पास सबसे ज्यादा विधायक हो लेकिन विधानसभा चुनाव वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगी। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने फिर से यह बात स्पष्ट कर दी है। 2020 के विधानसभा चुनाव में जिस तरह से एनडीए उम्मीदवार सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनावी मैदान में उतरे थे, उसी तरह इस बार यानी 2025 के चुनाव में भी उतरेंगे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने पहले भी यह बात साफ कर चुके हैं। उनकी बात को दोहराते हुए अब भाजपा के वरीय नेता नीरज कुमार ने कहा कि 2025 का विधानसभा चुनाव हमलोग नीतीश कुमार जी के कुशल नेतृत्व में लड़ेंगे और अपार बहुमत के साथ सरकार बनायेंगे। हमारी पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व दोनो का यही फैसला है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने इस बात की घोषणा पहले ही कर दी थी कि बिहार में भाजपा नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही आगे भी रहेगी। लोकसभा सीट बंटवारे के समय सीट घटाए जाते समय ही भारतीय जनता पार्टी की ओर से जनता दल यूनाइटेड को इस बात का आश्वासन दिया गया था और बाकी घटक दलों ने भी उसी को देखते हुए कम सीटों पर समझौता किया था। लोग लगातार सवाल कर रहे थे कि क्या 2025 के विधानसभा में भाजपा सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाड़ लड़ेगी? इस सवाल का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा था कि इसमें दिक्कत क्या है? बिहार में 1996 से नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा चुनाव लड़ रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।

# स्पीकर पदः बिगड़ी बात राजनाथ की चुप्पी के बाद टूटी सर्वसम्मति की डोर

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन में रार मच गई है। आजादी के बाद पहली बार लोकसभा स्पीकर का चुनाव होने जा रहा है। विपक्षी गठबंधन ने भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार दिया है। केरल से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने इंडिया गठबंधन उम्मीदवार बनाए गए हैं। के. सुरेश का मुकाबला एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला से होगा। बिरला 17वीं लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके हैं। संसद में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए आम सहमति बनाने को लेकर विपक्षी नेताओं की केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संसद में मुलाकात हुई। लेकिन इस बैठक में भी आम सहमति नहीं बन सकी। विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने राजनाथ सिंह से कहा कि हम एनडीए उम्मीदवार के समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष के नाम पर आम सहमति बनाने के लिए सभी विपक्षी दलों के नेताओं से संपर्क किया था। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी बात की थी। खरगे ने रक्षा मंत्री से कहा था कि हम एनडीए उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। लेकिन ये समर्थन हम तभी देंगे, जब विपक्ष को उपसभापति का पद मिले। इस पर राजनाथ सिंह ने उन्हें फिर से कॉल करने की बात कही थी। सूत्रों के मुताबिक राजनाथ सिंह ने विपक्ष को उपसभापति पद की मांग पर कोई आश्वासन नहीं दिया। मंगलवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष के लिए आम सहमति बनाने को लेकर एक बार फिर विपक्षी नेताओं की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुलाकात हुई। लेकिन इस बैठक में भी आम सहमति नहीं बन सकी। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में राजनाथ सिंह ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को बताया कि स्पीकर के लिए हम ओम बिरला के नाम पर आप सभी का समर्थन चाहते हैं।

इस पर विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि हम समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? वह पद विपक्षी गठबंधन को मिलना चाहिए। लेकिन विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। राजनाथ की तरफ से जवाब नहीं मिलने पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने उनसे कहा कि कल आपने कहा था कि हम डिप्टी स्पीकर को लेकर आपको मंगलवार सुबह बताएंगे। लेकिन अभी तक आपने बताया नहीं है। राजनाथ की तरफ कोई ठोस जवाब नहीं मिलने के बाद केसी वेणुगोपाल और डीएमके नेता टीआर बालू राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव लड़ेगा, उन्होंने सरकार पर डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने में आनाकानी करने का आरोप लगाया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी पार्टी की राय है कि उपसभापति विपक्ष का होना चाहिए। मंगलवार सुबह कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार कहा था कि विपक्ष को सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग करना चाहिए। सोमवार शाम को राजनाथ सिंह ने मल्लिकार्जुन खरगे को फोन किया और उनसे लोकसभा अध्यक्ष पद पर समर्थन देने को कहा।

पूरे विपक्ष ने कहा कि हम लोकसभा अध्यक्ष का समर्थन करेंगे, लेकिन परंपरा यह है कि उपसभापति का पद विपक्ष को दिया जाना चाहिए। राजनाथ सिंह ने कहा कि वे मल्लिकार्जुन खरगे को फिर से फोन करेंगे, लेकिन उन्होंने अभी तक ऐसा नहीं किया है। पीएम मोदी विपक्ष से सहयोग मांग रहे हैं लेकिन हमारे नेता का अपमान हो रहा है। सरकार की नीयत साफ नहीं है।

# ओवैसी ने शपथ लेने के बाद लगाया जय फलस्तीन का नारा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में सांसदों का शपथग्रहण जारी है। इस बीच तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से एक बार फिर चुनकर सांसद बने असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में अपने शपथग्रहण से नए विवाद को जन्म दे दिया। दरअसल, ओवैसी ने शपथ लेने के आखिर में जय फलस्तीन का नारा लगाया। इसे लेकर सोशल मीडिया यूजर्स ने उन पर निशाना साधा।

ओवैसी ने अपनी शपथ के अंत में कहा, ÷जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फलस्तीन, तकबीर अल्लाह-हू-अकबर। ओवैसी ने इस बयान को लेकर बाद में पत्रकारों से कहा, ÷जो मैंने कहा वो आपके सामने है। सब बोल रहे हैं। क्या नहीं बोले। ये किसके खिलाफ है आखिर। बताइए संविधान का कौन सा प्रोविजन है। जो लोग विरोध करते हैं, उनका काम ही वही है। छोड़िए, अब क्या कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, ÷आज एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में जय फिलिस्तीन का जो नारा दिया है वह बिल्कुल गलत है। यह सदन के नियम के खिलाफ है।

ये भारत में रहकर भारत माता को जय नहीं बोलते... लोगों को समझना चाहिए कि ये देश में रहकर असंवैधानिक कार्य करते हैं। वहीं, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि फलस्तीन या किसी और देश से हमारी कोई दुश्मनी नहीं है। शपथग्रहण के दौरान ऐसे किसी देश के लिए नारे लगाना नियमों में है या नहीं, ये हमें देखना पड़ेगा। ओवैसी के इस बयान पर सोशल मीडिया पर यूजर्स भड़क गए। @AshishSogun_ हैंडल से एक यूजर ने पोस्ट में कहा- आपको वोट भारत ने दिया है, फलस्तीन ने नहीं। वहीं एक और यूजर @Abhishek_UP_ ने लिखा, वे फलस्तीन जाकर ही क्यों नहीं रहने लगते। @Shivam_h~ ने कहा, ÷फलस्तीन को बीच में लाने के लिए इन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** भाजपा पूरे देश में युवा पीढ़ी को संदेश देने के लिए प्रत्येक जनपद में कांग्रेस द्वारा राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50 वीं बरसी को विरोध स्वरूप %काला दिवस% के रूप में मना रही है। इसी के अंतर्गत मंगलवार को भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशहवाह के संयोजन में %जिला संगोष्ठी% का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठनात्मक जनपद प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक सरिता भदौरिया उपस्थित रही। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संगठनात्मक जनपद प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि का देश में आपातकाल घोषित किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा की थी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल के बहाने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के नागरिकों के अधिकारों का हनन किया था। न्यायपालिका में हार को इंदिरा पचा नहीं सकीं थी और देश में मात्र रेडियो पर संदेश प्रसारण के जरिये ही आपातकाल लागू कर दिया गया था। लाखों लोगों को जेल में डाल दिया गया था। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि आज से 50 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक ऐसा फैसला किया, जिसने लोकतंत्र की नींव को हिलाकर रख दिया था। उन्होंने



संविधान की धारा 352 के तहत देश में आपातकाल की घोषणा कर दी थी। लोगों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए। सभी प्रमुख विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। बिना सरकार की अनुमति के खबर छापने पर रोक लगा दी गई थी। आपातकाल के समय जनसंघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को खोज-खोज कर उन्हे जेल में डाला गया। उनके साथ बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया गया। उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने पद और राजनैतिक महत्वाकांक्षा के लिए आपातकाल लगाया था।

अपने समापन उद्बोधन में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के लिए किसी काले पन्ने से कम नहीं है। इस दिन को यादकर कर भारतीय का सर शर्म से झुक जाता है। आपातकाल के ऐलान के साथ ही नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। अभिव्यक्ति का अधिकार ही नहीं, लोगों के पास जीवन का अधिकार भी नहीं रह गया था। लोगों को जबर्दस्ती पकड़ पकड़ कर नसबंदी करवाई गयी। 25 जून की रात से ही देश में विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो गया था। जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नाडीस सरीखे बड़े नेताओं को जेल में ठूंस दिया गया था। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों द्वारा लोकतंत्र सेनानियों, कलक्टर सिंह, ग्रीस चन्द्र, पवन जैन, अनिल गुप्ता, सहदेव सिंह, चन्दन सिंह, प्रेम सिंह, मुन्नी ओमप्रकाश सिंह, चौधरी रणवीर सिंह एवं गीता देवी का अंगवस्त्र भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से संगठन प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, सदर विधायक सरिता भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व सांसद/विधायक रघुराज शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया, शिवकिशोर धनगर, जिला मंत्री एवं कार्यक्रम सह-संयोजक ममता कुशवाहा, चक्रेश जैन, रजत चौधरी, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विमल भदौरिया, पंकज दीक्षित, कृष्ण मुरारी गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू चौधरी सहित भाजपा पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चाओ के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाषा वि.वि. एवं नोवेल अकादमी नेपाल के मध्य हुआ समझौता

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं नोवेल अकादमी, पोखरा, नेपाल के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है जिसमें दोनों ही पक्षों ने अकादमिक विनिमय के द्वारा सांस्कृतिक एवं अकादमिक मूल्य संवर्धन पर सहमति व्यक्त की है। दिनांक 22 व 23 जून, 2024 को पोखरा में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रतिभाग करनें गये भाषा विश्वविद्यालय के नोडल अफसर एम0ओ0यू0 डॉ0 नीरज शुक्ल एवं नोवेल अकेडेमी के सीईओ श्री विश्वेश्वर आचार्य ने उक्त समझौता ज्ञापन को हस्ताक्षरित किया। इस एम0ओ0यू0 के बारे में बताते हुए भाषा विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ0 नीरज शुक्ल ने बताया कि यह एम0ओ0यू0 दोनों ही संस्थानों के अकादमिक विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। उक्त कार्यक्रम में देश विदेश के कई विद्वानों के अतिरिक्त एस0एस0पी0जी0 कॉलेज, शाहजहाँपुर के पूर्व प्राचार्य प्रो0 अनुराग अग्रवाल एवं डीन वाणिज्य प्रो0 एहतेशाम अहमद, डॉ0 मनीष कुमार एवं डॉ0 अनुभव तिवारी आदि सम्मिलित रहे।

# उर्दू बीटीसी 2008 बैच: चयन वेतनमान लगाने का आदेश निर्गत करने पर गुलदस्ता देकर आभार व्यक्त किया

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार के कार्यालय में विशिष्ट बीटीसी 2009 बैच एवं उर्दू बीटीसी 2008 बैच के शिक्षकों द्वारा चयन वेतनमान लगाने का आदेश निर्गत करने पर सभी ने उनका फूलमालाओं एवं गुलदस्ता देकर आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधि मंडल में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय द्विवेदी ने बताया कि बीएसए सर ने जल्द ही प्रोन्नति वेतन मान का लाभ शिक्षकों को देने का आश्वासन दिया है अटेवा इटावा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने कहा कि काफी समय से हम लोग इस मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहे थे और सफलता भी मिली यह अलग बात है कि थोडा समय विशेष कारणों से



अवश्य लगा। राजेश जादौन ने कहा इतनी ईमानदारी के साथ चयन वेतनमान लगना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की पारदर्शी कार्यशैली का उदाहरण है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से सहयोग की अपील करते हुए केवल अपना दायित्व ईमानदारी से निभाने की अपील की और विभागीय समस्या पर साथ खड़े होने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत प्रतिनिधि मंडल ने लेखाधिकारी राजकुमार यादव से मुलाकात कर गुलदस्ता देकर एवं लड्डू खिलाकर आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यालय में उपस्थित समस्त कर्मचारियों को लड्डू खिलाकर मुहँ मीठा कराया गया। प्रतिनिधि मंडल में रामजनम सिंह भदौरिया अहसान अहमद रईश अहमद विनोद राजपूत विनय दीक्षित अच्युत त्रिपाठी नीतिका, प्रीती गुप्ता पवन दीक्षित अरुण पांडेय राजेश मिश्रा धर्म नारायण चौधरी देवेश कुमार आलोक कुमार अम्बरीष कुमार नीरज दुबे संजय चतुर्वेदी सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

# गो हत्या, मोबलीजिंग के नाम पर मुसलमानों पर अत्याचार बंद करने को राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत में नफरत वादी संगठनों के द्वारा गौ हत्या लव जिहाद जैसे निराधार आरोप लगाकर की जा रही बेगुनाह मुसलमानो की मोब लिंचिंग हत्याओं के विरोध में राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा भारत मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में एक ज्ञापन जिला अधिकारी महोदय मथुरा के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया।

उक्त ज्ञापन में निम्न आरोपों को अंकित करते हुए संवैधानिक कार्यवाही की मांग की गई है। मुहम्मद फरीद उर्फ औरंगजेब, गुड्डू खान, चांद मियां खान, सद्दाम कुरैशी, प्रतापगढ़ के जमीयत उलमाए हिंद के जिला अध्यक्ष मौलाना फारूक कासमी, मुरादाबाद के भेसिया गांव की मस्जिद के इमाम मौलाना अकरम की निर्ममता पूर्वक की गई मौबलिंचिंग और हत्याएं एवं उत्तराखंड के समीर उर्फ सिद्धार्थ चतुर्वेदी के द्वारा कुरान का अपमान करते हुए जानबूझकर वीडियो वायरल किया गया ताकि देश में हिंदू और मुसलमान के नाम पर धार्मिक दंगा भड़काया जा सके तथा लखनऊ उत्तर प्रदेश स्थित अकबरनगर में पिछले 70 सालों से रह रही है बड़ी आबादी के 1200 मकान को बीते सप्ताह में सरकार के द्वारा अवैध बस्ती बताकर तोड़ दिया गया जबकि सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाए बिजली पानी सड़क स्कूल और पीएम आवास दिए गए थे ऐसी बस्ती को अवैध बताकर उनके घर और मकानो को तोड़कर उन्हें विस्थापित कर उनका मौलिक एवं नैसर्गिक अधिकार से वंचित कर दिया गया ज्ञापन में जो मांगे की गई है वह निम्नवत है। हत्या के दोषियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कम से कम समय में फांसी या आजीवन कारावास की सजा दी जाए ताकि दूसरा कोई व्यक्ति इस तरह के जघन्य अपराधिक घटना करने की सोच भी ना सके। जिन निर्दोष व्यक्तियों की हत्याएं की गई है उनके आश्रितों को मुआवजे के तौर पर एक एक करोड़ रुपये एक सरकारी नौकरी और उनके परिवार को स्थाई सुरक्षा दी जाए साथ ही शासन प्रशासन के द्वारा उनके बच्चों के पढ़ने की पूरी शिक्षा व्यवस्था की जाए। पूरे देश भर में इस तरह के अपराधों को संरक्षण व बढ़ावा देने वाले संगठनों पर यथाशीघ्र पाबंदी लगाई जाए जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। , जिन परिवारों को गैरकानूनी कार्रवाई के माध्यम से बेघर किया गया है ऐसे परिवारों को यथाशीघ्र जमीन आवंटित कर उस पर भवन निर्माण करा कर हुए नुकसान की प्रतिपूर्ति करते हुए उनका पुनर्वास किया जाए। असंवैधानिक तरीके से विस्थापित किए गए विस्थापितों को शारीरिक मानसिक और आर्थिक क्षति के रूप में 50 लाख रुपया मुआवजा के तौर पर दिया जाए 6 इस्लाम धर्म से जुड़ी हुई समस्त धार्मिक धरोहरों प्राचीन व नई एवं धर्म ग्रंथो को संरक्षण प्रदान किया जाए जिससे कि कोई नफरती व्यक्ति धार्मिक स्थलों को क्षति न पहुंच सके एवं इस्लाम धर्म से जुड़े धर्म ग्रंथो और मान्यताओं पर किसी भी तरह की कोई टीका टिप्पणी न कर सके साथ ही इस पर कठोर कानून बनाया जाए उपरोक्त मांगों पर तत्काल प्रभाव से यदि कार्रवाई नहीं की गई तो भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र निषाद प्रदेश उपाध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह निषाद, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के चौधरी इसराइल खान, डॉ अंबेडकर सामाजिक अधिकार मंच के संस्थापक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, भारत मुक्ति मोर्चा के मोहन सिंह, ऑल इंडिया जमीतुल कुरैश के जिलाध्यक्ष मौ.तौफीक, बहुजन मुक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष मैराज अली, महताब सिंह, बबलू कुरैशी, कैलाश बौद्ध, पूर्व सभासद गब्बर कुरैशी, इमरान कुरैशी, रईस अहमद, बिजेंदर बौद्ध, वसीम अहमद, सलीम खान, अब्दुल रशीद नेताजी, मुस्तकीम कुरैशी, मनीराम, इब्बो नेताजी, हाशिम कुरैशी, श्यामवीर, मौ. शाकिर कुरैशी, मनीष कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

# एसएमजीआई में एकेटीयू की परीक्षा में पारुल बनी टॉपर



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में अध्ययनरत् बीफार्मा के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने एक बार फिर अपने शानदार परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की। संस्था के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि, एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोशित बीफार्मा प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी फार्मा प्रथम सेमेस्टर में पारुल ने 86.62 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, देव बाथम ने 85.93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, इंद्रजीत बाथम एवं रिषभ गुप्ता ने 84.66 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, पीयूश शाक्य ने 84.41 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं तनिशका राठौर ने 83.17 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। बी. फार्मा तृतीय सेमेस्टर में वर्षा राठौर ने 83.46 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, विमल प्रताप ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, शैलवी ने 80.53 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, रितिका ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं सुमित कुमार ने 77.33 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डा0 विवेक यादव ने संस्था के इस शानदार परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा व समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सैनिक बंधु की बैठक

**हरदोई।** आज विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक आहूत हुई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी मिश्रा ने सबसे पहले लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी को बधाई दी। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि पूर्व सैनिकों को चिन्हित दुकानों के आवंटन की कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ाई जाये। पूर्व निर्धारित दोनों शहीदों की मूर्तियां जल्द स्थापित करायी जाएं। शहीदों के ग्रामों में शहीद के परिवार के साथ कार्यक्रम कराया जाये। शहीद के परिवार के सदस्य द्वारा कार्यक्रम का उदघाटन कराया जाये। पूर्व सैनिकों के साथ होने वाली साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाये। पूर्व सैनिकों के साथ सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सम्मानजनक व्यवहार किया जाये। इस अवसर पर समस्त सम्बंधित अधिकारी व पूर्व सैनिक बंधु उपस्थित रहे।

# बदहाल यमुना, भक्तों की भावनाएं आहत, पानी छोड़े जाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**बलदेव (मथुरा)।** बलदेव के खड़ैरा गांव स्थित यमुना नदी जो कि सारे जगत की यमुना मैया है, लेकिन अपनी बदहाल अवस्था में लाखों आंसू बहा रही है, जिससे यमुना भक्तों की भावनाएं आहत हो रहीं हैं। जब जिम्मेदार ही आंखों पर पट्टी बांध कर मूकदर्शक बने हुए हैं। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसमें पानी के नाम पर गंदा पानी कीचड़युक्त पानी है जो कि गढ्ढे के रुप में रह गया। आए दिन यहां सैकड़ों लोग स्नान करने आते हैं लेकिन पानी न होने से निराश व हताश हो रहें हैं। यमुना भक्तों की भावनाएं आहत हो रहीं हैं। यमुना भक्तों में आक्रोश व्याप्त है। बलदेव से खड़ैरा घाट यमुना जी तीन किलोमीटर दूर है। यमुना नदी किनारे खड़ैरा घाट समीप में ही राम दुलारे तुम रखवाले प्रसिद्ध आश्रम है। ब्रज के प्रसिद्ध व प्रख्यात संत स्वर्गीय बाबा हरिदास महाराज का महत्वपूर्ण स्थान है। यमुना नदी वर्तमान में बदहाल अवस्था हाल बेहाल अवस्था में है, यमुना नदी मात्र एक छोटा सा गंदा नाला कीचड़ युक्त बन कर रह गई है, गंदगी व कीचड़ से लथपथ हो गई है, गढ्ढानुमा यमुना नदी बन गई है। यमुना में पानी नहीं होने से यमुना शो-पीस बनकर रह गई है। लोगों ने स्नान तो दूर-दूर की बात है आचमन करने से कतराते हैं। चारों ओर केवल और केवल थोड़ा सा गंदा पानी गढ्ढे के रुप में रह गया है। खड़ैरा घाट पर देख-रेख के अभाव में घाटों की साफ-सफाई तक नहीं हुई है, चारों ओर गंदगी का आलम है। घाटों पर मिट्टी के ढेर व पेड़ पौधे झाड़ आदि लगे हैं। रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था समुचित व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों ने घाटों की विशेष साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, रात्रि में समुचित प्रकाश व्यवस्था की मांग की है।

## यमुना की साफ सफाई हो,यमुना में जल छोड़ा जाए: सुजीत

स्थानीय सुजीत वर्मा ने बताया कि यमुना नदी की बदहाल अवस्था से स्थानीय लोगों को बड़ी दिक्कत हो रही है, भक्तों की भावनाएं आहत हो रहीं हैं, जिम्मेदार ही इससे मुंह मोड़ रहे हैं, घाटों की साफ सफाई नहीं हो रहीं हैं, गंदगी का आलम चारों ओर दिखाई दे रहा है। यमुना नदी की हालत देखकर ऐसा नहीं लगता यह वही पतित पावनी यमुना मैया है, बल्कि वर्तमान में यमुना गड्ढे के रूप में गंदगी व कीचड़ युक्त बनकर रह गई है, इसमें लोग स्नान तो दूर आचमन करना भी उचित नहीं समझते, इसकी साफ सफाई की जाये।

# नायव तहसीलदार गोवर्धन पर किसानों ने लगाए अरोप

अवधनामा संवाददाता

■ पीड़ित किसानों ने नायब तहसीलदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**मथुरा।** गोवर्धन तहसील के मथुरा मार्ग पर स्थित गांव अडीग के किसान अपनी समस्याओं को लेकर मंगलवार को गोवर्धन तहसील पहुंचे।जहा पीड़ित किसानों ने गोवर्धन नायब तहसीलदार अवनीश यादव पर भूमाफियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है।और गोवर्धन एसडीएम नीलम श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंपा है।जिसमें पीड़ित किसानों का शिकायती पत्र के माध्यम से कहना है कि वह खसरा संख्या 150क 143,146 नक्शा व नकल में पाक साफ हैं।जिस पर खेतो में बोई गई फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए बाउंड्री करा रहे है।जिसको नायब तहसीलदार द्वारा रुकवा जा रहा है।कभी डराते धमकाते तो कभी मुकदमा लगाने की धमकी देते है।जिससे वह काफी भयभीत है।तो वह कभी सरकारी जमीन बताते है तो कभी अपने रिश्तेदार व मिलने वालों की बताते है।जिस वजह से वह अपने खेतो की बाउंड्री नहीं करा पा रहे है।तो कभी अडीग पुलिस चौकी पर दबाव बनाकर काम न कराने की बात कहते है।वहीं पीड़ित किसानों का कहना है नायब तहसीलदार के इस तरह के व्यवहार को देखकर लगता है।वह जरूर भूमाफियों से मिले हुए है।किसानों की जमीन पर कब्जा कराना व विवाद कराने की मंशा बनाए हुए है।वहीं सभी पीड़ित किसानों ने नायब तहसीलदार के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।इस मौके पर बच्चू सिंह, ब्रजकिशोर, रूप सिंह, रवि,पवन, पप्पू, गोपी, भगवान सिंह, चंदन सिंह ,रासबिहारी ,मोहित ,रामप्रसाद ,जगदीश ,अशोक, नरेश साहित लगभग दो दर्जन से ज्यादा अधिक किसन व ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाकियू भानू के कार्यकर्ताओं ने किया मंडी सचिव कार्यालय पर प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग के लिए मंडी सचिव कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। मंडी सचिव राजेंद्र सिंह की अनुपस्थिति में कार्यवाहक मंडी सचिव पंकज शर्मा को किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की। भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता जय जवान जय किसान, जो अधिकारी न्यायी है वह हमारा भाई है आदि नारे लगाते हुए मंडी सचिव कार्यालय पहुंचे। जहां पर जोर दार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर यूनियन के महानगर संयोजक विजय सिंघल, महानगर के प्रमुख महासचिव सुनील चौधरी , महानगर सचिव प्रदीप कुमार ने कार्यवाहक मंडी सचिव को अवगत कराया मथुरा मंडी समिति में किसानों के अनाज के लिए कोई भी टीन सेड खाली नहीं है। सभी टीन सेड पर व्यापारियों के कब्जे हैं। जिससे किसानों का अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा रहता है किसानो का अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा रहता है। सोमवार को हुई बारिश में किसानों का अनाज मूंग ,बाजरा, मक्का, गेंहू बारिश के पानी से बह गया। इस भीषण गर्मी में मंडी समिति में किसानों को पीने का पानी भी नहीं मिलता। पूरे मंडी समिति में किसानों के लिए एक प्याऊ भी मंडी समिति द्वारा नहीं लगाई है। किसान मंडी में आकर अपने पैसे से पानी खरीदने को मजबूर हैं। रात में रुकने के लिए भी मंडी समिति में किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं हैं। कार्यवाहक मंडी सचिव ने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन किसान नेताओं को दिया उसके बाद ही किसान नेता मंडी सचिव कार्यालय से बाहर आए। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों की मांगें 48 घंटे में पूरी नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके परे हरविंदर सिंह जीतू सिंह रविंद्र प्रधान वीरेंद्र सिह अमरा का नगला हर्ष चौधरी सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## पश्चिम बंगाल के श्रद्धालुओं की खाना खाने के बाद बिगड़ी हालत

**मथुरा।** वृंदावन में श्रद्धालु फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। मंगलवार को पश्चिम बंगाल के श्रद्धालुओं की हालत बिगड़ने पर संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद सभी मरीजों को स्थिति स्थिर बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर से श्रद्धालुओं का एक समूह सोमवार की दोपहर वृंदावन धार्मिक यात्रा पर पहुंचा था। बस स्टैंड के समीप रमन वाटिका में ठहरे श्रद्धालुओं के लिए उनके साथ आए रसोइया ने खाना पकाया था। खाना खाने के बाद देर रात कई लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। हालत ज्यादा बिगड़ने पर सुबह 10 लोगों को सौ शैय्या अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। चिकित्सकों के अनुसार मोहन मांझी, सौकत पात्र, कृष्णापद हाली, लक्ष्मी धर, पुष्पा बीना, दुखी राम, लता बाला, सुरजीत, विजया और अंजालिका का उपचार किया जा रहा है।

# शिक्षक भर्ती घोटाले के 11 आरोपी फरार

अवधनामा संवाददाता

■ पुलिस ने संपत्ति कुर्क को नोटिस किया चस्पा

**मथुरा।** बेसिक शिक्षा विभाग में 15 हजार शिक्षक भर्ती घोटाले में मथुरा जिले के जिन 19 शिक्षकों के खिलाफ बीते साल सितंबर माह में हाईवे थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था, उनमें से 11 आरोपी शिक्षक फरार हो गए हैं।

यह कई वारंट जारी होने के बाद भी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे हैं। सीजेएम उत्सव गौरव राज की कोर्ट से इनके खिलाफ कुर्की नोटिस जारी हुए हैं। पुलिस ने कुर्की उद्घोषणा करा दी। आरोपियों के घर नोटिस चस्पा किए गए है, 18 जुलाई को वह कोर्ट में पेश नहीं होंगे उनकी संपत्ति को कुर्क कर लिया जाएगा।

कोर्ट ने तेजवीर सिंह पुत्र सरदार सिंह निवासी ग्राम नगला जमुनी पोस्ट अवेरनी थाना बलदेव, योगेंद्र सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम पटलोनी, बलदेव, सुनील कुमार पुत्र बीधा सिंह निवासी ग्राम भांकरपुर बसेला, भूड़ासानी राया, रनवीर सिंह पुत्र शिवराम सिंह निवासी ग्राम अल्हेपुर राया, कुलदीप कुमार सारस्वत पुत्र रामशरन निवासी कारब, महावन, खजान सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी कारब, महावन, मानवेंद्र सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी कारब, महावन, सुधीर कुमार पुत्र घमंडी सिंह निवासी ग्राम मल्हू, सौंख, मगोर्रा, दिनेश कुमार सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी सुरकां, बाढोन, मांट, मेघराज सिंह पुत्र रामखिलाड़ी निवासी नगला सिरिया, बाढोन, मांट व देवेंद्र सिंह पुत्र मेंबर सिंह निवासी सरूरपुर, ओल, फरह के खिलाफ नोटिस जारी किए हैं।

आपको पूर्व मैं हुए इस मामले से अवगत कराते हुए बताते है कि 2015-16 बेसिक शिक्षा विभाग में मेरिट के आधार पर 15 हजार सहायक अध्यापकों की भर्ती निकली थी। इसमें दाऊदयाल संस्थान खंदारी, आगरा के नाम से स्नातक के कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर आरोपियों ने आवेदन किया।

# आपातकाल के दौरान कांग्रेस के जख्म नहीं भूलेगा देश: अशोक कटारिया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राष्ट्रीय आपातकाल को लगे आज 49 वर्ष पूरे हो गए और अभी भी भाजपा इसको लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। मंगलवार को भाजपा द्वारा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी की अध्यक्षता में गिर्राज महाराज कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में आपातकाल के दौरान प्रताड़ना सहने वाले सैनानियों को आमंत्रित कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के मथुरा जनपद प्रभारी एवं विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने कहा कि विपक्षी दल द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने और उसे बार-बार नुकसान पहुंचाने के लंबे इतिहास में यह सबसे बड़ा उदाहरण है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और भारत के संविधान को कुचल दिया, जिसका हर भारतीय सम्मान करता है।

लोकतंत्र सेनानी संगठन के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद टेंटीवाल ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत को दरकिनार कर देश को जेलखाना बना दिया। जो भी कांग्रेस से असहमति जताता था उसे प्रताड़ित किया जाता था। जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई, उनको हमारे संविधान के प्रति अपना प्यार जताने का कोई अधिकार नहीं है। प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए विधेयक लाया गया, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में देश को कालकोठरी बना दिया गया था और उस जख्म को देश कभी भूल नहीं सकता। भारतीय संविधान के लिए काला दिवस के रूप में मनाए जाने वाला यह दिन बताने के लिए पर्याप्त है कि किस प्रकार कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही सत्ता के नशे में चूर रही है।

संगोष्ठी कार्यक्रम के संयोजक भाजपा महानगर उपाध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को सीमित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल लागू किया गया था। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस दौरान संघर्ष करने वाले राजनेताओं को याद करते हुए उन्हें नमन किया और कांग्रेस के काले कारनामो पर जनता से संवाद किया। इस दौरान विधायक मेघश्याम सिंह, हिंदूवादी नेता गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, वीरेंद्र अग्रवाल, मधु शर्मा, आशुतोष शुक्ला, महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी, राजू यादव, ज्ञानेंद्र राणा, धर्मेश सोनकर, यशपाल सिंह, विनीत शर्मा, सुनील तरकर, परशुराम सिंह, राजू चौधरी, राजेंद्र पटेल, अनुराग चतुर्वेदी, पूरन चंद, गौरी शंकर अस्थाना, गिर्राज किशोर अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल, केशव चौहान, चेतन शर्मा, नरेंद्र कुमार गुप्ता, ओमवती, राजेंद्र होरा, मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया, लवांशु वर्मा, मोहन भारद्वाज आदि मौजूद रहे। संगोष्ठी का संचालन महानगर महामंत्री सुनील चतुर्वेदी ने किया।

# बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेविड वार्नर का सफर खत्म

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया। अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

जनवरी 2009 में टी20 मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड



ऑफ ऑनर नहीं मिल सका और ना ही दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं। वार्नर ने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय मैच और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी20 विश्व कप उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्द्धशतक बनाए। उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए जबकि 161 एकदिवसीय मुकाबलों में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से 6,932 रन जोड़े। वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए। उन्होंने स्वीकार किया था कि उनका नाम हमेशा के लिए 'सैंडपेपर गेट प्रकरण' से जुड़ा रहेगा जो 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान केपटाउन के न्यूलैंड्स में हुआ था। न्यूलैंड्स टेस्ट में कैमरन बेनक्रॉफ्ट ने गेंद को खुरचने के लिए सैंडपेपर का इस्तेमाल किया था और प्रकरण में शामिल होने के लिए वार्नर पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था। तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ को भी यही सजा मिली थी। वार्नर को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ढांचे में किसी भी नेतृत्व की भूमिका निभाने से भी आजीवन प्रतिबंधित कर दिया गया था।

# जश्न में डूबा अफगानिस्तान, दुनिया ने बांधे टीम की तारीफों के पुल

दिग्गजों को जमींदोज करके टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया और लोग सड़कों पर खुशियां बांटने निकल पड़े। बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के वर्षाबाधित मैच में अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उसने आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज को भी बाहर कर दिया। इससे पहले ग्रुप चरण में उसने न्यूजीलैंड को हराया था। नवीनुल हक ने जैसे ही मुस्ताफिजूर रहमान को पगबाधा आउट किया, खोस्त, पकतिया और काबुल में बड़ी तादाद में क्रिकेटप्रेमी जुटने लगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इन शहरों की तस्वीरें एक्स पर डाली है। इसके साथ कैप्शन दिया है,'' देखो कि सफलता के हमारे लिये क्या मायने



हैं।'' एक और पोस्टर में हजारों प्रशंसकों को सड़कों पर अपने घरों की बालकनी में और दुकानों की छतों पर जश्न मनाते देखा गया। कैप्शन में कहा गया उन्हें पता है कि टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के नायकों की जीत का जश्न कैसे मनाना है।

चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना अतुलनीय है। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराया। यह जीत आपकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की देन है। आपकी प्रगति पर गर्व है। आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी ने टीम को बधाई देते हुए कहा क्या शानदार मैच था। अफगानिस्तान टीम को बधाई।पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा क्या शानदार जीत। न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचना। इसे ही तरक्की कहते हैं। बधाई हो। युवराज सिंह ने लिखा शानदार नजारा। जबर्दस्त जीत। रोमांचक मैच। जज्बातों का सैलाब। पठान पहली बार सेमीफाइनल में। नवीनुल हक का मैच विनिंग प्रदर्शन। बेजोड़ क्रिकेट।

# घरेलू सत्र से पहले बीसीसीआई के अधिकारियों और राज्य संघों के प्रतिनिधियों की बैठक

सचिव जय शाह सहित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों और राज्य संघों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को यहां एक अनौपचारिक बैठक की जिसमें 'विचारों का आदान-प्रदान' किया गया और घरेलू क्रिकेट के नए ढांचे पर चर्चा की गई।

भारत का घरेलू सत्र 2024-25 दलीप ट्रॉफी के साथ पांच सितंबर से शुरू होगा। उसके बाद ईरानी कप और फिर रणजी ट्रॉफी होगी जिसे पहली बार दो हिस्सों में विभाजित किया गया है। ऐसा उत्तर भारत में सर्दियों में खराब मौसम से निपटने और खिलाड़ियों को मैचों के बीच आराम और उबरने के लिए अधिक समय देने के उद्देश्य से किया गया है। यहां वानखेड़े स्टेडियम में बीसीसीआई मुख्यालय में हुई बैठक में बोर्ड ने नए प्रारूप पर राज्य संघों से उनकी प्रतिक्रिया भी मांगी। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा की सिफारिशों पर नए प्रारूप को लागू किया गया है। बीसीसीआई




का लक्ष्य एक साल बाद इसकी समीक्षा करना है। बोर्ड की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''बैठक में 2023-24 के सबसे व्यस्त क्रिकेट सत्र के आयोजन में राज्य संघों के सराहनीय प्रयासों पर प्रकाश डाला गया जिसमें विश्व कप 2023, आईपीएल, डब्ल्यूपीएल के साथ-साथ विभिन्न अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखलाएं और एक पूर्ण घरेलू क्रिकेट सत्र शामिल है।''

राज्य संघों से आने वाले सत्र में खिलाड़ियों के लिए और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया गया जबकि उन्हें बेंगलुरू में नए उत्कृष्टता केंद्र के विकास और पूर्वोत्तर राज्यों, पटना और जम्मू में इनडोर अकादमियों की स्थापना के बारे में जानकारी दी गई।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया, अब इंग्लैंड से होगी सेमीफाइनल की जंग

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 राउंड में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हरा दिया। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला सेंट लूसिया के डैरेन सैमी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में मिली हार का बदला ऑस्ट्रेलिया से ले लिया है। भारतीय टीम ग्रुप 1 में विजयी रहकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। अब उसका मुकाबला 27 जून इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल के लिए होगा।

मैच की बात करें तो, भारत ने टॉस गंवाकर रोहित शर्मा की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत टीम इंडिया ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 205 रन बनाए, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर महज 181 रन ही बना सकी।

जहां रोहित ने 41 गेंदों पर 92 रन की तूफानी पारी खेली, तो सूर्यकुमार यादव ने 31 और



शिवम दुबे ने 28 रन बनाए। हार्दिक पंड्या 27 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क और मार्कस स्टोइनिस ने 2-2 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड ने 43 गेंद पर 76 रन बनाए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। उन्होंने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल 2023 में शतक लगाकर भारत का सपना तोड़ा था। वह इस बार वैसा कमाल दिखाने में नाकामयाब रहे हैं। वहीं कप्तान मिचेल मार्श ने 28 गेंद पर 37 रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले, जसप्रीत बुमराह ने हेड का सबसे बड़ा झटका।

# श्रद्धा कपूरऔर राजकुमार राव की फिल्म का टीजर रिलीज, हॉरर-कॉमेडी के साथ वापस लौट रही जोड़ी

श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी अभिनीत स्त्री 2 के निर्माताओं ने आखिरकार हॉरर-कॉमेडी का बहुप्रतीक्षित टीज़र जारी कर दिया है। मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया हैंडल पर सभी मुख्य कलाकारों को दिखाते हुए एक छोटा सा टीज़र साझा किया और लिखा, इस बार चंदेरी में आज़ादी के दिन होंगे आतंक! लीजेंड इस स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2024 को वापस आ रहे हैं! पोस्ट में मैडॉक फिल्म्स ने एक हैशटैग भी इस्तेमाल किया है, जिसमें लिखा है, वह वापस आ गई है। हालाँकि, इस टीज़र को सबसे पहले निर्माताओं ने मुंज्या के साथ सिनेमाघरों में रिलीज़ किया था। टीज़र की शुरुआत चंदेरी के एक रिहायशी इलाके के बीच खड़ी स्त्री की एक बड़ी मूर्ति से होती है। मूर्ति के नीचे लिखा है मैं स्त्री रक्षा करना।

हालांकि, इस टीजर को सबसे पहले निर्माताओं ने मुंज्या के साथ सिनेमाघरों



में रिलीज किया था। टीजर की शुरुआत चंदेरी के रिहायशी इलाके के बीच खड़ी स्त्री की एक बड़ी मूर्ति से होती है। मूर्ति के नीचे लिखा है मैं स्त्री रक्षा करना। टीजर में तमन्ना भाटिया के आइटम नंबर वाले कुछ सीक्वेंस भी दिखाए गए हैं।

स्त्री 2, हिट हॉरर-कॉमेडी स्त्री की बेसब्री से प्रतीक्षित सीक्वल है, जिसमें बनर्जी प्यारी जना के रूप में वापसी करेंगी। उनकी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और आकर्षक स्क्रीन प्रेजेंस ने जना को मूल फिल्म की शुरुआत से ही दर्शकों के बीच पसंदीदा बना दिया है। सीक्वल में और भी मजेदार पल और डरावने रोमांच का वादा किया गया है, जिसकी प्रशंसकों को लालसा थी।

अनजान लोगों के लिए, स्त्री की कहानी मध्य प्रदेश के छोटे से शहर चंदेरी के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां स्त्री नाम की एक दुष्ट आत्मा त्योहार के मौसम में रात में पुरुषों का अपहरण करती है। यह नाले बा की शहरी किंवदंती पर आधारित थी जो 1990 के दशक में कर्नाटक में वायरल हुई थी।

चूंकि यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रिलीज हो रही है, इसलिए यह अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में और जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा से टकराएगी। इससे पहले, दो अन्य बड़े बैनर की फिल्में, सिंघम अगेन और पुष्पा 2: द रूल, उसी समय पर रिलीज होने वाली थीं। हालांकि, इन दोनों फिल्मों ने अपनी रिलीज की तारीख कुछ महीने आगे बढ़ाने का विकल्प चुना है।

# प्रभास की फिल्म ने 5 लाख से ज़्यादा टिकट बेचे

कल्कि 2898 पहले से ही बॉक्स ऑफ़िस पर अच्छी कमाई कर रही है। प्रभास अभिनीत इस फ़िल्म की एडवांस बुकिंग रविवार को शुरू हुई और दो दिनों में ही फ़िल्म ने 5 लाख से ज़्यादा टिकट बेच लिए हैं। फ़िल्म की प्री-सेल्स कमाई 16.22 करोड़ रुपये रही। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म की नॉवेल्टी वैल्यू काफ़ी अच्छी है और इसका सीधा असर बॉक्स ऑफ़िस पर भी देखने को मिला है। तेलुगु बाज़ार सभी वर्शन में 2.7 लाख से ज़्यादा टिकट बेचकर सबसे आगे है।

ट्रेड वेबसाइट sacnilk पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, कल्कि 2898 एडी ने सिर्फ़ तेलुगु बाज़ार से ही दो दिनों में 14.5 करोड़ रुपये से ज़्यादा का कारोबार किया है। हिंदी बाज़ार, जहाँ एडवांस बुकिंग धीरे-धीरे शुरू हो रही है, पहले ही दो दिनों में लगभग 1.17 करोड़ रुपये के सकल कारोबार के साथ फ़िल्म के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाज़ार बन गया है।



फिल्म में दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी जैसे कई स्टार कलाकार हैं। देशभर में 8349 शो से डेटा एकत्र किया गया है। संस्करण भी प्री-सेल्स व्यवसाय के मामले में धीमी वृद्धि दिखा रहा है।

तेलुगु भाषी राज्यों में प्रभास की उपस्थिति शानदार है और इसने कम से कम दक्षिण के बाजार में कल्कि 2898 ई.डी. के लिए रिकॉर्ड तोड़ ओपनिंग सुनिश्चित की है। वह एकमात्र भारतीय अभिनेता भी हैं, जिनके नाम चार 100 करोड़ रुपये (सकल) की ओपनिंग है। और कल्कि 2898 ई.डी. जिस तरह की चर्चा का वादा कर रही है, उससे लगता है कि वह इस सूची में एक नई फिल्म जोड़ देंगे। बाहुबली 2, साहो, आदिपुरुष और सलार पार्ट 1: सीजफायर-सभी ने अखिल भारतीय सुपरस्टार के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक की सकल ओपनिंग दर्ज की। इन फिल्मों का नेट कलेक्शन भी 80-100 करोड़ रुपये के बीच रहा, जिसमें बाहुबली 2 121 करोड़ रुपये के साथ शीर्ष पर रही।

कल्कि 2898 एडी एडवांस बुकिंग के मामले में सलार पार्ट-1 : सीजफायर से बहुत पीछे नहीं है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित यह फिल्म पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी और इसने अपनी प्री-सेल के शुरुआती दो दिनों में 8 लाख से अधिक टिकट बेचकर 19.7 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

# पुलिस की वर्दी में छाए ये सितारे, कुछ की फिल्में तो बन गई एक सफल फ्रेंचाइजी

भारतीय दर्शकों का अपने पसंदीदा सितारों के प्रति प्यार अपने आप में काफी अनोखा होता है। कई मौकों पर फैंस उन्हें भगवान की उपाधि दे देते हैं। इसके पीछे वजह होती हैं, उन अभिनेताओं के ऐसे किरदार, जो फैंस के दिल और दिमाग में उतर जाते हैं। कई बार किसी अभिनेता का किरदार इतना बड़ा हो जाता है कि वह उस अभिनेता के साथ जुड़ कर रह जाता है। इसके अलावा कई बार फैंस को अपने चहेते कलाकार का किरदार इतना पसंद आ जाता है कि अभिनेता को भी बार-बार उसी किरदार में वापस आना पड़ता हैं। इस कड़ी में आज हम बात करेंगे उन अभिनेताओं की, जिन्होंने पर्दे पर पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया और उन्हें इस किरदार में काफी पसंद भी किया गया।

सिद्धार्थ बीते कुछ सालों में तीन बार फिल्मों में वर्दी पहन चुके हैं। हालांकि, इन सभी फिल्मों में वह अलग-अलग वर्दी पहने नजर आए। साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म शेरशाह में वह पहली बार वर्दी में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने सेना के जाबांज अधिकारी कैप्टन विक्रम बत्रा का वास्तविक किरदार निभाया था। फिल्म के लिए उन्हें काफी सराहना मिली थी। इसके बाद वह रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में बतौर पुलिस अधिकारी नजर आए। यह सीरीज इस साल ही ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसमें सिद्धार्थ को उनके किरदार के लिए काफी सराहना मिली थी। इसके तुरंत बाद वह फिल्म योद्धा में नजर आए। इस फिल्म में भी वह एक सेना के एक जवान के रूप में नजर आए थे।

अजय देवगन एक बहुमुखी अभिनेता हैं। उन्होंने तीन दशक से भी लंबे करियर में कई यादगार किरदार और फिल्में की हैं। वह पर्दे पर कई बार पुलिस अधिकारी का किरदार निभा चुके हैं। उन्होंने नाजायज, गंगाजल, इंसान, सिंघम आदि फिल्मों में पुलिस अधिकारी का किरदार निभाया है। हालांकि, पुलिस ऑफिसर के किरदार में उन्हें सबसे ज्यादा पसंद सिंघम फ्रेंचाइजी में किया गया है। इस फ्रेंचाइजी की पहली कड़ी सिंघम साल 2011 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी ने निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल हुई थी, जिसके बाद इसका दूसरा भाग सिंघम रिटर्न्स साल 2014 में रिलीज हुआ। इस फिल्म को भी दर्शकों से काफी सराहना मिली, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया। अब अभिनेता इस फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग की शूटिंग कर रहे हैं, जो इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली है।

शाहरुख खान बॉलीवुड के बड़े सुपरस्टार हैं। उन्हें देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी काफी पसंद किया जाता है। शाहरुख को उनके तीन दशक से भी लंबे अभिनय करियर में कई फिल्मों के लिए सराहना मिली है। इस दौरान उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय क्षमता का भरपूर प्रदर्शन भी किया है।

# राजा हिंदुस्तानी से लेकर दिल तो पागल है तक... करिश्मा कपूर का बॉलीवुड सफ़र

90 के दशक के किसी भी बॉलीवुड प्रशंसक के लिए, करिश्मा कपूर का नाम कई यादें ताज़ा कर देता है, चाहे वह सिग्नेचर डांस स्टेप हो, डायलॉग्स हों या अभिनय। रणधीर कपूर और बबीता की बेटी, इस अभिनेत्री ने फिज़ा और ज़ुबैदा जैसी फ़िल्मों में अपने दमदार अभिनय से हम सभी को चकित कर दिया है। उनके 50वें जन्मदिन के अवसर पर, आइए उनकी कुछ लोकप्रिय फ़िल्मों पर नज़र डालते हैं, जिनमें उन्होंने दिखाया है कि वे जटिल किरदारों को भी सहजता से निभा सकती हैं।

राजा हिंदुस्तानी एक टैक्सी ड्राइवर राजा की कहानी है, जो एक अमीर लड़की आरती से प्यार करता है और उसके माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध उससे शादी कर लेता है। बाद में, उसकी सौतेली माँ जोड़े के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश करती है। धर्मेश दर्शन द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में आमिर खान, कुणाल खेमू, अर्चना पूरन सिंह, जॉनी लीवर और सुरेश ओबेरॉय हैं।

हम साथ-साथ हैं रामकिशन और ममता की कहानी है जो अपने तीन बेटों के साथ खुशहाल जीवन जी रहे हैं। लेकिन जब



उनकी बेटी एक त्रासदी का सामना करती है, तो ममता अपने करीबी दोस्तों द्वारा उकसाई जाती है और अपने सौतेले बेटे विवेक के प्रति अपने दिल में कड़वाहट भर लेती है। सोराज बड़जात्या द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सलमान खान, सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, मोहनीश बहल और तब्बू जैसे कलाकार हैं।

हीरो नंबर 1 एक अमीर व्यवसायी की कहानी है जो प्यार की खातिर घर के कामों में हाथ आजमाता है। राजू के रूप में, बहुमुखी प्रतिभा वाला व्यक्ति, वह झाड़ू लगाता है, पोछा लगाता है, खाना बनाता है, गाता है और नाचता है और अपनी प्रेमिका के करीबियों के दिलों में अपनी जगह बनाता है। डेविड धवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में गोविंदा, परेश रावल, कादर खान, टीकू तलसानिया और सतीश शाह हैं।

दिल तो पागल है एक डांस ट्रूप के निर्देशक राहुल की कहानी है, जिसकी एक सदस्य निशा उससे मन ही मन प्यार करती है। हालाँकि, वह पूजा की ओर आकर्षित हो जाता है, जिसकी अजय से सगाई हो चुकी है। यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में माधुरी दीक्षित, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, फ़रीदा जलाल और अरुणा ईरानी हैं।

मर्डर मुबारक एक हत्या की जाँच की कहानी बताती है, एक गैर-पारंपरिक पुलिस अधिकारी संदिग्धों की एक श्रृंखला पर नज़र डालता है। वह एक बाहरी व्यक्ति के रूप में उनकी दुनिया में कदम रखता है, केवल यह जानने के लिए कि वहाँ जो दिखता है उससे कहीं ज़्यादा है। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में सारा अली ख़ान, तारा अलीशा बेरी, विजय वर्मा, टिस्का चोपड़ा और पंकज त्रिपाठी हैं।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, करिश्मा को हाल ही में नेटफ्लिक्स की फ़िल्म मर्डर मुबारक में पंकज त्रिपाठी, सारा अली ख़ान और विजय वर्मा के साथ देखा गया था। वह अगली बार हेलेन और जीशु सेनगुप्ता के साथ ब्राउन नामक श्रृंखला में काम करेंगी।

अवधनामा



# अगले हफ्ते होगी नीट-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा




**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा अगले हफ्ते की जा सकती है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) के अध्यक्ष अभिजात सेठ ने मंगलवार को बताया कि परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार जल्द से जल्द एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रही है। आने वाले हफ्ते में परीक्षा की नई तारीख की घोषणा की जाएगी। एनबीईएमएस के अध्यक्ष अभिजात ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले सात वर्षों से हमने अब तक सफलतापूर्वक नीट पीजी परीक्षा आयोजित की है। हाल की घटनाओं के कारण ऐसा हुआ है कि छात्रों में परीक्षाओं को लेकर बहुत सारी चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं। छात्रों की चिंताओं के मद्देनजर सरकार ने परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए एक बार फिर से एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा करने का फैसला लिया है।

सरकार इस संबंध में जल्दी ही स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर( एसओपी) तैयार कर लिए जाएंगे और परीक्षा की नई तारीख भी घोषित कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि रविवार (23 जून) को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा स्थगित कर दी गई है। यह फैसला छात्रहित में और परीक्षा की पवित्रता को बनाए रखने के लिए लिया गया है। नीट-यूजी और यूजीसी नेट की परीक्षा पर विवाद के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली नीट पीजी प्रवेश परीक्षा की प्रक्रियाओं की मजबूती का गहन मूल्यांकन करने का यह निर्णय लिया है।

## कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी पर अन्नाद्रमुक ने सीबीआई जांच की मांग की



**नई दिल्ली /चेन्नई(हि.स.)।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब पीने से अब तक 59 लोगों की मौत हो चुकी है। इस मुद्दे पर राज्य के विपक्षी दलों ने राज्यपाल से सीबीआई जांच की मांग तेज कर दी है। मंगलवार को ह्यह्यह्यअन्नाद्रमुक के नेताओं ने राज्यपाल एन रवि से मुलाकात कर अवैध शराब त्रासदी की सीबीआई जांच की मांग की। अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने राज्यपाल से मुलाकात के बाद कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को इस्तीफा दे देना चाहिए। मामले को उचित और ईमानदार जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए। वन विभाग की जानकारी के बिना कल्वारायण हिल्स में अवैध शराब का उत्पादन नहीं किया जा सकता है। वन विभाग के अधिकारियों की भी जांच होनी चाहिए। पलानीस्वामी ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि अगर सीबी-सीआईडी जांच करेगी तो सच्चाई सामने नहीं आएगी। कल्लाकुरिची में अवैध शराब त्रासदी की सीबीआई जांच की मांग करते हुए राज्यपाल को एक ज्ञापन दिया है। उम्मीद है कि इस मामले में सीबीआई जांच करायी जाएगी।

# आपातकाल को पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत : पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू

**नई दिल्ली(हि.स.)।** आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर मंगलवार को कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा उनके साथ हुए प्रताड़ना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ÷इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा आपातकाल ने देश के लोकतंत्र पर कलंक लगाया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि सभी छात्रों के लिए पाठ्य पुस्तकों में एक पाठ होना चाहिए कि आपातकाल क्या था और इसे कैसे लगाया गया था?...छात्रों को आपातकाल के बारे में जानना चाहिए÷। यह कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के नेतृत्व में हुआ। इसमें आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा यातना के शिकार बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली आदि राज्यों के बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी वहां पहुंचे थे। आपातकाल को जयप्रकाश नारायण आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है। आजादी के बाद इसे लोकतंत्र की दूसरी आजादी का भी नाम दिया गया है। फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद आपातकाल लगाकर इंदिरा की सरकार ने भारत के संविधान का गला घोंट दिया था। आज उनके परिवार और उनके पार्टी के लोग संविधान दिखाकर



कंगना रनौत ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उस समय रक्षक ही भक्षक बन गए थे। कंगना ने अपनी फिल्म इमरजेंसी के बारे में भी सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म कांग्रेस की काली करतूत से अवगत कराएगी। उन्होंने 6 सितंबर को इस फिल्म की रिलीज की भी घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि झूठ फैलाने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस ने जो लोकतंत्र के साथ विश्वासघात किया, उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए लोकतंत्र सेनानियों को पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने सम्मानित किया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर सभी लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन की सुविधा दी जाए। उन्हें उचित सम्मान मिले।

# छात्रों-अभिभावकों से सुझाव प्राप्त करना उच्च स्तरीय समिति की पहली प्राथमिकता : डॉ. के. राधाकृष्णन

नई दिल्ली, 25 जून (हि.स.)। शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षाओं के संचालन की निगरानी के लिए गठित उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति के चेयरमैन डॉ. के. राधाकृष्णन ने कहा है कि समिति की पहली प्राथमिकता छात्रों, अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को जानना होगा। सात सदस्यीय समिति ने सोमवार को अपनी पहली बैठक में अगले दो सप्ताह में प्राप्त सुझावों को समेकित करने का भी निर्णय लिया है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने मीडिया को दिये एक बयान में कहा कि समिति की पहली प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से और डिजिटल मीडिया के माध्यम से मिलना और उनकी कठिनाइयों को समझना होगा।उन्होंने कहा कि एक और शीर्ष प्राथमिकता एक मजबूत और पूर्णतया सुरक्षित परीक्षा प्रणाली स्थापित करना होगी। उन्होंने कहा कि हमारा इरादा जल्द से जल्द एक मजबूत परीक्षा प्रणाली तैयार करना है। समिति को परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की

**■ सात सदस्यीय समिति ने सोमवार को अपनी पहली बैठक में अगले दो सप्ताह में प्राप्त सुझावों को समेकित करने का भी निर्णय लिया है।**



संरचना और कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करने का काम सौंपा गया है।उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय ने गत शनिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा परीक्षाओं को पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। टीम के अन्य सदस्यों में एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीजे राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एमेरिटस प्रो. राममूर्ति के, पीपल स्ट्रॉन्ग के सह-संस्थापक और कर्मयोगी भारत के बोर्ड सदस्य पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के छात्र मामलों के डीन प्रो. आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल शामिल हैं। समिति दो महीने के भीतर मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

# ओम बिरला का दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनना तय, राजस्थान में खुशी की लहर

**नई दिल्ली/कोटा** 25 जून (हि.स.)। राजस्थान के कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित ओम बिरला ने मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा-नीत राजग उम्मीदवार के तौर पर 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष रहे ओम बिरला को 18वीं लोकसभा अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाए जाने पर हाड़ौती संभाग सहित समूचे राजस्थान के भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। करीब साढ़े तीन दशक पहले राजस्थान से कांग्रेस के बलराम जाखड़ लोकसभा के दो बार अध्यक्ष रहे। ओम बिरला का जन्म 23 नवंबर, 1962 को कोटा में हुआ। उनकी कर्मभूमि हमेशा कोटा ही रही। कोटा-बूंदी की जनता को वे अपना परिवार मानते हैं। उनके दिवंगत पिता श्रीकृष्ण बिरला सरकारी सेवा में थे, मां शकुंतला घर संभालती थीं। उन्होंने सरकारी मल्टीपर्पज स्कूल, गुमानपुरा से स्कूली शिक्षा ग्रहण की। उसके बाद राजस्थान विश्वविद्यालय से जुड़े गवर्नमेंट कॉमर्स कॉलेज कोटा से बी.कॉम. एवं एम.कॉम. की डिग्री ली। कॉलेज में भी वे छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में युवाओं में लोकप्रिय रहे। उसके बाद दो बार कोटा दक्षिण से भाजपा विधायक भी रहे। उनकी पत्नी डॉ. अमिता बिरला सरकारी चिकित्सक हैं। दो बेटियों में आकांक्षा सीए एवं अंजलि भारतीय प्रसाशनिक सेवा की



अधिकारी हैं। ओम बिरला ने 2019 से 2023 तक अध्यक्ष के रूप में लोकसभा में हंगामे और विवादों से परे सभी दलों के सांसदों को सदन में अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया। इससे महत्वपूर्ण विधेयकों व जनहित के मुद्दों पर स्वस्थ बहस करने की परम्परा विकसित हुई। बिरला के कुशल संचालन में 17वीं लोकसभा के सत्रों की उत्पादकता 122.2 प्रतिशत रही जो 14वीं, 15वीं और 16वीं लोकसभा के पहले पांच सत्रों की तुलना में सर्वाधिक है। सदन ने विस्तृत चर्चा के बाद 107 विधेयकों को पारित किया। विधेयकों पर 262.5 घंटे चर्चा हुई तथा पक्ष-विपक्ष के 1744 सदस्यों ने अपनी बात रखी। बिरला ने केंद्र सरकार की जवाबदेही बढ़ाने के लिए सभी सत्रों में अधिक से अधिक सदस्यों को बोलने का अवसर दिया। प्रश्नकाल के दौरान प्रतिदिन औसतन 5.37 प्रश्नों के मौखिक जवाब दिए जिससे उन्हें प्रश्न काल का हीरो कहा जाने लगा। नियम 377 के तहत उठाए गए विषयों में भी सरकार ने 89.82 प्रतिशत विषयों के जवाब दिए।

संसद में सांसदों के खाने पर सब्सिडी खत्म करने के साथ अनावश्यक कार्यों पर होने वाले खर्चों को रोककर उन्होंने करोडों रुपये की फिजूलखर्ची को कम कर दिखाया। बिरला का लगातार दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है।

## सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी में ग्रामीण विकास बैंक असम के तीन पूर्व सहायक प्रबंधकों सहित चार के खिलाफ दर्ज किया मामला

**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बैंक धोखाधड़ी के आरोप में ग्रामीण विकास बैंक (असम) के तीन तत्कालीन सहायक प्रबंधकों सहित चार आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में आरोपितों के निवास पर भी छापेमारी की गई। आगे की जांच अभी जारी है। इन आरोपितों पर बैंक को लगभग 8.28 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। यह जानकारी सीबीआई प्रवक्ता ने आज मंगलवार (25 जून) को दी। सीबीआई ने बताया कि बेईमानी और धोखाधड़ी से फर्जी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ऋण खातों में राशि स्वीकृत और वितरित की गई। उसी की आय को आरोपित तत्कालीन सहायक प्रबंधकों में से एक के बचत बैंक खाते से अन्य बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया गया। इस तरह आरोपितों ने बैंक को कथित तौर पर 8,28,42,900/- रुपये (लगभग) नुकसान पहुंचाया और खुद लाभ लिया।

सीबीआई ने ग्रामीण विकास बैंक (असम) के जिन तीन तत्कालीन सहायक प्रबंधकों सहित चार आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उसमें असम ग्रामीण विकास बैंक, माधापुर शाखा, जोरहाट (असम) के तत्कालीन सहायक प्रबंधक प्रशांत बोरा, प्रियंशु पल्लभ गोगोई, सोहन दत्ता और तत्कालीन कार्यालय सहायक (बहुउद्देश्यीय) सत्यजीत चालिहा का नाम शामिल है।

इस मामले में सीबीआई की टीम ने असम के जोरहाट, तिनसुकिया और डिब्रूगढ़ में आरोपितों के आवासीय और आधिकारिक परिसर और पश्चिम बंगाल में एक स्थान की तलाशी ली। इस दौरान यहां से आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं।

## विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे ब्रिटिश जेल से रिहा



**लंदन(हि.स.)।** विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया। विकीलीक्स ने सोमवार शाम लंदन के स्टैनस्टेड हवाई अड्डे पर जूलियन असांजे के फ्लाइट में सवार होने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। लंदन के समाचार पत्र द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में इस घटनाक्रम की विस्तार से चर्चा की है। सोमवार रात जारी अदालती दस्तावेजों के अनुसार, 52 वर्षीय असांजे अमेरिकी अदालत में अपनी आजादी के बदले में सैन्य रहस्यों को उजागर करने का दोष स्वीकार करने के लिए सहमत हो गए हैं। अमेरिकी के मारियाना द्वीप समूह की अदालत में दायर किए गए दस्तावेज के अनुसार, असांजे राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश के एक भी मामले में दोषी ठहराए जाएंगे। विकीलीक्स ने मंगलवार सुबह ब्रिटिश समयानुसार सूचित किया है कि जूलियन असांजे आजाद हैं और उन्होंने ब्रिटेन छोड़ दिया है। उनके अमेरिकी क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह पहुंचने का अनुमान है।जूलियन असांजे पर जासूसी के 17 आरोप और लगभग 15 साल पहले उनकी वेबसाइट पर अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन को लेकर कंप्यूटर के दुरुपयोग का एक आरोप था। ऑस्ट्रेलियाई मूल के असांजे ने सात साल तक लंदन में इक्वाडोर के दूतावास में शरण लेने के बाद पिछले पांच साल ब्रिटेन की जेल में बिताए।

# दागिस्तान हमले ने रूस में आतंकवाद की आशंका को पुनर्जीवित किया

**मॉस्को (हि.स.)।** दो दिन पहले हुए दागिस्तान हमले ने रूस में आतंकवाद की आशंका को पुनर्जीवित कर दिया है। यह हमला 1990 के दशक के अंत और 2000 के दशक की शुरुआत में मुस्लिम बहुल उत्तरी काकेशस में हुई तीव्र हिंसा की याद दिलाता है। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट में अमेलिया नीरेनबर्ग ने यह अभिमत व्यक्त किया है। अमेलिया नीरेनबर्ग का मानना है कि यह हमला 1990 के दशक के अंत और 2000 के दशक की शुरुआत में मुस्लिम बहुल उत्तरी काकेशस में हुई भयावह हिंसा की याद दिलाता है। वह रक्तपात इस्लामी कट्टरवाद और संगठित अपराध के संयोजन के कारण हुआ था। 1999 में सत्ता में आने के बाद इसे दबाना रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए



डींगें हांकने का मुख्य मुद्दा बन गया। उनका कहना है, उस विरासत को अब हिंसा के पुनरुत्थान से खतरा हो रहा है। मार्च में मॉस्को के पास एक कॉन्सर्ट हॉल में चार बंदूकधारियों ने 145 लोगों की हत्या कर दी थी। इस्लामिक स्टेट ने उस हमले की जिम्मेदारी ली थी। नीरेनबर्ग ने अपने विश्लेषण में कहा है, रविवार को हुए हमले ने उन बढ़ती चुनौतियों पर प्रकाश डाला है जिनका सामना रूस कर रहा है, क्योंकि यूक्रेन में युद्ध के कारण उसकी अर्थव्यवस्था और सुरक्षा तंत्र पर प्रभाव पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि दक्षिणी रूस के दागिस्तान क्षेत्र में रविवार को हुए समन्वित हमले में कम से कम 20 लोग मारे गए। यह 14 वर्ष में क्षेत्र में सबसे घातक हमला है। रूसी अधिकारियों ने हमले को आतंकवादी कृत्य के रूप में नामित किया है। बंदूकधारियों ने एक पुलिस स्टेशन के साथ आराधनालय और चर्चों को भी निशाना बनाया। मृतकों में से 15 पुलिस अधिकारी और पादरी है। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने पांच हमलावरों को मार गिराया। इस घटना के बाद, इस क्षेत्र में सोमवार, मंगलवार और बुधवार को शोक दिवस घोषित किया गया

## पाकिस्तान में लुप्तप्राय फारसी तेंदुआ का शिकार, सात आदिवासियों पर केस



**इस्लामाबाद,(हि.स.)।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान के डेरा बुगती जिले में एक लुप्तप्राय फारसी तेंदुए का शिकार करने के आरोप में पुलिस ने सात आदिवासियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डान समाचार पत्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जिले के जैन इलाके में आदिवासियों ने अपने मवेशियों की रक्षा के लिए तेंदुए को मार डाला।

डेरा बुगती के उपायुक्त इजाज खान ने कहा कि जिला प्रशासन ने वन्यजीव संरक्षण, संरक्षण, संरक्षण और प्रबंधन अधिनियम 2014 के तहत मामला दर्ज किया है और आदिवासियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने आदिवासियों को लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के बारे में शिक्षित करने के लिए वन्यजीव संगठनों द्वारा जागरुकता अभियान शुरू करने का भी आह्वान किया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने भी घटना का संज्ञान लिया है और अधिकारियों को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वन्यजीव प्रेमी उमर वकास ने मारे गए तेंदुआ की पहचान फारसी तेंदुआ (पैंथेरा पार्डस तुलियाना) के रूप में की है। इस प्रजाति के तेंदुओं ह्यह्यह्यह्यका आश्रय बलूचिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र सहित ईरानी पठार में है ।ये फारसी तेंदुए आमतौर पर 600 से 3,800 मीटर की ऊंचाई पर ऊबड़-खाबड़ खड्डों में रहते हैं। इनकी आबादी करीब 1100 है।

## बांग्लादेश का कुख्यात जल्लाद शाहजहां भुइयां नहीं रहा

**ढाका(हि.स.)।** बांग्लादेश का सबसे कुख्यात जल्लाद शाहजहां भुइयां 74 वर्ष की आयु में दुनिया को छोड़ गया। एक साल पहले ही उसे जेल से रिहा किया गया था। शाहजहां ने बांग्लादेश के सीरियल किलर, युद्ध अपराधों के दोषी विपक्षी नेताओं और तख्तापलट की साजिश रचने वालों को फांसी पर चढ़ा चुका है। जेल से रिहा होने के बाद शाहजहां ने 96 पन्नों की एक किताब भी लिखी। इसमें उसने जल्लाद के रूप में अपने अनुभव को साझा किया। यह किताब बांग्लादेश के सबसे बड़े पुस्तक मेले में बेस्ट सेलर रही। यह जानकारी बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में दी। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बंगबंधु के छह हत्यारों सहित 26 दोषियों को फांसी देने वाले 74 वर्षीय जल्लाद शाहजहां भुइयां को %जोलाड शाहजहां% के नाम से जाना जाता है। सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे राजधानी ढाका के शहीद सुहरावर्दी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। शेर-ए-बांग्ला नगर थाने के जांच अधिकारी सोजिब डे के अनुसार सीने में दर्द शुरू होने के बाद उसे सुबह करीब साढ़े तीन बजे इस अस्पताल में ले जाया गया था। शाहजहां भुइयां का जन्म 26 मार्च 1950 को हुआ था। उनके एक



भाई और तीन बहनें थीं। इनमें से दो की मृत्यु हो चुकी है। युवावस्था के दौरान लंबा समय जेल में बिताने के बाद वह अविवाहित रहे। हालांकि, अपनी रिहाई के बाद उसने एक युवा महिला से शादी की, लेकिन यह शादी टिक नहीं पाई। इस मामले पर उन्हें कानूनी जटिलताओं का भी सामना करना पड़ा। 31 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शाहजहां को 18 जून, 2023 को रिहा किया गया था। शाहजहां को डकैती, हत्या और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन के दो मामलों में 42 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। उसे पहली बार 17 दिसंबर 1991 को गिरफ्तार किया गया था। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, शाहजहां का जेल में कैदी नंबर 2589/ए था। उसने अपनी सजा कम करने के लिए जेल अधिकारियों के सामने जल्लाद बनने की इच्छा व्यक्त की थी। उसने नुरुल इस्लाम को गफरगांव में फांसी देकर जल्लाद के रूप में अपना जीवन शुरू किया। इसके बाद शाहजहां को मानिकगंज जिला जेल से ढाका सेंट्रल जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। यहां उसे मुख्य जल्लाद का पद दिया गया। जेल रिकार्ड के अनुसार, जल्लाद शाहजहां ने 26 व्यक्तियों को फांसी दी। इनमें बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के छह हत्यारे और चार युद्ध अपराधी, कुख्यात अपराधी इरशाद शिकदर, उग्रवादी नेता बंगला भाई और अताउर रहमान सनी, शर्मिन रीमा हत्याकांड के आरोपी खुकु और मोनिर शामिल थे।

## चीन में महिला और उसके बच्चे समेत तीन पर चाकू से हमला



**एपी, बीजिंग।** चीन के शहर सूजौ में एक जापानी महिला और उसके बच्चे समेत तीन लोगों पर चाकू से हमला किया गया है। चाकू मारने वाले शख्स को हिरासत में ले लिया गया है। यह जानकारी मंगलवार को जापानी दूतावास के प्रवक्ता ने साझा की। पूर्वी चीन में स्थित सूजौ शहर में एक जापानी स्कूल द्वारा संचालित स्कूल बस के स्टॉप पर व्यक्ति ने चाकू से हमला करके महिला और उसके बच्चे को घायल कर दिया है। बस में सवार एक चीनी महिला ने आरोपी को बस में चढ़ने से रोका तो उसने उस पर भी हमला कर दिया। मां और बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि चीनी महिला हमले में गंभीर रूप से घायल हुई थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि जांच जारी है। हालांकि हमले की वजह का पता नहीं चला है। उन्होंने आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया। इस बीच जापान ने चीन में रहने वाले अपने नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी। दरअसल, चीन में चाकूबाजी की गई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसी महीने एक चीनी व्यक्ति ने चार अमेरिकी विश्वविद्यालय के प्रशिक्षकों पर जिलिन शहर के एक सार्वजनिक पार्क में चाकू से हमला किया था। मई में दक्षिण-पश्चिमी चीन के एक अस्पताल में चाकूबाजी में दो लोगों की जान जा चुकी है। वहीं 21 लोग घायल हुए थे।

# स्पेस से एक घर पर गिरा 700 ग्राम का मलबा, परिवार ने नासा पर दर्ज किया केस

**नई दिल्ली।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक परिवार ने अंतरिक्ष एजेंसी ह्य पर केस किया है। परिवार ने नासा से लगभग 80 हजार डॉलर मुआवजे की मांग की है। दरअसल, 8 मार्च, 2021 को अंतरिक्ष से लगभग 700 ग्राम का एक मलबा फ्लोरिडा के परिवार के घर पर गिर गया था जिससे उनकी छत में छेद हो गया था। फ्लोरिडा स्थित नेप्लस में एलेयांद्रो ओटेरो के घर पर यह हादसा हुआ। जब यह घटना हुई तब एलेयांद्रो अपने घर पर मौजूद नहीं थे। घर पर केवल उनका बेटा डैनियल मौजूद था, जिसने फोन कर इसकी जानकारी दी थी। ओटेरा ने एक स्थानीय टीवी चैनल को बताया कि %यह सुनकर मुझे सदमा लगा था। मैं काफी हैरान था और यह सोच रहा था कि आखिर हमारे घर पर ऐसी कौन सी चीज गिरी जिससे छत पर ही छेद हो गया। दरअसल, यह मलबा इस्तेमाल हो चुकी बैटरियों के कार्गो पैलेट का हिस्सा था। इसकी जानकारी नासा ने खुद दी थी।जानकारी के लिए बता दें कि 2021 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से कचरे के रूप में छोड़ा गया था। वायुमंडल में एंट्री करते ही ये




कचरा पूरी तरह से जल जाता है। हालांकि, एक टुकड़ा बच गया था और अंतरिक्ष से घूमते हुए यह कचरा सीधा एलेयांद्रो के घर पर जा गिरा। परिवार के वकील मीका गुयेन वर्थी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और कहा कि परिवार के साथ जो घटना हुई वो काफी खतरनाक है क्योंकि इससे उनके जीवन पर भी असर पड़ा। परिवार मुआवजे की मांग कर रहे हैं। वे शुक्रगुजार है कि उनके परिवार में किसी को भी कोई चोट नहीं पहुंची, लेकिन इस तरह की घटना काफी भयावह है। अगर मलबा किसी ओर दिशा में गिरता तो शायद किसी की मौत भी हो सकती थी।% परिवार ने नासा को मुआवजे की मांग पूरी करने के लिए लगभग 6 महीने का समय दिया है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में करीब 8 करोड़ 20 लाख का प्रस्ताव

**ब्लॉक का चहुमुखी विकास कराना होगी प्राथमिकता: मनोज**




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** बक्शा ब्लॉक सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल आठ करोड़ बीस लाख का प्रस्ताव सदन के पटल पर रखा गया। बैठक की शुरुआत बीडीओ रतन सिंह के संबोधन से शुरू हुआ। उन्होंने पूर्व बैठक की जानकारी सदन को देते हुए वर्तमान बजट प्रस्ताव की जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा प्रधानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि ब्लॉक के प्रत्येक गावों का चहुमखी विकास मेरा प्रथम लक्ष्य है। गांव में स्वक्छ पेयजल उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से समझौता नही होगा। बैठक की अध्यक्षता बदलापुर विधायक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद सिंह तथा संचालन एडीओ एसटी सुरेश ने किया। बीडीसी जय प्रकाश निराश्रित पशु व जल निगम टंकी को लेकर सदन के पटल पर प्रश्न पूछा। बीडीसी संजय सिंह साधन सहकारी समितियों पर खाद बीज की जानकारी जैसे प्रश्न पूछे। इस मौके पर पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह राना, अजय सिंह बेचू, अमित पाठक, फरजाना बानो, अंकित यादव, एडीओ पंचायत रजनीश पाण्डेय, एडीओ एजी अनुराग सिंह, एबीएसए उदयभान कुशवाहा, महेश कुमार तिवारी, लेखाकार शैलेन्द्र श्रीवास्तव, केशरी प्रसाद सहित सैकड़ो बीडीसी व ग्राम प्रधान मौजूद रहें।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जन सुनवाई

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्रमोहन गर्ग तथा अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव द्वारा आज नव निर्मित भवन में जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। इस दौरान कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुईं। जन शिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाये। 'सम्भव' जन सुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अम्बरीश बिन्द तथा अरविन्द राय, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, जन सम्पर्क अधिकारी पीके द्विवेदी, उप नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डॉ विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत संजय कटियार, जलकल महाप्रबंधक गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

# कुलपति के ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण से नकलचियों में खलबली, केन्द्रों को चेताया

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्रीय परीक्षाओं में कुलपति के परीक्षा केन्द्रों के औचक निरीक्षण से नकलचियों में खलबली मच गई है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने मंगलवार को प्रयागराज के यमुनापार में चार परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को दी जाएं। कुलपति ने चेतावनी दी कि जो मानक पूरे नहीं करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उधर कुलपति के औचक निरीक्षण से परीक्षा केंद्र परिवर्तन की सुविधा का लाभ उठाकर नकल के भरोसे परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों की दाल नहीं गल पा रही है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने आज नंदकिशोर सिंह पीजी कॉलेज, नैनी, एस एन सेवा संस्थान गर्ल्स डिग्री कॉलेज, नैनी, गांधी शांति निकेतन डिग्री कॉलेज, गौहनिया तथा मोतीलाल नेहरू डिग्री कॉलेज, कौंधियारा स्थित परीक्षा केन्द्रों का दोनों पालियों में औचक निरीक्षण किया। कुलपति के परीक्षा केन्द्र पर पहुंचते ही खलबली मच गई। कुलपति अपने स्टाफ को छोड़कर अकेले ही परीक्षा कक्ष में पहुंच गए। कई केंद्रों में भीषण गर्मी में भी पंखा न चलने पर उन्होंने कड़ा रूख प्रदर्शित किया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र को हर तरह की सुविधा प्रदान कर रहा है। ऐसी स्थिति में छात्रों को अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध न किए जाने पर रोष व्यक्त किया।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम इसके पूर्व बीबीएस डिग्री कॉलेज बरना, प्रतापगढ़, डिग्री कॉलेज, उपरदहा,बरौत तथा दयाशंकर महिला महाविद्यालय, फूलपुर का औचक निरीक्षण कर चुके हैं।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए उड़ाका दल और प्रेक्षकों की टीम के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के सभी क्षेत्रीय केन्द्रों के प्रभारी एवं समन्वयकों को ?स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों की प्रतिदिन की रिपोर्ट मुख्यालय को प्रेषित करेंगे। इसी क्रम में बुधवार 26 जून को प्रातः 11:00 बजे सभी क्षेत्रीय केन्द्रों के प्रभारियों की बैठक कुलपति ने बुलाई है।

## आकाशीय बिजली से एक बृद्ध की मौत

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर गांव में मंगलवार को दोपहर दाउदपुर गांव लगभग ढाई बजे गरज चमक के साथ बारिश होने पर आकाशीय बिजली से एक बृद्ध की मौत हो गई तो वहीं तीन युवक नदी पर कटिया से मछली मार रहे थे कि आकाशीय बिजली से तीनों झुलस गये। झुलने से घायल तीनों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर मेंभर्ती कराया गया जहांपर उनका उपचार चल रहा है। मुबारकपुर क्षेत्र के ग्राम दा उदपुर निवासी कुबेर राम 65वर्ष पुत्र झगड़ू राम बारिश के समय घर के बाहर लगा पानी बहा रहे थे कि आकाशीय बिजली गिरी जिससे कुबेर राम की मौत हो गयी। मृतक पांच पुत्र व दो पुत्री का पिता बताया जाता है। इस प्रकार मुबारकपुर क्षेत्र के पियरोपुर गांव में तमसा नदी के किनारे मुबारकपुर नगर के मोहल्ला पुरा बाग निवासी जर्रार हुसेन 25वर्ष पुत्र अलमदार पुरा रानी निवासी आजम 42वर्ष पुत्र रेयाजुलहसन और मोहल्ला पुरा सोफी निवासी सरफ़राज 35वर्ष पुत्र मो ई नुद्दीन मछली मारने गये थे। नदी के किनारे बैठ कर कटिया से मछली फंसाते समय आकाशीय बिजली गिरी और वे तीनों झुलस गये। तीनों को ग्रमीणों ने उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर पर भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतक कुबेर राम का शव पुलिस ने पीएम रिपोर्ट हेतु मोर्चरी हा उस भेज दिया।

## बल्ली हटाते समय करंट लगने से राजगीर झुलसा

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के पास मंगलवार को मकान के निर्माण कार्य के दौरान करंट की चपेट में आकर एक 32 वर्षीय राजगीर गम्भीर रूप से झुलस गया।उसका जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। उक्त मकान में विकास कुमार 20 वर्ष पुत्र विनोद कुमार निवासी धर्मपुर थाना दीनापुर जिला मुजफ्फरनगर काम कर रहा था। विकास कुमार काम के दौरान बल्ली हटा रहा था। बल्ली करंट के तार से छू गयी। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया।

## कृषि ऋण वितरण में यदि किसी बैंक/शाखा प्रबंधक द्वारा ऋण देने में लापरवाही बरतने वाले पर हो कार्रवाई डीएम

**जिला सलाहकार समिति एवं बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वित्तीय वर्ष 2023-24, में किये गए कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति एवं बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बैंक एवं शासन की योजनाओ की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में ऋृण जमानुपात, जिले में काम कर रहे प्रत्येक बैंक शाखाओं एवं बैंक एटीएम, बैंक मित्रों के कार्य, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एनआरएलएम, मुद्रा योजना, माइक्रो लोन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि की समीक्षा की और समस्त योजना में बैंक एवं विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर संतोष व्यक्त किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में कृषि ऋृण वितरण में यदि किसी बैंक/शाखा प्रबंधक द्वारा ऋृण देने में कृषकों को परेशान किया जाता है या बिचौलियों की मिली भगत की शिकायत पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 की वार्षिक ऋृण योजना की पुस्तक का विमोचन किया गया। बैठक में डीडीओ विजय कुमार यादव, अग्रणी जिला प्रबंधक शंकर चन्द्र सामंत, डीडीएम नाबार्ड लल्लन कुमार, डीसी यूनियन बैंक गौरव कुमार, डीसी एन आर एल एम ओपी सिंह, सहित जनपद के समस्त बैंकों के जिला समन्वयक सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में 51 बेरोजगार युवक-युवतियों को मिला ऑफर लेटर

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** युवाओं को सशक्त ,आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश की योगी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। युवाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए एक तरफ जहां विभिन्न योजनाओं के माध्यम से से उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है तो वहीं बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए लगातार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद प्रयागराज में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय कैंपस में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में आई विभिन्न सेक्टर की पांच कंपनियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर उन्हें चयनित किया। प्रभारी सहायक निदेशक सेवायोजन प्रयागराज सी के सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले मे 5 कंपनियों ने बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन प्रक्रिया पूरी की और बेरोजगार युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया । रोजगार मेले में 84 बेरोजगार अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया, जिसमें से अन्तिम रूप से 51 अभ्यर्थी चयनित किए गए। मेले में नये रोजगार संगम पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पोर्टल पर पंजीयन के लाभ से भी अवगत करा, उनका रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण भी कराया गया। रोजगार मेला प्रभारी प्रशांत के मुताबिक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा बीते एक वर्ष में (01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) में कुल 18 वृहद रोजगार मेले आयोजित करने का लक्ष्य मिला था जिसके सापेक्ष कुल 40 रोजगार मेले आयोजित किए गए। इन रोजगार मेलों के जरिए 5576 अभ्यर्थियों को रोजगार मुहैया कराया गया। इसके पूर्व वर्ष 2022-23 में 25 वृहद मेलों का आयोजन किया गया जिसमें 6687 युवाओं को नौकरी मिली । रोजगार के लिए सभी विभागों में हेल्प डेस्क स्थापित की जा रही है। नए वित्तीय वर्ष में इसके लिए नए रोजगार पोर्टल की शुरुआत हुई है। प्रक्रिया को और सरलीकृत करने और अधिक कंपनियों तक इसकी पहुंच बनाना आसान हुआ है। योगी सरकार ने अपनी इस मुहिम में शहरी, ग्रामीण और अल्पसंख्यक क्षेत्रों में पृथक रूप रोजगार मेलों का आयोजन किया है।

# अधिकारों को इंदिरा गांधी ने समाप्त करने की कोशिश की

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। बताते चले कि जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थी उस समय 25 जून 1975 को पूरे देश में आपात लगा दिया गया था। उस समय नागरिको के अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया गया और प्रेस पर प्रतिबंधित लगा दिया गया था।

भारतीय जनता पार्टी ने आपातकाल के समय कांग्रेस सरकार द्वारा जेल में बंदियों को सम्मानित भी किया। जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी का जिक्र करते हुए कहा कि आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। कंताक्लेक्ष्विउमतहमदबल हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को रौंद दिया। जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। अपने संबोधन में कहा था कि 25 जून जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित हैं। जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते है। उनके लिए 25 जून कभी न भूलने वाला दिन है।भारत के लोकतंत्र पर जो काला धब्बा लगा था उसके आज 50 साल हो गए हैं। भारत की नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था।इस दिन संविधान के चिथड़े-चिथड़े उड़ा दिये गये थे।देश को जेलखाना बना दिया गया था।

# फूलपुर ब्लॉक प्रमुख उपचुनाव के लिए कितना तैयार

**क्षेत्र में रोजगारपरक उपक्रम की जरूरत: विपेन्द्र सिंह पटेल**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव के के बाद फूलपुर विधानसभा के विधायक प्रवीण पटेल सांसद हो गए , सांसद होने के बात तीन बार के विधायक रहे प्रवीण पटेल ने विधानसभा से स्तीफा दे दिया। अब फूलपुर लोकसभा पर उप चुनाव होना है। उपचुनाव की तैयारी कई नेता कर रहे हैं। इसी क्रम में बीजेपी से उपचुनाव की तैयारी कर रहे फूलपुर ब्लॉक के प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल से हमारे संवाददाता से मुलाकात हो गयी। बीजेपी नेता विपेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि वे ब्लॉक की हर योजनाओं का लाभ आम जनता को पहुंचाने का काम करते हैं , इसके अलावां उन्होंने सरकारी कालेज के पुनः शुरुवात करने के लिए मंत्रालय से कंसर्न किया और काम शुरू कराया गया। बीजेपी के विकास कार्यो से जनता काम सरकार में भरोसा बढ़ा है।

एक सवाल के जवाब में ब्लॉक प्रमुख बीजेपी नेता विपेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि विपक्ष ने जनता को बरगलाया जिसकी वजह से लोकसभा चुनाव के दौरान फूलपुर से बीजेपी पिछड़ी थी , लेकिन विधानसभा का चुनाव एकदम से अलग होता है और जनता योगी सरकार की सुरक्षा और केशव प्रसाद मौर्या के विकास कार्यो को देख रही है , जिसकी वजह से उपचुनाव में बीजेपी की जीत होगी। बीजेपी नेता ने अपनी प्राथमिकताओं में बताया कि आम अजंता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले साथ में स्थायी रोजगार के लिए काम होना चाहिए , फूलपुर के औद्योगिक एरिया को पुनर्जागृत करने का काम जरूरी है , साथ में शिक्षा और स्वस्थ के लिए फूलपुर क्षेत्र में एक बड़ा अस्पताल होना चाहिए।

बीजेपी नेता के अनुसार लोकसभा चुनाव के दौरान जो भी जनता में ग़लतफ़हमी हुई की संविधान बचाना है , आरक्षण खतरे में है। जबकि मोदी सरकार संविधान का सबसे बड़ा संरक्षक है और आरक्षण पर हमारे नेताओं बोला है की कोई नहीं समाप्त कर सकता है। यही वजह है आज बीजेपी की तीसरी बार मोदी सरकार बनी और जनता ने साथ दिया तो फूलपुर उप चुनाव जीत कर जनता को रोजगार देने का कार्य होगा।

# कमजोर बीडीसी पर भी ध्यान दें मुख्यमंत्री: रेवती

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ धनाढ्य प्रमुखों की ना सुनें कमजोर बीडीसी पर भी ध्यान दें कि उनकी क्या समस्या है, उनमें इतना आक्रोश क्यों है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया जायेगा और सम्भव हुआ तो गरीब कमजोर बीडीसी सदस्यों से भी मुख्यमंत्री से वार्ता कराया जायेगा ताकि उनको पता चल सके कि ब्लाक के कार्यो में कितनी अनियमितता बरती गई हैं और उनके आय के श्रोत की भी जांच होनी चाहिये। यह जानकारी देते हुए सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि जाति की राजनीति करने वाले एक दो बार सांसद विधायक बन सकते हैं। आठ बार विधायक दो बार सांसद बनें कुंवर रेवती रमण सिंह जाति की नहीं जमात की राजनीति करते है इसलिए जब जमुनापार में ब्लाक प्रमुख बनाने की बात आई तो ब्राह्मण, ठाकुर, भूमिहार, पटेल, कोल को सपा का टिकट ही नहीं दिलाया बल्कि शासन सत्ता के खिलाफ कमजोर बीडीसी की हौसलाअफजाई के बदौलत उनको चुनाव भी जितवाया। लेकिन सभी निजी स्वार्थवश शासन सत्ता के साथ चले गए और बेचारे बीडीसी को ठेंगा दिखा दिया। जिससे उनमें अपने प्रमुखों के प्रति आक्रोश है। उन्होंने कहा कि कुछ अकर्मण्यता वाले जनप्रतिनिधि हैं जिसके अंदर इतना सामर्थ्य नहीं है कि अपने पार्टनर के अविश्वास प्रस्ताव में जीत दिला सके। जबकि सीएम से लेकर डीएम तक उनके फिर भी उत्पीड़न का रोना लेकर भाग भाग कर मुख्यमंत्री के पास जा रहे है कि अविश्वास प्रस्ताव ना आने पाये। उनको पता है कि जनता और बीडीसी में कितना आक्रोश है इसकी झलक अभी हुये लोकसभा चुनाव में हो गई।


# कार्यालय ग्राम पंचायत खरगीपुर गोधना, वि.ख. सोंधी शाहगंज,

## अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 26-06-2024 से 02-07-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 01-07-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**अनीता राजभर**
**ग्राम प्रधान- खरगीपुर गोधना**
**वि.ख. सोंधी शाहगंज, जौनपुर**

**मोहम्मद शाहिद**
**ग्रा.प./ग्रा.वि. अधिकारी- खरगीपुर गोधना**
**वि.ख. सोंधी शाहगंज, जौनपुर**



# कार्यालय ग्राम पंचायत खलीलपुर, विकास खण्ड सोंधी शाहगंज, जनपद-जौनपुर

पत्रांक- मेमो/ 2023-24 दिनांकः 25.06.2024

## अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/राष्ट्रीय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/ग्राम गौ संरक्षण समिति/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज मे, मरम्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशन तिथि से 5 दिवस के अन्दर इच्छुक आपूर्तिकर्ता सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईट, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

**क्र.सं., परियोजना का नाम/सामग्री,** मात्रा, दर 1. ईट 150एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू, प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम. प्रति घन मीटर, 5. सरिया विभिन्न साइज प्रति कुन्टल, 6. करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित प्रति नग, 7. पैर्क्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट प्रति हजार 8. सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/हाइमाक्स सोलर लाइट प्रति नग 9. शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री 10. ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम., 350 एम.एम., 600 एम.एम., 800एम.एम. NP3 प्रति मी0, 11. ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार 12. गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य प्रति घन मी0 13. सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामाग्री प्रिकास्ट कंकरीट ब्रेच प्रति न 14. कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच प्रति नग 15. जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर प्रति नग 16. मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास प्रति घन मी0 17. चूना, पेन्ट इत्यादि प्रति नग 18. वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि प्रति वर्ग मी0 19. विडियों कैमरा दिशा सूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम प्रति नग 20. गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री 21. हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी, 22. कायाकल्प के अंतर्गत डेस्क/बेंच क्रय। 23. रेट्रोफिडिंग हेतु सामग्री, आरसीसी सेन्टर हेतु सामग्री, 24. सीएससी केन्द्र का निर्माण से संबंधित, कम्प्यूटर सिस्टम एवं इन्वर्टर, 25. सामुदायिक शौचालय/पंचायत भवन के पास दुकान निर्माण से संबंधित सामग्री, 26. इन्सुलेटर 27. ई-रिक्शा, हाथ रिक्शा ठेलिया।

**श्रीमती शैला सिंह**
**ग्राम प्रधानः खलीलपुर**
**वि.खं. सोंधी, शाहगंज, जौनपुर**

**मोहम्मद शाहिद**
**ग्रा.पं./ग्रा.वि. अधिकारी, खलीलपुर**
**वि.खं. सोंधी, शाहगंज, जौनपुर**

# टीटीके प्रेस्टीज ने 750 वॉट का मिक्सर ग्राइंडर 'ग्रेस' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख किचन अप्लायंस ब्राण्ड, टीटीके प्रेस्टीज ने अपने नए मिक्सर ग्राइंडर- टीटीके प्रेस्टीज ग्रेस 3 जार मिक्सर ग्राइंडर 750 वॉट और प्रेस्टीज ग्रेस 4 जार मिक्सर ग्राइंडर 750 वॉट को



लॉन्च किया है। ये नए मिक्सर ग्राइंडर्स पिसाई और मिक्सिंग की आपकी सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाए गए हैं। ये ग्राइंडर्स आपको बेहतरीन परफॉर्मेंस देते हैं और कई यूजर-फ्रेंडली फीचर्स के साथ आते हैं। इन ग्राइंडर्स की क्वॉलिटी बहुत जबर्दस्त है और इन्हें पूरे गर्व के साथ भारत में ही बनाया गया है। दोनों ही मॉडल 750 वॉट के दमदार मोटर से लैस हैं, जिससे हर तरह की सामग्री मिनटों में पिसती और मिक्स हो जाती है। अच्छी क्वालिटी के स्टेनलेस स्टील से बनाए गए ये मिक्सर ग्राइंडर बेहतर तरीके से काम करने के लिए फ्लो ब्रेकर्स के साथ आते हैं। प्रेस्टीज ग्रेस 3 जार में चमचमाती फिनिशिंग के साथ तीन मजबूत जार्स शामिल हैं, वहीं प्रेस्टीज ग्रेस 4 जार में काम को और भी बेहतर बनाने के लिए एक अतिरिक्त जार भी दिया गया है। दोनों ही मॉडल पॉलीप्रोपिलिन से बने टिकाऊ ढक्कन के साथ आते हैं। काम करने के दौरान घुमावदार आकार के इन पारदर्शी ढक्कनों से आप सामग्री को आसानी से देख सकते हैं। इसका अतिरिक्त जूसर जार बिना किसी परेशानी के जूस निकालने के लिए एक छन्नी के साथ आता है। ताजा और हेल्दी जूस निकालने के लिए यह बिलकुल परफेक्ट है। मोटर को लंबे समय तक चलाने के लिए, दोनों ही मॉडल ओवरलोड की सुरक्षा से लैस हैं। प्रेस्टीज हमेशा ही अपने प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता का ध्यान रखता है और इसके लिए मोटर पर 5 साल की और प्रोडक्ट पर 2 साल की वारंटी दी गई है। प्रेस्टीज ग्रेस 3 जार मिक्सर ग्राइंडर 750 वॉट की कीमत 4,795 रुपए है, जोकि 3,355 रुपए की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। प्रेस्टीज ग्रेस 4 जार मिक्सर ग्राइंडर 750 वॉट की कीमत 5,695 रुपए है, जिसकी शुरूआती कीमत 3, 985 रुपए है। टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड, टीटीके ग्रुप का हिस्सा है। पिछले छह दशकों में टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी रसोईघर उपकरण कंपनी के तौर पर उभरी है और देश की गृहिणियों की जरूरतों को पूरा कर रही है। प्रेस्टीज ब्राण्ड का हर उत्पाद सुरक्षा, नवाचार, टिकाऊपन और विश्वास के स्तंभों पर बना है और इस ब्राण्ड को लाखों घरों की पहली पसंद बनाता है। अप्रैल 2016 में, टीटीके प्रेस्टीज ने अभिनव होम क्लीनिंग सॉल्यूशंस की रेंज 'प्रेस्टीज क्लीन होम' लॉन्च किया था। कंपनी ने इसी महीने यूके स्थित हॉरवुड होमवेयर्स को खरीदा था और अगस्त 2017 में भारत में जज ब्राण्ड लॉन्च किया था।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार, बिटकॉइन की घटी मार्केट हिस्सेदारी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मंगलवार को मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से बिटकॉइन और एथेरियम समेत 6 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 4 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में तेजी जरूर आई है, लेकिन उसकी मार्केट हिस्सेदारी में गिरावट आ गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ 61,176.81 डॉलर यानी 51.04 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.12 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल



कर 3,375.76 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.03 प्रतिशत, बीएनबी 0.80 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत और एक्सआरपी 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ रेड जोन में कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, सोलाना 9.13 प्रतिशत, टॉनकॉइन 5.05 प्रतिशत, डॉगकॉइन 5.64 प्रतिशत और कार्डानो 5.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.40 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.27 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 189.39 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में मजबूती आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में कुल 8,635 करोड़ डॉलर यानी 7.20 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 29.23 प्रतिशत अधिक है।

## वित्त मंत्री ने व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों के साथ की बजट पूर्व बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा कि आगामी आम बजट 2024-25 के लिए व्यापार और सेवाओं के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री सीतारमण को अपने सुझाव दिए। बजट पूर्व इस परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव तथा केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री सीतारमण ने आम चुनाव से पहले चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। चुनाव के बाद उन्हें फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

## ओला ने अपने एस1 स्कूटर पोर्टफोलियो पर 15,000 रुपये तक के फायदों के साथ 'इलेक्ट्रिक रश' ऑफरों की घोषणा की

**बैंगलुरू।** ओला इलेक्ट्रिक अपने 'ओला इलेक्ट्रिक रश' अभियान के अंतर्गत अपने एस1 पोर्टफोलियो पर 15,000 रुपये तक के आकर्षक ऑफर प्रदान कर रहा है। 28 जून तक लागू इन ऑफरों में एस1 एक्स+ पर 5,000 रुपये और एस1



प्रो एवं एस1 एयर पर 2,500 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा ग्राहकों को 10,000 रुपये तक के अतिरिक्त फायदे प्रदान किए जा रहे हैं, जिनके अंतर्गत एस1 एक्स+ पर 5,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस और एस1 के संपूर्ण पोर्टफोलियो पर चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई के साथ 5,000 रुपये तक का कैशबैक शामिल है। ओला इलेक्ट्रिक एक विशाल एस1 पोर्टफोलियो पेश करता है, जिसमें आकर्षक मूल्य में छः उत्पाद हैं, जो विभिन्न रेंज की जरूरत वाले ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करते हैं। हाल ही में कंपनी ने मास-मार्केट सेगमेंट में अपना एस1 एक्स पोर्टफोलियो उतारा है। तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशन (2 किलोवॉटघंटा, 3 किलोवॉटघंटा, और 4 किलोवॉटघंटा) के साथ इन स्कूटरों का मूल्य क्रमशः 74,999 रुपये; 84,999 रुपये और 99,999 रुपये है। साथ ही इसके प्रीमियम स्कूटरों में एस1 प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स+ का मूल्य क्रमशः 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये और 89,999 रुपये है। ओला इलेक्ट्रिक अपने उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 8 साल/80,000 किलोमीटर की एक्सटेंडेड बैटरी वॉरंटी प्रदान करता है।

ओला इलेक्ट्रिक का मानना है कि इस कदम से इलेक्ट्रिक वाहनों की उम्र बढ़ेगी, और इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में आने वाली एक बड़ी बाधा का समाधान हो सकेगा। ग्राहक एड-ऑन वॉरंटी लेकर 1,00,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 4,999 रुपये देकर और 1,25,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 12,999 रुपये देकर वॉरंटी के अंतर्गत ला सकते हैं। ओला इलेक्ट्रिक ने 3 किलोवॉट की एक पोर्टेबल फास्ट चार्जर एक्सेसरी भी पेश की है, जो 29,999 रुपये में खरीदी जा सकती है।

## फिक्की फ्लो ने डॉ. नाज़नीन के साथ त्वचा की देखभाल की जानकारी दी

**लखनऊ।** फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर ने आज एक निजी होटल में डॉ. नाज़नीन के साथ त्वचा की देखभाल पर एक सत्र का आयोजन किया, जो कि जानकारीपूर्ण और आकर्षक दोनों था, जिसमें उपस्थित लोगों को प्रभावी त्वचा देखभाल प्रथाओं के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान की गई। डॉ. नाज़नीन की त्वचाविज्ञान के प्रति विशेषज्ञता और जुनून दर्शकों के साथ



अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा करते समय झलकता था। सत्र के दौरान, डॉ. नाज़नीन ने त्वचा की देखभाल से संबंधित कई विषयों को कवर किया, जिसमें एक सुसंगत त्वचा देखभाल दिनचर्या का महत्व, त्वचा के प्रकारों की पहचान, सामान्य त्वचा संबंधी समस्याएं और स्वस्थ त्वचा को बनाए रखने के लिए सुझाव शामिल थे। उपस्थित लोगों ने अपनी त्वचा के प्रकार के लिए सही उत्पादों का उपयोग करने के महत्व और विशिष्ट त्वचा संबंधी चिंताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के तरीके के बारे में सीखा। डॉ. नाज़नीन ने सूर्य की सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया और त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने में आहार और जीवनशैली की भूमिका पर प्रकाश डाला। उनकी व्यावहारिक युक्तियाँ और सिफारिशें दर्शकों के साथ अच्छी तरह से जुड़ीं, जिससे उन्हें अपनी त्वचा की देखभाल के लिए सूचित विकल्प बनाने में मदद मिली।

## ड्यूरेक्स ग्लोबल सेक्स सर्वे से हुआ खुलासा

**नई दिल्ली।** ड्यूरेक्स के ताजा ग्लोबल सेक्स सर्वे के अनुसार, भारत में अपने पहले यौन अनुभव के दौरान कंडोम का उपयोग करने वाले लोगों का प्रतिशत 2006 में 37त्न से बढ़कर 2024 में 59 प्रतिशत हो गया है। ड्यूरेक्स हर साल दुनिया भर में सेक्स के 2 बिलियन मौकों पर मौजूद रहा है इसी के साथ ही पिछले दो दशकों में दुनिया भर में 118,000 से ज़्यादा लोगों ने इसके ग्लोबल सेक्स सर्वे में हिस्सा लिया है। सर्वे के नवीनतम 2024 एडिशन दुनिया भर के 36 देशों में आयोजित किया गया था।ड्यूरेक्स अपनी शुरुआत की 95वीं सालगिरह मना रहा है। इस मौके पर हुए दुनिया के इस सबसे व्यापक सेक्सुअल हेल्थ एवं वैलनैस सर्वे के चौथे एडिशन में पता चला कि, कंडोम अभी भी दुनिया का सबसे लोकप्रिय गर्भनिरोधक उपाय बना हुआ है। विशेष रूप से पहली बार सेक्स करने वालों के बीच यह सबसे अधिक लोकप्रिय है। वैश्विक स्तर पर, सर्वे में शामिल 55प्रतिशत लोगों ने अपने पहले यौन अनुभव के दौरान कंडोम का इस्तेमाल किया। यह आंकड़ा 2006 के मुकाबले 34प्रतिशत अधिक है। यह विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि जो लोग अपने पहले यौन अनुभव के दौरान कंडोम का उपयोग करते हैं,



उनके भविष्य में भी इसका उपयोग जारी रखने की संभावना लगभग तीन गुना अधिक होती है। ड्यूरेक्स-ओनर में इंटिमेट वेलनेस ग्लोबल कैटेगरी के डायरेक्टर बेन विल्सन ने कहा यह देखना उत्साहजनक है कि इस साल के सर्वे में भाग लेने वाले कई देशों में इतने सारे लोग संतोषजनक, संतुष्टिदायक यौन जीवन का आनंद ले रहे हैं। हम जानते हैं कि अंतरंग सेहत हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर किसी का यौन जीवन ऐसा हो जिसके बारे में वह पॉजिटिव महसूस करें. ड्यूरेक्स 95 सालों से इनोवेशन और कल्चर लीडरशिप में सबसे आगे रहा है, और यह हमारी बस शुरुआत है। इनोवेशन और ग्राहकों की इच्छाओं की लगातार बढ़ती समझ के साथ, अगले 95 साल हमें दुनिया भर में और भी ज्यादा लोगों तक सेक्स का बेहतरीन अनुभव प्रदान करने में मदद करेंगे।

# टाटा मोटर्स ने वाणिज्यिक वाहनों की आसान फाइनेंसिंग के लिये बजाज फाइनेंस के साथ भागीदारी की

**समाधान**

> "हमें विश्वास है कि यह भागीदारी वाणिज्यिक वाहनों के ज्यादा से ज्यादा मालिकों को फाइनेंसिंग के समाधान देगी।"

**मुंबई** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता टाटा मोटर्स ने देश के सबसे बड़े वित्तीय सेवा समूहों में से एक बजाज फिनसर्व लि. की कंपनी बजाज फाइनेंस लि. के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। बजाज फाइनेंस वाणिज्यिक वाहनों के पूरे पोर्टफोलियो में फाइनेंसिंग समाधानों की पेशकश करेगी। ग्राहकों को कंपनी की विस्तृत पहुँच, प्रतिस्पर्द्धी ब्याज दरों, फ्लेक्सी लोन और डिजिटल तरीके से सक्षम लोन प्रोसेसिंग का फायदा मिलेगा। इस भागीदारी पर अपनी बात रखते हुए, टाटा मोटर्स



कमर्शियल व्हीकल्स में ट्रक्स के वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड श्री राजेश कौल ने कहा, ''हम बजाज फाइनेंस के साथ भागीदारी करके बहुत खुश हैं। यह कंपनी ग्राहकों की खुशी के लिये बेहतरीन समाधान प्रदान करने की हमारे जैसी सोच रखती है। हमें विश्वास है कि वाणिज्यिक वाहनों की फाइनेंसिंग में उनका नया उपक्रम उन्हें परिवहन के क्षेत्र में मौजूद असीम संभावनाओं का लाभ उठाने की अनुमति देगा। इस भागीदारी से देशभर में उद्यमियों को फायदा होगा। ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में बजाज फाइनेंस के विशाल नेटवर्क के साथ, ग्राहकों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार फाइनेंसिंग समाधानों तक आसान पहुंच मिलेगी। हम अपने ग्राहकों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तरह तत्पर हैं।'' इसके बारे में बात करते हुए, बजाज फाइनेंस के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर अनूप साहा ने कहा, ''ग्राहकों को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देना बजाज फाइनेंस की व्यावसायिक नीति में मौजूद है। हम ग्राहकों को फाइनेंसिंग के सुविधाजनक समाधान प्रदान करते हैं, जो मालिक होने के उनके अनुभव को बेहतर बनाते हैं। टाटा मोटर्स के साथ हमारी भागीदारी इसी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हम अपनी बेहतरीन प्रक्रिया के लिए इंडिया स्टैक का इस्तेमाल करते हैं और हमारा मकसद वाणिज्यिक वाहनों की खरीदारी की प्रक्रिया को सुलभ एवं परेशानी से मुक्त बनाना है । हमें विश्वास है कि यह भागीदारी वाणिज्यिक वाहनों के ज्यादा से ज्यादा मालिकों को फाइनेंसिंग के समाधान देगी।'' टाटा मोटर्स सब 1-टन से लेकर 55-टन के कार्गो वाहनों और 10-सीटर से लेकर 51-सीटर तक के मास मोबिलिटी सॉल्यूशंस की एक व्यापक श्रृंखला की पेशकश करती है। इनमें छोटे वाणिज्यिक वाहन और पिकअप्स, ट्रक्स एवं बसों के सेगमेंट शामिल हैं, जो लॉजिस्टिक्स तथा मास मोबिलिटी सेगमेंट्स की बढ़ती जरूरतें पूरी करते हैं। कंपनी अपने 2500 से अधिक टचपॉइंट्स के विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से बेजोड़ गुणवत्ता एवं सेवा के लिये प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है। यहाँ प्रशिक्षित विशेषज्ञ होते हैं।

## स्किल इंडिया ने अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के तहत युवाओं के लिए 5.5 लाख से अधिक अप्रेंटिसशिप अवसर उपलब्ध कराए

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने विभिन्न सेक्टर्स में गुणवत्तापूर्ण अप्रेंटिसशिप स्किल ट्रेनिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है, क्योंकि नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) में बड़ी तेजी देखी जा रही है। पिछले 3 वर्षों में, वित्त वर्ष 2023-24 में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) के तहत कुल नामांकन तीन गुना बढ़कर 9,31,368 युवाओं तक पहुंच गया है। इस योजना में महाराष्ट्र के 2,63,156 युवाओं की प्रभावशाली भागीदारी देखी गई है, जिससे नए टैलेंट के लिए अपनी क्षमताएँ विकसित करने, जॉब की तत्परता बढ़ाने और उन्हें जॉब हेतु तैयार करने के लिए पाथवे बनाने में इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला गया है। अन्य राज्य तमिलनाडु (1,01,495), गुजरात (83,730), कर्नाटक (78,444) और उत्तर प्रदेश (71,444) हैं।

पोर्टल पर अप्रेंटिसशिप के तहत 5.5 लाख से अधिक वैकेंसी उपलब्ध हैं और इसमें ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को एजुकेशन से वर्कफोर्स तक उनके निर्बाध ट्रांजिशन में सहायता करने तथा उन्हें जॉब के लिए तैयार प्रोफेशनल बनाने की अपार संभावनाएं हैं। यह नए टैलेंट के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए




पाथवे तैयार करता है, इस्टैब्लिशमेंट के भीतर अपरेंटिस की भागीदारी में सुधार करता है और भाग लेने वाली कंपनियों में मौजूद विभिन्न अवसरों के बारे में युवाओं को जागरूकता करता है। एमएसडीई ने भारत में अप्रेंटिसशिप सिस्टम में सुधार के लिए कई पहल की हैं, जिनमें स्टेकहोल्डर्स के साथ सक्रिय भागीदारी, एनएपीएस के तहत डीबीटी का शुभारंभ और 30 या अधिक एम्प्लॉइज वाली कंपनियों को एम्प्लॉइज को नियुक्त करने का आदेश देना शामिल है।

## स्किल इंडिया ने अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के तहत युवाओं के लिए 5.5 लाख से अधिक अप्रेंटिसशिप अवसर उपलब्ध कराए

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने विभिन्न सेक्टर्स में गुणवत्तापूर्ण अप्रेंटिसशिप स्किल ट्रेनिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है, क्योंकि नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) में बड़ी तेजी देखी जा रही है। पिछले 3 वर्षों में, वित्त वर्ष 2023-24 में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) के तहत कुल नामांकन तीन गुना बढ़कर 9,31,368 युवाओं तक पहुंच गया है। इस योजना में महाराष्ट्र के 2,63,156 युवाओं की प्रभावशाली भागीदारी देखी गई है, जिससे नए टैलेंट के लिए अपनी क्षमताएँ विकसित करने, जॉब की तत्परता बढ़ाने और उन्हें जॉब हेतु तैयार करने के लिए पाथवे बनाने में इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला गया है। अन्य राज्य तमिलनाडु (1,01,495), गुजरात (83,730), कर्नाटक (78,444) और उत्तर प्रदेश (71,444) हैं। पोर्टल पर अप्रेंटिसशिप के तहत 5.5 लाख से अधिक वैकेंसी उपलब्ध हैं और इसमें ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को एजुकेशन से वर्कफोर्स तक उनके निर्बाध ट्रांजिशन में सहायता करने तथा उन्हें जॉब के लिए तैयार प्रोफेशनल बनाने की अपार संभावनाएं हैं। यह नए टैलेंट के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए पाथवे तैयार करता है, इस्टैब्लिशमेंट के भीतर अपरेंटिस की भागीदारी में सुधार करता है और भाग लेने वाली कंपनियों में मौजूद विभिन्न अवसरों के बारे में युवाओं को जागरूकता करता है। एमएसडीई ने भारत में अप्रेंटिसशिप सिस्टम में सुधार के लिए कई पहल की हैं, जिनमें स्टेकहोल्डर्स के साथ सक्रिय भागीदारी, एनएपीएस के तहत डीबीटी का शुभारंभ और 30 या अधिक एम्प्लॉइज वाली कंपनियों को एम्प्लॉइज को नियुक्त करने का आदेश देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, अप्रेंटिसशिप पोर्टल अभ्यर्थियों को विभिन्न सेक्टर्स में जॉब के अवसरों का पता लगाने तथा उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप एकेडमिक क्वालिफिकेशन और कौशल के आधार पर डेटा को फ़िल्टर करने की सुविधा देता है। 1कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी ने कहा, ÷आज तक, देश में 36 सेक्टर्स में विभिन्न अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम में 32 लाख से अधिक युवा अपरेंटिस के रूप में कार्यरत हैं। हम वर्तमान में 110 से अधिक इंडस्ट्री क्लस्टर के साथ काम कर रहे हैं, जो भारत के एक तिहाई जिलों को कवर करते हैं। स्टाइपेंड के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके तहत पिछले वर्ष इसकी शुरूआत के बाद से अपरेंटिस के अकाउंट्स में 350 करोड़ रुपए से अधिक की राशि वितरित की गई है।

## शिशु की जान बचाई

**लखनऊ।** एस.सी. त्रिवेदी मेमोरियल मदर एंड चाइल्ड केयर ट्रस्ट में शिशु को रक्त की आपूर्ति की कमी के कारण रोगी शालिनी अग्रवाल को गर्भावस्था के मात्र 29 सप्ताह में आपातकालीन एल.एस.सी.एस. से



गुजरना पड़ा, जिससे शिशु का मस्तिष्क क्षतिग्रस्त हो गया। चूंकि बच्ची का जन्म समय से पहले हुआ था, इसलिए उसे एक महीने के लिए एन.आई.सी.यू. में रखा गया था, जन्म के समय शिशु का वजन 685 ग्राम था और एन.आई.सी.यू. में एक महीने की गहन देखभाल के बाद समय से पहले जन्मी बच्ची अब स्वस्थ है। एस.सी. त्रिवेदी मेमोरियल मदर एंड चाइल्ड ट्रस्ट अस्पताल के डॉक्टरों और पैरामेडिकल टीम के प्रयासों से आज उसे अस्पताल से सफलतापूर्वक छुट्टी मिल गई।

## मोटुल ने ऑटो मैकेनिकों के लिए सेहत की समृद्धि पहल की शुरुआत की

**लखनऊ।** भारत में प्रीमियम, हाई-परफॉर्मेंस इंजन ऑयल एवं इंडस्ट्रियल ल्यूब्रिकेंट का निर्माण करने वाली प्रमुख कंपनी, मोटुल इंडिया ने अपनी सीएसआर पहल, मोटुल सेहत की समृद्धि की शुरुआत की है इस पहल का उद्देश्य ऑटो मैकेनिकों, उनके परिवार के लोगों और समुदाय के सदस्यों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाना है जिसके तहत 25 जून, 2024 को लखनऊ में पहले शिविर की शुरुआत हुई है। यह भारत के 20 शहरों में स्वास्थ्य जांच सेवाओं के लिए बड़े पैमाने पर आयोजित शिविरों की श्रृंखला का पहला शिविर है मोटुल इंडिया की अगुवाई में स्माइल फाउंडेशन के साथ मिलकर शुरू की गई यह पहल जून 2024 से मार्च 2025 तक जारी रहेगी, जिसमें पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, असम, ओडिशा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रमुख क्षेत्र शामिल होंगे। इस मौके पर मोटुल इंडिया एवं साउथ एशिया के सीईओ, श्री नागेन्द्र पाई ने कहा हमने देश भर में ऑटो मैकेनिक और उनके परिवारों की खुशहाली को बढ़ावा देने के इरादे से सेहत की समृद्धि की शुरुआत की है हम चाहते हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं की सहज



उपलब्धता के साथ उनका जीवन सकारात्मक रूप से बेहतर हो, जिसकी शुरुआत यहीं लखनऊ से हो रही है हम स्माइल फाउंडेशन के साथ मिलकर, और समाज पर बड़ा प्रभाव डालने वाली परियोजनाओं को लागू करने में उनकी विशेषज्ञता के साथ, हम समुदाय में उन लोगों की सेहत की परवाह करने वाला रवैया विकसित करना चाहते हैं, जो मोटर-वाहन उद्योग का सबसे बड़ा सहारा हैं। स्माइल फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, श्री पुनीत बाली ने कहा स्माइल फाउंडेशन में हम सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एकजुटता की ताकत में यकीन रखते हैं। श्सेहत की समृद्धिश् पहल के लिए मोटुल के साथ हमारी साझेदारी इस बात की मिसाल है। हम इस साझेदारी के ज़रिये ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री की सप्लाई चेन के सबसे अहम सदस्यों के समूह यानी ऑटो मैकेनिक और उनके परिवारों तक पहुँच रहे हैं, और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उन्हें बेहतर गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों। हम सब मिलकर बदलाव ला रहे हैं चिकित्सा सेवाओं तक सीमित पहुँच वाले समुदायों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव को कम करने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत की गई है। आने वाले 9 महीनों के दौरान 80 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनसे लगभग 16,000 लाभार्थियों को बड़े पैमाने पर चिकित्सा देखभाल की सुविधा मिलेगी। इससे इलाज पर उनकी जेब से होने वाला खर्च काफी कम हो जाएगा, घर-घर स्वास्थ्य की सेवाओं पहुँच का दायरा बढ़ेगा और कुल मिलाकर समुदाय के सदस्यों के बीच सेहतमंद ज़िंदगी जीने की आदतों को बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना की मुख्य गतिविधियों में योग्य चिकित्सा-कर्मियों और पैरा-मेडिकल कर्मचारियों की पहचान करना और उनकी सेवाओं का उपयोग करना, तथा स्थानीय डीलरों, रिटेलर्स एवं सेल्स टीमों के सहयोग से समुदाय को इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित करना शामिल है।

## फिक्की फ्लो ने लगाया योग शिविर



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए, फिक्की फ्लो लखनऊ ने फ्यूजन फिट जिम में योग शिविर का आयोजन किया। फ्यूजन फिट जिम शहर की उन कुछ सुविधाओं में से एक है, जहाँ एक प्रमाणित प्रशिक्षक अयंगर योग कक्षाएँ संचालित करता है। शिविर में 20 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें फिक्की फ्लो लखनऊ की अध्यक्ष विभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष ज्योत्सना कौर हबीबुल्लाह और स्वाति वर्मा, कोर कमेटी की सदस्य सिमरन साहनी और शमा गुप्ता शामिल थीं। उन्हें अयंगर योग के लाभों से परिचित कराया गया, जो योग आसनों के माध्यम से सुरक्षा, विस्तार, सटीकता और शारीरिक संरेखण पर जोर देता है। योग प्रशिक्षक सचिन राजवंश ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया और पीठ और गर्दन के दर्द, रीढ़ की चोटों से राहत दिलाने और समग्र स्वास्थ्य को सुविधाजनक बनाने में उनके लाभों के बारे में बताया। अयंगर योग मुख्य रूप से बेल्ट, ब्लॉक, बोल्स्टर और मैट जैसे प्रॉप्स के व्यापक उपयोग के कारण अन्य शैलियों से अलग है।

प्रॉप्स का उपयोग करके, अयंगर योग अभ्यासियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए सुलभ हो जाता है, जिसमें शुरुआती और शारीरिक सीमाओं या क्षमता और फिटनेस के विभिन्न स्तरों वाले व्यक्ति शामिल हैं। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि हर कोई, चाहे उनकी स्थिति कैसी भी हो, आसन को सही ढंग से कर सकता है और अभ्यास से लाभ उठा सकता है।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



- कार्यदाई संस्था को समय से पूर्व व गुणवत्ता परख निर्माण करने का दिया निर्देश

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज हरका रामपुर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी भी उपस्थित रही। जिलाधिकारी द्वारा तीन फ्लोर में बारी बारी से प्रत्येक कमरों यथा पुस्तकालय, मल्टी प्रयोज्य रूम, शौचालय, डाइनिंग हॉल, फायर कंट्रोल रूम, लैब, डाइनिंग हॉल, मेस एरिया, रीडिंग रूम, का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा कार्यदायी संस्था के पीएसपी प्रोजेक्ट लिमिटेड के कर्मचारियों एवं पीडब्ल्यूडी अवर अभियंता से एकेडमिक ब्लॉक, पार्किंग एरिया, कंप्यूटर रूम, मल्टी प्रयोज्य लाइब्रेरी, हिस्टोलिजी लैब रूम, पाथवे, फाउंटेन, स्मार्ट बोर्ड, विद्युत कार्य, ड्रेनेज सिस्टम की सुविधा, टीचिंग स्टाफ रूम, फायर व प्लंबिंग कार्य, जलजमाव से निजात के कार्य, कांफ्रेंस हॉल और कक्षाओं, पुस्तकालय हेतु टेंडर के बारे में जानकारी ली। जिस पर सहायक अभियंता के द्वारा बताया गया की राजकीय मेडिकल कॉलेज में चार लैब/प्रयोगशालाएं है, नीचे 2 लाइब्रेरी है और प्रत्येक फ्लोर पर लेक्चर की कक्षाएं है, कंप्यूटर रूम ठीक बगल में स्थित है तथा अन्य पाठन से संबंधित कक्षाएं प्रत्येक फ्लोर पर स्थित है के साथ साथ अन्य जानकारियां भी उपलब्ध कराई। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने एडमिशन का प्रोसेस, नॉन डेवलपमेंट और डेवलपमेंट प्रोग्राम, पार्किंग, लिफ्ट के बारे में भी जानकारी ली।

फायर अलार्म ठीक से काम कर रहा है कि नहीं इसकी पुष्टि के लिए कागज के टुकड़े जला कर भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गर्ल्स हॉस्टल के कमरों के निरीक्षण के दौरान सभी अलमीरा में अलग से हैंडल लॉक लगाने तथा सभी फ्लोर्स में गीजर बाहर की ओर लगाने के निर्देश दिए। अग्नि से बचाव हेतु अपनाए गए सुरक्षात्मक निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया की पानी के टैंक का कनेक्शन प्रत्येक फ्लोर पर कक्ष के अनुरूप हो तथा फायर अलार्म हमेशा क्रियाशील अवस्था में रहे। ड्रेनेज की व्यवस्था व जलजमाव की समस्या भविष्य में नहीं आनी चाहिए। अंत में जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था के द्वारा कराए गए निर्माण एवं अन्य कार्यो की पूर्ण ऑब्जर्वेशन हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया तथा विद्युत विभाग के अधि. अभियंता, एई, जेई, तहसीलदार, लेखपाल एवं कार्यदाई संस्था के साथ बैठक लेने के भी निर्देश दिए।

## पुरस्कार हेतु दिव्यांगजन 15 जुलाई तक करें आवेदन

**अमेठी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि दिव्यांगजनों एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं जनपद में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों सेवायोजकों को प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राज्य सरकार एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 14 क्षेत्रों में पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्रों के तहत स्वतः रोजगाररत दक्ष दिव्यांग व्यक्ति/कर्मचारी उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारी उत्कृष्ट सेवायोजक एवं प्लेसमेंट अधिकारी व्यक्ति विशेष उत्कृष्ट संस्था उत्कृष्ट रोल मॉडल दिव्यांगों के लिए बाधारहित वातावरण के निर्माण दिव्यांगजन के पुर्नवासन के क्षेत्र में कार्य के लिए उत्कृष्ट जनपद उत्कृष्ट लोकल लेवल कमेटी उत्कृष्ट चैनेलाइजिंग एजेंसी असाधारण सृजनात्मक कार्यो उत्कृष्ट ब्रेलप्रेस उत्कृष्ट एससेबल वेबसाइट तथा दिव्यांगजनों हेतु कार्यरत स्वैच्छिक संस्था के लिए पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

# भाजपा ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी ने औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर गोष्ठी आयोजित कर आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सतेंद्र जैन ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की काली करतूत व लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय 25 जून 1975 आपातकाल के विरोध में उठ रहे हर स्वर का हृदय से वंदन है।

भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे काले अध्याय, आपातकाल (25 जून, 1975), का विरोध करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की आस्था को संजोकर रखने वाले सभी सत्याग्रहियों को सादर नमन। श्री जैन ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में आपातकाल कांग्रेस द्वारा लिखा जाने वाला एक काला अध्याय है। देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस के द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बाँध दिए थे। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूं। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने किया तथा संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया तथा लोकतंत्र सेनानियों ने अपने संघर्षों की कहानी बताई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही, प्रेम अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री श्रीनिवास मणि, रविंद्र कौशल, जिला मंत्री अरविंद पांडे, संजय सिंह सैंथवार, दिवाकर मिश्रा, लोकतंत्र सेनानी रामधनी गौण, रमाशंकर कुशवाहा, शीतल गुप्ता, दीनानाथ शर्मा, योगेंद्र गुप्ता, कुश भगत, शशि श्रीवास्तव, सचितानंद तिवारी, अमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह, रमेश वर्मा, जितेंद्र सिंह, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजनान्तर्गत करें आवेदन

**कौशाम्बी।** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजनान्तर्गत शहरों में पलायन को रोकने के लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जनपद को 12 इकाईयों का लक्ष्य धनराशि रू0-60 लाख व 240 रोजगार प्राप्त हुआ है। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्द्र शेखर वर्मा ने देते हुए बताया कि जनपदवासी अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बेवसाइट upkvib.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। योजना विनिर्माण/सेवा क्षेत्र के लिये अनुमन्य है। योजनान्तर्गत प्रोजेक्ट कास्ट सीमा अधिकतम रू0-10 लाख है। ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक महिला/पुरूष की उम्र 18 से 50 वर्ष तक होनी चाहिए। परियोजना लागत के सापेक्ष बैंक द्वारा वितरित किये गये टर्म लोन पर सामान्य वर्ग को 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं वहन करना पड़ेगा और आरक्षित वर्ग को पूंजीगत ऋण पर ब्याज विभाग द्वारा देय होगा।

## ब्लॉकवार होगी सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व ऑफिसर की भर्तियां

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भर्ती अधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंड मुख्यालयों में एसआईएस इंडिया लि. जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि. भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व आफिसर ग्रेड की नियुक्ति की जायेगी। विकास खण्ड मुख्यालयों पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 01 और 02 जुलाई को खड्डा ब्लॉक, 03-04 जुलाई को नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक, 05-06 को विशुनपुरा ब्लॉक, 07-08 को हाटा ब्लॉक, 09-10 जुलाई को मोतीचक ब्लॉक, 11-12 को कप्तानगंज ब्लॉक, 13-14 को कसया ब्लॉक, 17-18 को पडरौना ब्लॉक, 19-20 को दुदही ब्लॉक, 22 -23 को फाजिलनगर ब्लॉक, 24 - 25 को सेवरही ब्लॉक, 26-27 को तमकुही ब्लॉक, 28-29 को रामकोला ब्लॉक, 30-31 जुलाई को सुकरौली ब्लॉक में शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने आगे बताया कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती हेतु उपस्थित हो सकते हैं। जिला विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजित किए जाने वाले शिविरो में आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा भर्ती अधिकारी चंदन और सत्येंद्र कुमार द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओं अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे। भर्ती अधिकारी चंदन कुमार मौर्य ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए।

# धारा 34 के लंबित प्रकरणों पर डीएम ने जताई नाराजगी, तहसीलदार भाटपाररानी को कड़ी फटकार

अवधनामा संवाददाता



- डीएम ने की राजस्व विभाग के कार्यो की मासिक समीक्षा

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज सायं कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के मासिक कार्यों की समीक्षा की। भाटपाररानी तहसील में धारा-34 से जुड़े प्रकरणों के अकारण लंबित रहने पर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की एवं तहसीलदार मिसरी लाल को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि धारा 34 के प्रकरण प्रत्येक दशा में राजस्व संहिता में उल्लिखित 35 दिन की अवधि में निस्तारित होने चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व संहिता के अंतर्गत धारा 24 से जुड़े प्रकरण तीन माह में, धारा 80 से जुड़े प्रकरण 45 दिन तथा धारा 116 से जुड़े प्रकरणों को अधिकतम छह माह में निस्तारित करने का प्रावधान है। सभी अधिकारी उपर्युक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें। ग्राम समाज की भूमि अथवा सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण दिखे तो धारा 67 की कार्रवाई कर उसे मुक्त कराये। इस कार्य में शिथिलता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने प्रत्येक तहसील के 10 बड़े बकायेदारों की सूची तहसील कार्यालय में दृश्य स्थल पर अंकित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनपद के बड़े बकायेदारों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली सुनिश्चित की जाए। डीएम ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गांव में तैनात लेखपाल का उत्तरदायित्व है कि वह जनहानि, पशुहानि के क्षति की सूचना पीड़ित किसान पक्ष से आवेदन भरवा कर शासन का अवगत कराए। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी जे आर चौधरी, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, सहित समस्त उप जिलाधिकारी तहसीलदार इत्यादि उपस्थित थे।

## संपूर्ण समाधान दिवस के लिए डीएम ने दिसंबर तक जारी किया रोस्टर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने शासन के निर्देशानुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को प्रात 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक का रोस्टर माह जुलाई से दिसंबर 2024 तक का रोस्टर जारी किया है। इसमें डीएम व एडीएम के अलावा एसडीएम तहसील दिवस की अध्यक्षता करेंगे।

रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी 06 जुलाई 2024 को पडरौना में, 20 जुलाई को हाटा में, 03 अगस्त को कसया में, 17 अगस्त को कप्तानगंज में, 07 सितंबर को तमकुहीराज में, 21 सितंबर को खड्डा में, 05 अक्तूबर को पडरौना में, 19 अक्टूबर को हाटा में, 02 नवंबर को कसया में, 16 नवंबर को कप्तानगंज में, 07 दिसंबर को तमकुहीराज में, तथा 21 दिसंबर को खड्डा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 06 जुलाई को कप्तानगंज में, 20 जुलाई को कसया में, 03 अगस्त को तमकुही राज, 17 अगस्त को खड्डा, 07 सितंबर को पडरौना, 21 सितंबर को हाटा, 05 अक्टूबर को कप्तानगंज, 19 अक्टूबर को कसया, 02 नवम्बर को तमकुही राज, 16 नवंबर को खड्डा, 07 दिसंबर को पडरौना, 21 दिसंबर 2024 को हाटा में आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्धारित तहसील दिवस की तिथि को यदि कोई सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो उस तिथि का तहसील दिवस अगले कार्य दिवस में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त रोस्टर के अनुसार समस्त जनपदीय अधिकारीगण समय से तहसील दिवस में उपस्थित होकर जन सुनवाई तथा शिकायतो का निस्तारण समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करेंगें।

# सरकारी जमीन पर विशेष वर्ग के लोगो ने किया अवैध कब्जा

### प्रशासन ने घरों पर बुलडोजर चलाकर किया जमींदोज

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव के दौरान जब पूरा प्रशासन चुनावी कार्य में व्यस्त था, उसी समय एक वर्ग विशेष के लोगों ने लगभग दो बीघे सरकारी जमीन पर 7- 8 घर बनाकर कब्जा कर लिया था। जिसकी शिकायत गांव के कई लोगों ने एसडीएम मंझनपुर से की गई थी। मामले में मंगलवार को कार्रवाई करते हुए इस अतिक्रमण को हटा दिया गया है प्रशासन की इस कार्रवाई से इलाके के अवैध कब्जा धारी में हड़कंप मच गया है।

मंझनपुर तहसील क्षेत्र के आम्बावां पश्चिम गांव में गाटा संख्या 301 पर अवैध रूप से आधा दर्जन से अधिक लोगों ने चुनाव के दौरान जब प्रशासन चुनावी कार्यक्रम में व्यस्त था कि अचानक एक बीघे से अधिक जमीन पर एक साजिश के तहत अवैध रूप से कई मकान के ढांचे खड़े कर दिए। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम आकाश सिंह से किया, मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच कराई गई। शिकायत की सच्चाई को देखते हुए मंगलवार को नायब तहसीलदार की अगुवाई में बनी टीम ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में इन अवैध ढांचों को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। बुलडोजर कार्रवाई से इलाके के अवैध का कब्जा धारकों को में हड़कंप मच गया है। वहीं दूसरी ओर इलाके के समाभ्रांत लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

# सकिपा कार्यकर्ताओं ने किया लस्सी वितरण का आयोजन, लोगों ने जमकर उठाया लस्सी का लुत्फ

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** भीषण गर्मी से हलाकान लोगों को राहत दिलाने के लिए मंगलवार 25 जून को मंझनपुर आर टी ओ दफ्तर के पास समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने लस्सी वितरण का आयोजन किया और लस्सी स्टाल लगाकर लोगों को लस्सी पिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी के हाथों सर्वप्रथम कई लोगों को लस्सी वितरण कर कराया गया। इस अवसर पर अजय सोनी ने कार्यकर्ताओं से लोगों को प्रेमपूर्वक लस्सी पिलाने का आह्वान किया। लोगों खासकर राहगीरों ने इस मौके पर जमकर लस्सी का लुत्फ उठाया और छककर लस्सी पी।

समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाने के लिए मंगलवार 25 जून को मंझनपुर आरटीओ कार्यालय के सामने मुफ्त लस्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचे लोगों सहित गाड़ियों को रोक रोककर राहगीरों को ठंडी लस्सी पिलाई। लोगों ने भी जमकर लस्सी का लुत्फ उठाया और छक कर लस्सी पी। शुद्ध दही और बर्फ से निर्मित लस्सी पीने के लिए स्टाल पर लोगों की भीड़ जमा रही। आरटीओ कार्यालय में अपने कार्य के लिए पहुंचे लोगों को जैसे ही मुफ्त लस्सी वितरण की जानकारी हुई, लोगों ने मौके पर पहुंचकर लस्सी का आनंद लिया। इसी तरह सिराथू मंझनपुर मार्ग से गुजर रहे राहगीरो और यात्री वाहनों में बैठे यात्रियों समेत आसपास की दुकानों में मौजूद रहे लोगों ने भी इस मौके पर लस्सी का आनंद लिया। इस अवसर पर समर्थ किसान पार्टी से सिराथू विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे एवं कार्यक्रम आयोजक विजय शुक्ला ने कहा कि जनहित एवं जनसेवा हमारी पहचान है। भीषण गर्मी में लोगों को लस्सी वितरण करने से पुण्य लाभ होता है। आगे भी हम लोग पार्टी के तत्वावधान में ऐसे आयोजन करते रहेंगे। इस अवसर पर महेंद्र शुक्ला, राजन शुक्ला, प्रभाकर शुक्ला, विजय तिवारी, किशोरी पाल, नवनीत शुक्ला, संदीप, मुन्ना, राकेश, दीपक आदि मौजूद रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के सम्बन्ध में दिया गया प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह की अध्यक्षता में उदयन सभागार में आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से आमजन-मानस की प्राप्त शिकायतों को अधिक प्रभावी ढंग से निस्तारण कराने तथा संतुष्टिपरक् बनाये जाने के सम्बन्ध में विकास भवन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ई-डीएम कीर्त कुमार द्वारा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शिकायतों के निस्तारण को अधिक प्रभावी और संतुष्टिपरक् बनाये जाने के लिए विभिन्न बिन्दुओ पर जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं फीडबैक प्रणाली की जानकारी दी। इसके साथ ही वर्तमान में सीएम हेल्पलाइन एवं ऑनलाइन प्राप्त हो रहीं अधिक संख्या में शिकायतों को अधिकारियों द्वारा रैण्डम आधार पर फीडबैक लिए जाने एवं संतुष्टि से सम्बन्धित आवश्यक साक्ष्य लगाये जाने, आईजीआरएस रैकिंग के सम्बन्ध में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुनील शुक्ला सहित विकास भवन व अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## श्रद्धालुओं से भरी बस में ट्रेलर ने मारी टक्कर

**कौशाम्बी।** प्रयागराज से मथुरा वृंदावन के लिए जा रही 40 श्रद्धालुओं की बस में ट्रेलर ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला का सिर धड़ से अलग होकर सड़क पर गिर पड़ा,वही दो लड़कियां भी घायल हो गई,घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक श्रीगंगानगर राजस्थान के रहने वाले 40 श्रद्धालुओं को लेकर बोल्बो बस संख्या आरजे 13 पीए 9101से प्रयागराज से मथुरा वृंदावन की ओर जा रही थी सोमवार की रात में लगभग 2 बजे कोखराज थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर स्थित पंचम होटल के पास दूसरे तरफ से आ रहे वाहन संख्या आरजे 06 जीबी 9735 ट्रेलर ने बस में पीछे से टक्कर मार दी, जिस कारण बस में बैठी एक महिला अलका पत्नी स्वर्गीय अनंत कुमार उम्र करीब 40 वर्ष निवासी सरदारपुर बीभा थाना सूरतगण सदर कोतवाली जनपद गंगानगर राजस्थान की मौके पर ही मौत हो गई।

# मथौली में एक्सपायरी व मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री जोरों पर, विभाग मौन

अवधनामा संवाददाता



- खाद्य पदार्थों पर नहीं लिखी रहती है एक्सपायरी डेट

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा के विभिन्न दुकानों में इन दिनों खूब मिलावटी व एक्सपायरी खाद्य पदार्थ की बिक्री हो रही है। लेकिन जिम्मेदार मौन है। नहर रोड पर स्थित एक मिष्ठान की दुकानों पर इन दिनों मिलावटी व एक्सपायरी खाद्य पदार्थो की बिक्री बैखौफ हो रही है। इन दुकानों की समय समय पर जांच न होने से लोग एक्सपायरी खाद्य पदार्थो का सेवन कर के बीमार पड़ रहे है।

गौरतलब है कि वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी से दुकानों के खाद्य पदार्थ जल्दी ही खराब हो जा रहे है। लेकिन दुकान संचालक उसे दुकान से हटाना मुनासिब नही समझ रहे है और एक्सपायरी खाद्य पदार्थो की फ्रिज में रख दे रहे है और ग्राहकों की मांग पर उसे निकल कर पैक कर के दे देते है। जब ग्राहक घर लाकर जब उन खाद्य पदार्थो का सेवन करते है तो खट्टा पन महसूस होने पर उसे फेंक देते है।

कई ग्राहकों ने बताया कि इन मिष्ठान संचालकों की दुकानों पर समय से जांच न होने के कारण हौसला बुलंद रहता है। उल्लेखनीय है कि खाद्य पदार्थो पर एक्सपायरी तिथि भी नही लिखी रहती है। लोग ये खाद्य पदार्थ खाकर बीमार हो रहे है। कुछ लोगों द्वारा नाम न छापने के शर्त पर बताया कि विभाग के अधिकारी जांच करने आते है लेकिन कार्यवाई नही करते है। मैनेज करके चले जाते है, जिससे दुकानदारों का हौंसला बुलंद रहता है।

इस संबंध में चिकित्साधिकारी डा.धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थो के सेवन से बचना चाहिए। इससे पीड़ित मरीज इलाज कराने पहुंच रहे है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो की मौत

**अमेठी।** थाना क्षेत्र जामो अंतर्गत बाग में आम बीनने गए दो युवकों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जामो थाना क्षेत्र के लोरिकपुर गांव के सुब्बा पांडेय का पुरवा रामशाहपुर गांव का रहने वाला 26 वर्षीय मुकेश पासी पुत्र नागेश्वर पड़ोस के ही गांव लोरिकपुर में अपने मौसी के घर गया था। जहाँ से वो अपनी मौसी के बेटे 25 वर्षीय रंजीत कुमार पुत्र रामसमुझ के साथ आम बीनने बाग में चला गया। आम बीनने के दौरान तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में आने से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देने के साथ परिजनों को दी जिसके बाद रोते बिलखते परिजन मौके पर पर पहुँचे और पुलिस की मदद से दोनों को जामो सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टरों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु श्रम बन्धु व्यापार बंधु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एमओयू क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में सर्वप्रथम समिति के समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा के लिए औद्योगिक क्षेत्र त्रिसुंडी में पुलिस चौकी के निर्माण के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा से औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में पुलिस चौकी के निर्माण के संबंध में जानकारी ली इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा द्वारा बताया गया कि 15 दिन के अंदर टेंडर प्रक्रिया कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में रोड नंबर 3 से उतेलवा तक सर्विस रोड के अधूरे कार्य को पूरा कराने औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में शिवकुमार चौरसिया महासचिव एसोचेम अमेठी को उनके प्लांट पर कब्जा दिलाने औद्योगिक क्षेत्र त्रिसुंडी में पार्किंग व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र अति शीघ्र उपरोक्त प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर निर्धारित समय के उपरांत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के संबंध में शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा की गई तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निवेशकों द्वारा किए गए एमओयू के क्रियान्वयन तथा उन्हें धरातल पर उतारने के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की उद्योग स्थापना में यदि किसी भी उद्यमी को किसी भी विभाग से आ रही हो तो समिति को अवगत कराएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने श्रम बन्धु की समीक्षा करते हुए उपस्थित उद्यमियों व्यापारियों को श्रम विभाग में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही श्रमिकों का भी पंजीकरण कराने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की श्रमिकों को जानकारी देने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष समीर कुरैशी द्वारा विभिन्न विभागों यथा बैंकिंग श्रम विद्युत फूड आदि द्वारा स्थानीय स्तर पर कैंप लगाकर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रचार प्रसार करने जगदीशपुर चौराहे पर स्पीड ब्रेकर सिंबल स्ट्रिप बनवाने तथा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्टेक होल्डर के रूप में उद्यमियों को सदस्य के रूप में प्रतिभाग करने का सुझाव दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र दिनेश कुमार चौरसिया ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। बैठक में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में व्यापार मंडलों की ओर से सहयोग किए जाने पर जिलाधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष लघु उद्योग भारतीय अध्यक्ष आईआईए अमेठी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पुणे के आगा खाँ पैलेस का स्वतंत्रता आंदोलन से गहरा सम्बन्ध: अश्वनी जैन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** भारतीय पुरातत्व विभाग, मुम्बई विभाग मुम्बई द्वारा पुणे के आगा खाँ पैलेस को पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित किया गया है। पुणे का आगा खाँ पैलेस पुणे के मुख्य दर्शनीय स्थल जैसे दगडूसेठ हलवाई का गणेश मन्दिर, शनिवार वाडा, छत्रपति शिवाजी महाराज का कमल महल आदि में से एक है। इन दर्शनीय स्थलों का भ्रमण जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन द्वारा किया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि पुणे का प्रसिद्ध राष्ट्रीय गाँधी स्मारक आगा खाँ महल ई.स.1892 में तृतीय आगा खाँ सुल्तान मोहम्मद शाह आगा खाँ जो खोजा इस्लामी सम्प्रदाय के 48 वें आध्यात्मिक गुरु थे, उनके द्वारा बनवाया गया था। इस महल का निर्माण उन्होंने आसपास के सूखा प्रभावित गांववासियों को रोजगार देने के उद्देश्य से बनवाया था। इस महल का निर्माण पाँच वर्षों में पूर्ण हुआ जिसमें लगभग एक हजार लोगों को रोजगार मिला और उन्हें जीविकोपार्जन के लिए भरपूर मजदूरी दी गई। महल के निर्माण में उस समय लगभग 12 लाख रुपए खर्च हुए। यह महल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का एक राष्ट्रीय स्मारक है। ई. स. 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन प्रारम्भ होने के पश्चात श्री गाँधी जी, उनकी पत्नी श्रीमती कस्तूरबा गाँधी जी और सचिव श्री महादेवभाई देसाई को 9 अगस्त 1942 से 6 मई 1944 तक इसी महल में नजरबंद रखा गया था। इस नजरबंदी के दौरान ही महादेवभाई देसाई और कस्तूरबा गाँधी जी का देहान्त हो गया था। उनकी समाधियां महल परिसर में स्थित हैं। यह महल गाँधी जी और उनके जीवन से जुड़ा एक असाधारण स्मारक है। महल परिसर के अन्दर स्थित संग्रहालय में गाँधी जी के जीवन से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं से सम्बंधित चित्र एवं फोटो संग्रहित हैं। इसके अतिरिक्त उनकी व्यक्तिगत वस्तुओं जिसमें बर्तन, कपड़े, माला, चप्पल और अपने सचिव के मृत्योपरांत लिखा हुआ पत्र इत्यादि का संग्रह भी है। इसके अतिरिक्त गाँधी जी की अस्थियों के कुछ अवशेष कस्तूरबा गाँधी और महादेवभाई देसाई के समाधिस्थानों के पास रखे गए हैं।

## डीएम के निर्देश पर दो पंचायत सचिव निलंबित

**सुलतानपुर।** जिले के विकास कार्यों में अनियमितता बरतने वाले दो पंचायत सचिवों को डीएम कृतिका ज्योत्स्ना के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विकास खण्ड जयसिंहपुर की ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत की पंचायत सचिव संगीता पाल को हैण्डपम्प रिबोर कार्य में सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त न करने, कोटेशन प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण होने, कार्य समाप्ति के पूर्व लाखों रुपये के बिल प्रस्तुत कर शासकीय धन की क्षति करने के लिए संगीता पाल, तत्कालीन पंचायत सचिव संयुक्त रूप से उत्तरदायी है। प्राथमिक विद्यालय चपरहया से कुटियवा भाला तक इण्टरलाकिंग कार्य में निविदा प्रक्रिया में लापरवाही बरतने, राजेश निषाद के घर ते शमशान घाट तक इण्टरलाकिंग कार्य निविदा प्रक्रिया / मापन प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण होने, ग्राम पंचायत फतेहपुरसंगत में ह्यूम पाइप क्रय में निविदा प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण कर लाखों रुपये की शासकीय धन की हानि पहुंचाने की जिम्मेदार हैं और शासनादेशों एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों / निर्देशों का अनुपालन न करने के लिए उत्तरदायी है।

# जगदम्बा सरस्वती की स्मृति में श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** प्रजापिता ईश्वरीय ब्रम्हाकुमारी विश्वविद्यालय फ़िरोज़ाबाद के कैला देवी सेंटर पर ब्रह्माकुमारीज संस्था कि प्रथम संचालिका जगदम्बा सरस्वती जिन्हें हम प्यार से मम्मा कहते है आज उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ।

मम्मा के चित्र पर सेंटर संचालिका सरिता दीदी के साथ मुख्य रूप से कर निर्धारण अधिकारी नीरज पांडेय, सीनियर सी0ए0 राकेश गोयल डॉ अरविन्द कुमार सहित कई अन्य विशिष्ट भाई बहनों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मम्मा को याद किया। आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संचालिका सरिता दीदी ने कहा कि मम्मा सर्व गुणों की खान और मानवीय मूल्यों की विशेषताओं से सम्पन्न थीं। मम्मा का चित्त बिल्कुल शांत था, मीठी माँ ने कभी किसी बच्चे का अवगुण नहीं देखा, न कभी चित्त पर रखा। किसी का अवगुण देख करके अपने चित्त पर रखना फ़िर वर्णन करना फ़िर कइयों के दिल को खराब करना - यह धंधा बहुत खराब है, जो मम्मा को बिल्कुल पसंद नहीं था। मम्मा ने हर बच्चे की कमियों को स्वयं में समाया, उनकी गलती कभी फैलायी नहीं। वास्तव में यही सच्चा स्नेह है। मम्मा ने कभी किसी को मौखिक शिक्षा नहीं दी बल्कि अपने प्रैक्टीकल जीवन से प्रेरणा दी। इसी से दूसरे के जीवन में परिवर्तन आ जाता था। मम्मा के सामने चाहे कितना भी विरोधी, क्रोधी, विकारी, नशेड़ी आ जाता परन्तु मम्मा की पवित्रता, सौम्यता व ममतामयी दृष्टि पाते ही वह शांत हो जाता और मम्मा के कदमों में गिर जाता। इस प्रकार अपने ज्ञान, योग, पवित्रता के बल से विश्व की सेवा करते हुए मम्मा-सरस्वती ने 24 जून 1965 को अंतिम सांस ली। दीदी ने कहा कि मम्मा की सत्यता, दिव्यता व पवित्रता की शक्ति ने लाखों कन्याओं के लौकिक जीवन को अलौकिकता में परिवर्तित कर दिया और उन कन्याओं ने अपना सीमित परिवार त्याग कर विश्व को अपना परिवार स्वीकार करके विश्व की सेवा में त्याग व तपस्या द्वारा जुट गईं। उन्होंने कहा कि मानव समाज को मम्मा ने अपने जीवन के अनुभव से एक बहुत बड़ी देन दी है कि अपने जीवन को सफ्ल बनाने के लिए व विश्व सेवा के लिए बीस नाखूनों की शक्ति लगा दो तो सफ्लता अवश्य आपके हाथ लगेगी। मम्मा बहुत कम बोलती थीं और दूसरों को भी कम बोलने का इशारा करती थीं। अधिक बोलने से हमारी शक्ति नष्ट हो जाती है, ऐसा मम्मा का कहना था।

मम्मा द्वारा दिए गए सफ्ल जीवन के 5 सूत्र, मम्मा द्वारा दी गई अनमोल शिक्षाएं थीं। जब ब्रह्मा बाबा के मुख द्वारा शिव बाबा मुरली सुनाते हैं तो आपके कान तक आते-आते बीच में माया प्रवेश ना हो। ध्यान रखना कि बाबा के मुख और तुम्हारे कान के बीच अंतर है इसलिए सदा रूहानी स्थिति में स्थित होकर ही मुरली सुनना। हमारा जीवन लिफाफे की तरह बंद नहीं बल्कि पोस्ट कार्ड की तरह सदा खुला होना चाहिए। सदा श्हां जीश् का पाठ पक्का करना। समझो कोई ने कार्य सौंपा लेकिन आपको नहीं आता, तो सीधा श्नाश् नहीं बोलना, ना माना नास्तिक। उससे यह पूछना कि यह कैसे होगा? यदि आप हमें तरीका बता देंगे तो हम वैसे कर लेंगे। चौथी बात जो मम्मा ने बच्चों को समझाई कि कभी भी कोई बात हो तो उसका वातावरण नहीं बनाना यानी गंभीरता का गुण अपनाना। पांचवी बात मम्मा ने बताई कि अपनी मत को जीवन का जिम्मेवार नहीं बनाना। बाबा को जीवन दी है, उसे ही जिम्मेवार माना तो मदद मिलेगी। अपनी मत व जिम्मेवारी से बाप की मदद व शक्ति नहीं मिलेगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में ही मनोज शर्मा, रवि शर्मा ,अनूप अग्रवाल, अनिल शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, रामशंकर राठौर, शैलेंद्र शैली तथा सेंटर की समर्पित बहनें आदि ने मम्मा के आदर्शों को याद किया।

# अमर्यादित नारेबाजी को लेकर कांग्रेसियों में उबाल, डीएम से मिलकर उठाई कार्यवाही की मांग



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में बजरंग दल द्वारा विशेष धर्म को लेकर अमर्यादित नारेबाजी की जिस को लेकर कांग्रेस ने खासा नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसियों ने डीएम से मिलकर बजरंग दल द्वारा विशेष धर्म व शहर के धार्मिक उन्माद बिगाड़ने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ता व नेताओं पर कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि बजरंग दल संस्था के कार्यकर्ता व नेता द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में बीते कुछ दिनों पूर्व विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था जहां इन्हीं के कार्यकर्ता व नेताओं ने विशेष धर्म को लेकर अमर्यादित, अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए नारेबाजी कर रहे थे, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना से मिलकर अमर्यादित भाषा में नारेबाजी करने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ता व नेताओं पर कठोर कार्यवाही करने की मांग हेतु ज्ञापन सौंपा। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि बजरंग दल के कार्यकर्ता व नेताओं ने जब कलेक्ट्रेट परिसर में अमर्यादित, अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए नारेबाजी कर सकते हैं तो गली मोहल्ले, चौक चौराहों पर इस तरह की नारेबाजी करना स्वाभाविक है। विशेष धर्म को लेकर बजरंग दल ने जिस तरह नारेबाजी की है इससे धार्मिक उन्माद बिगड़ने हेतु किसी की भावनाएं आहत है, ऐसे लोगों पर जिला प्रशासन अगर कार्यवाही नहीं करता तो हम कांग्रेस जन आगे एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। भारत देश लोकतांत्रिक देश है जहां संविधान में सभी जातियां व धर्मो को बराबर रखा गया है, जिला प्रशासन ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें जिससे आसामाजिक तत्वों को कुचला जा सके और देश में गंगा जमुनी तहजीब कायम रहे। इस मौके पर जिला प्रवक्ता नफ़ीस फ़ारूक़ी, अवधेश गौतम, ज़ाकिर हसन, अर्श ख़ान, गुलाम मोइनुद्दीन, सुव्रत सिंह, अमोल बाजपेयी, वरुण मिश्र, राहुल त्रिपाठी, तेज बहादुर पाठक, मेराज अहमद, राम आशीष पांडेय, गुड्डू जायसवाल, उमाकान्त त्रिपाठी, राहुल मिश्र, श्याम लगन गौतम, प्रभात पाल समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गढा विकास खण्ड मौदहा-हमीरपुर।**

पत्रांक : 20/निविदा प्रकाशन/वित्त/2024-25 दिनांक : 25/06/2024

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन**

ग्राम पंचायत गढा में वित्त योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0/लो0नि0वि0/ सि0वि0/आयकर/व्यापार कर/ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यालय से कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 26.06.2024 से 05.07.2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 06.07.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोलें जायेगें।

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (रू. में) जी.एस.टी. सहित | सामग्री अंश (रू. में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | सी0सी0 निर्माण रामदास के मकान से सन्तराम के दरवाजे तक | 842000.00 | 717129 | 14342 | 450+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | 3 माह |
| 2 | सी0सी0 निर्माण बरदानी यादव के दरवाजे से सन्तोष यादव के दरवाजे तक | 648000.00 | 553718 | 11074 | 450+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | 3 माह |
| 3 | सी0सी0 निर्माण रामसेवक के दरवाजे से अनुरूद्ध के दरवाजे तक | 300000.00 | 266000 | 5320 | 250+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | 3 माह |

**निविदा हेतु शर्ते :-**

1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0/डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत गढा वि0ख0 मौदहा-हमीरपुर के नाम बंधक/देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा।
3. निविदादाता आयकरदाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016-176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
6. प्रथक-प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरने होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी/अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
10. शासनादेश सं0 730/ 33-3-2022-11/2022 पंचायतीराज अनुभाग 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/अडतीस-7-2022-63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहियें।
12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

**सोनम सिंह**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. गढा**

**नितेश कुमार सिंह**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं.-गढा**

# रैली व पोस्टरों से आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक




अवधनामा संवाददाता

**कनक जन कल्याण समिति एवं विश्व युवक केंद्र ने संयुक्त रूप से मनाया विश्व पर्यावरण दिवस माह**

**ललितपुर।** विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली एवं कनक जन कल्याण समिति ललितपुर के संयुक्त तत्वाधान में भूमि पुर्नस्थापना मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन की थीम पर विश्व पर्यावरण दिवस माह-2024 के अवसर पर जागरूकता रैली, पर्यावरण जागरूकता पर शपथ एवं पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनसीसी / एनएसएस / रोवर्स रेंजर्स एवं अन्य पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने रैली के माध्यम से पेड़ लगाओ, भविष्य बचाओ। यह समय की मांग है, हमें पृथ्वी को बचाना होगा। कूड़ा-कचरा फैलाने वाले न बनें और अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखें तथा इसे सौरमंडल का चमकीला-चमकता हुआ पर्यावरण बनाएं आदि नारों से जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्राओं ने पर्यावरण को बचाने और वृक्ष लगाने की शपथ ली। संस्था कनक जन कल्याण समिति के अध्यक्ष जयेश बादल ने बताया कि हर साल पर्यावरण दिवस के लिए एक खास थीम तय की जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम है भूमि पुर्नस्थापना, मरुस्थलीकरण और सूखे के प्रति लचीलापन। पर्यावरण दिवस विश्व का सबसे बड़ा पर्यावरण आउटरीच मंच बन गया है, जिसका नेतृत्व संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) करता है और 1973 से हर साल इसका आयोजन किया जाता है। इसे दुनिया भर में लाखों लोग मनाते हैं। सऊदी अरब का साम्राज्य 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस की मेजबानी करेगा, जिसमें भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे के प्रतिरोध पर ज़ोर दिया जाएगा। भूमि बहाली पारिस्थितिकी तंत्र बहाली पर संयुक्त राष्ट्र दशक (2021- 2030) का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्रों के संरक्षण और पुनरोद्धार के लिए एक रैली का नारा है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हमे वृक्षो को लगाने के साथ साथ उनकी देखभाल भी करनी होगी जिससे वो अधिक समय तक जिंदा बने रहे। हम जितने ज्यादा पेड़ पौधे लगाएंगे पर्यावरण उतना ही अधिक सुरक्षित होगा। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और वृक्षारोपण, जल संरक्षण, पर्यावरणीय मुद्दों पर संदेश आदि विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए। इन पोस्टर्स में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण के प्रकार और उपायों को बताए। इस दौरान अनेकों लोग मौजूद रहे।

## पत्रकार के पुत्र पर जानलेवा हमला

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मुहल्ला कसाई मण्डी निवासी पत्रकार नसीमुद्दीन उर्फ बाबा पुत्र बाबूद्दीन कुरैशी ने एक शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को देकर बताया कि बीती 23 जून की रात करीब 9 बजे उसका पुत्र सारिक टहलने के लिए कम्पनी बाग में आया हुआ था। आरोप है कि इसी बीच गोविन्द नगर निवासी दो व्यक्ति अपने साथियों के साथ आये और उसके पुत्र के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके पुत्र के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि उसके पुत्र के साथ मारपीट करते हुये जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी आंख के पास गहरी चोट आयी है। घायल सारिक को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत,एक युवती हुई घायल

**सुल्तानपुर,कूरेभार।** आकाशीय बिजली गिरने से गई दो लोगों की जान,वहीं एक अन्य क्षेत्र में एक युवती आकाशीय बिजली के सम्पर्क में आने से घायल हो गयी। बताया जाता है कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सैफुल्लागंज (नन्हूई ) का है मामला।जहां शिवम कुमार सुत गोविंद कुमार(18),सोना देवी (45) पत्नी सुरेन्द्र यादव की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से हो गई है। सुल्तानपुर,जयसिंहपुर। ब्लॉक क्षेत्र के हम्ज़ाबाद एक युवती (उम्र 19 वर्ष) आकाशीय बिजली के सम्पर्क में आई।मूर्छित होने पर परिजन एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया है, जहां उसका उपचार हो रहा है। पिता ने बताया कि जैसे ही वह मोबाइल उठाने गई।तैसे ही उसके घर पर आकाशीय बिजली गिरी और वह आकाशीय बिजली के संपर्क में आ गई ।जिससे वह मूर्छित हो गई ।एंबुलेंस के जरिए उसे मेडिकल कॉलेज में लाया गया है।

# डीएम ने बीडीओ व सीडीपीओ कार्यालय तथा सीएचसी चित्तौरा का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** कार्यालयों एवं परिसर की साफ-सफाई, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, उपलब्ध संसाधनों इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय चित्तौरा, सीडीपीओ कार्यालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चित्तौरा का औचक निरीक्षण किया। ब्लाक कार्यालय में मनरेगा सेल के निरीक्षण के दौरान बीडीओ सौरभ पाण्डेय को निर्देश दिया कि अमृत सरोवरों के अवशेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करा लिया जाय। एडीओ पंचायत कक्ष के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि वर्ष 2023-24 व 2024-25 के व्यक्तिगत शौचालयों तथा सालिड वेस्ट मनेजमेन्ट से सम्बन्धित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। स्थापना पटल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि गार्ड फाइल को व्यवस्थित रखें तथा शासनादेशों को सुरक्षित रखा जाय। ब्लाक के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बीडीओ को यह भी निर्देश दिया कि वैकल्पिक ऊर्जा के लिए सोलर प्लान्ट लगवाएं तथा सभागार को सुसज्जित भी किया जाय।

ब्लाक कार्यालय के निरीक्षण के उपरान्त डीएम मोनिका रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चित्तौरा का निरीक्षण कर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, इमरजेन्सी वार्ड व सामान्य वार्ड, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी, एक्सरे कक्ष व शीतल जल की उपलब्धता इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने चिकित्सकों को निर्देश दिया कि यहां पर आने वाले मरीज़ों को सीएचसी से ही दवाएं उपलब्ध करायी जाएं तथा बाहर की दवाएं न लिखी जाएं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. तबरेज़ को निर्देश दिया गया कि चिकित्सालय भवन व परिसर की साफ-सफाई और बेहतर रखी जाय तथा रिक्त स्थानों पर शोभाकार पौधे रोपित करा दिये जाएं।

सीएचसी के निरीक्षण के दौरान सभी 06 चिकित्सक तथा 23 के सापेक्ष 21 पैरा मेडिकल स्टाफ उपस्थित पाये गये। जबकि 02 कार्मिक अवकाश पर थे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा: अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** संभावित पुलिस भर्ती के लिए जनपद में परीक्षा केन्द्रों के चिन्हांकन हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि शासनादेश में उल्लिखित गाईडलाइन का पालन करते हुए परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रस्तावित कालेजों की सूची उपलब्ध करा दें। परीक्षा केन्द्रों हेतु भवन का चयन करते समय परीक्षा केन्द्र की बाउण्ड्री वाल, आवागमन के साधनों, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने तथा मूलभूत सुविधाओं यथा प्रसाधन, पेयजल इत्यादि की उपलब्धता को भी अवश्य देखा जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, मोतीपुर के संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-Toi-71-24-1 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.06.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.06.2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1897/2024

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 05/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024–25 | उप मुख्य अभियंता सेतु कार्यशाला लखनऊ के अंतर्गत महा कुंभ–25 के संबंध में फाफामऊ में सिविल कार्य सहित यात्री होल्डिंग शेड/मेला हैंगर (दूसरे प्रवेश द्वार पर एक नंबर और मुख्य प्रवेश द्वार पर एक नंबर) और फाफामऊ में पीएफ नंबर 2/3 और पीएफ नंबर 4 पर प्लेटफॉर्म शेल्टर शेड का निर्माण। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 118655329.73 |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 743300/– |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 05.07.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 19.07.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्ते |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों मे से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अंतिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नही होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोंड़ रुपये में N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षो में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | कोई भी स्टील निर्माण का कार्य अथवा एफ ओ बी अथवा पीपी शेल्टर अथवा औद्योगिक शेड अथवा स्टील/कम्प्रोजिट गर्डर ब्रिज अथवा चैनल स्लीपर के माइक्रोवेव/एचटी टावर का निर्माण और स्थापन का कार्य। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता | www.ireps.gov.in कार्यालय उप मुख्य अभियंता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ |

नोटः 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू.सं.–06/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2024–2025
दिनांकः 21.06.2024 1890/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिला पंचायत राज अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**सुमेरपुर।** 24 जून को विकास खण्ड सुमेरपुर में विकास कार्यो की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पंचायत सचिवों को पुनरावृत्ति पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के साथ अपूर्ण कार्यो को यथा शीघ्र पूर्ण करने के कड़े आदेश जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा दिए गए।

बैठक में केन्द्रीय वित्त में की समीक्षा में ग्राम पंचायत देवगांव, बड़ागांव, अतरैया, कलौलीतीर, खडेहीजार, सचिवों को 28 जून तक भुगतान करने के निर्देश दिए गए, राज्य वित्त की समीक्षा में उल्लिखित सचिवों के ग्रामों में न्यून प्रगति पाए जाने पर एक सप्ताह के अन्दर प्रगति में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये गये।

स्वच्छ भारत मिशन की अवशेष धनराशि को शासन को वापस किये जाने के निर्देश के बाद भी ग्राम पंचायत भौंरा डांडा, सुरौली बुजुर्ग एवं कुण्डौरा व पाराओझी में धनराशि शेष होने पर 03 दिवस में पूर्ण भुगतान के निर्देश तथा कम प्रगति वाली ग्राम पंचायत-पंधरी, पचखुरा बुजुर्ग, बांकी, देवगांव, पत्योरा, छानी बुजुर्ग, पारारैपुरा, कलौलीजार, अतरैया, छानी खुर्द के सचिवों को प्रगति प्रतिशत जनपद के प्रगति औसत प्रतिशत के बराबर लाने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत पाराओझी में भूमि का चिन्हांकन कर सीसी रोड का यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराने सभी सचिवों से 30 जून तक पूर्ण क्षमता के साथ आर0आर0सी0 संचालन एवं साफ-सफाई की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत बड़ागांव में रेट्रोफिटिंग का कार्य सिर्फ 16.29 प्रतिशत होने पर 3 दिन में यह कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, व्यक्तिगत शौचालय हेतु पात्र लाभार्थियों के आवेदन/मांगपत्र तीन दिन में उपलब्ध कराने सामुदायिक शौचालय के केयर टेकरो का लंबित भुगतान तथा केयर टेकरो की तैनाती करके प्रत्येक माह केयर टेकर का भुगतान व सामुदायिक शौचालय के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ग्राम पंचायत कुण्डौरा एवं ग्राम पंचायत बिदोखर पुरई में अंत्येष्टि स्थल निर्माण का कार्य अपूर्ण होने, ग्राम पंचायत कुण्डौरा में इण्टरलाकिंग का कार्य अवशेष होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी नेअवशेष कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। ऐसे पंचायत सहायकों जिनके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है, की समीक्षा कर सेवा समाप्ति की कार्यवाही करते हुए नये पंचायत सहायक की नियुक्ति नियमानुसार करने के निर्देश भी दिए गए, संचारी रोग अभियान 1 से 31जुलाई तक चलाने ग्राम पंचायतों में स्थलवार कार्ययोजना तैयार कर जनपद कार्यालय में उपलब्ध कराने कार्ययोजना के अनुसार झाड़ी कटान, नालियों की सफाई आदि पर विशेष ध्यान देते हुए कराये गये कार्यो की प्रतिदिन की फोटो व वीडियो जिओ लोकेशन के साथ सहायक विकास अधिकारी को प्रेषित करने, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया कि ग्राम निधि खाता-6 में पड़ी धनराशि को तत्काल शासन को मदवार खाते में वापस करते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है। बैठक में पी0एम0 विश्वकर्मा योजना, सामान्य लाभ निधि, ऑडिट प्रकरण एवं आई0जी0आर0एस0 निस्तारण सम्बन्धी समीक्षा की गयी। जिसे ससमय कार्यवाही करते हुए निस्तारण के निर्देश दिये गए।

## नौकरी के नाम पर पीड़ित युवक से ठगे एक लाख रुपए

**सरीला हमीरपुर।** सरीला तहसील के दांदौ गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र वीरपाल ने थाना जलालपुर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उससे लखनऊ में एक कंपनी में सुपरवाइजर की नौकरी लगवाने के नाम पर कदौरा निवासी अंकेश पुत्र मदन ने लगभग एक लाख रुपए की धोखाधड़ी की है थाना जलालपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर पीड़ित ने न्याय की मांग की है। सरीला क्षेत्र के रहने वाले दांदौ ग्राम निवासी अनिल कुमार पुत्र वीरपाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित विभिन्न उच्च अधिकारियों और जलालपुर थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम कदौरा थाना जलालपुर के रहने वाले अंकेश पुत्र मदन ने लखनऊ में एक कंपनी में सुपरवाइजर की नौकरी लगवाने के नाम पर पीड़ित से कई बार में ऑनलाइन माध्यम से लगभग पचहत्तर हजार रूपए और लगभग पच्चीस हजार रूपए नगद लिए उसके बाद लखनऊ ले जाकर लगभग एक माह कार्य कराया परंतु कोई भुगतान नहीं दिया जब पीड़ित को अपने साथ फर्जी नौकरी में ठगी होने की बात समझ में आई तब उसने लखनऊ से गांव जाकर स्थानीय थाना जलालपुर पुलिस में अपने साथ उक्त द्वारा की गई।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन हेतु बैठक सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार हमीरपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जुलाई 2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की अध्यक्षता में प्रथम जिला अन्तर विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि यह कार्यक्रम जनपद में 01 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान द्वितीय चरण तथा 10 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक दस्तक अभियान चलाया जाना है। बैठक में इस कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु बी.टी.एफ. का आयोजन प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण( टी.ओ.टी.) सभी अन्तर विभागों द्वारा समय से चलायी जाने वाली गतिविधियों एवं कार्य दायित्व पर पारम्परिक समन्वय से कार्य करने हेतु अपील की गयी। यूनीसेफ के बी.एम.सी. सरफराज खॉन ने विगत चरण अप्रैल 2024 का मॉनीटरिंग फीडवैक प्रस्तुत किया। इस अभियान के साथ साथ डैरिया रोको अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला ने सभी विभागों को समयन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, तथा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जहॉ पर भी जलभराव होता है वहॉ पर आवश्यक रूप से दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। जिससे लार्वा उत्पन्न होने को बाधित किया जा सके तथा साथ ही साथ साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाय। घरों की छतों पर पानी का जमाव न होने पाये तथा कूड़े-कचड़े को भी इधर-उधर न फेंका जाय। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रतिदिन मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी,उपजिलाधिकारी (सदर) पवन प्रकाश पाठक, उपजिलाधिकारी (मौदहा) राजेश चन्द्र, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए.के. सिंह, एम.ओ.आई.सी., डी.एल.ओ., डी. टी.ओ. सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुमेरपुर ब्लाक में भ्रष्टाचार का बोलबाला

**अवधनामा संवाददाता**

- बैकडेट टेंडर की आड़ में सरकारी धन का हो रहा बंदरबाट

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** सरकार चाहे जिस दल की बने लेकिन भ्रष्टाचार ने इतनी गहरी जड़े जमा ली है कि उसका कोई मुकाबला नहीं कर पा रहा है। और भ्रष्टाचार करने वाले कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेते है। विकास के नाम पर आये पैसा का बन्दरबाट हो जाता है कागजो में विकास तो दिखायी पड़ता है लेकिन धरातल पर कुछ नही दिखाई पड़ता। सुमेरपुर विकासखण्ड में बैकडेट टेण्डर प्रकाशन का ऐसा खेल चल रहा है जिसकी कोई सीमा ही नहीं है चोरी से बैक डेट टेण्डरों का प्रकाशन करवाना और पुराने कामों को कागजों में नया दिखाकर सरकारी धन को ठिकाने लगाना यह आम बात बन गई है। भ्रष्टाचार का यह खेल बराबर चल रहा है लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि जिले से लेकर ब्लाक में बैठे अधिकारी इस पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। सुमेरपुर विकासखण्ड में विकास के नाम पर जिस तरह बैंक डेटिंग टेण्डर प्रक्रिया का खेल चल रहा है वह शायद अन्य ब्लाकों में इतना नहीं होगा लोगो का कहना है कि इस फर्जीवाड़ा में ब्लाक के अधिकारी,सचिव व प्रधान सभी संलिप्त रहते है और सरकारी धन का जमकर बंदरबाट करते हैं । सरकार सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए तमाम तरह के नियम कानून भी लागू करती है लेकिन उसका पालन नहीं किया जाता है टेण्डर प्रकाशन में नियम तो यह है कि उन समाचार पत्रों में इनका प्रकाशन करवाया जाये जिसे आम जनता फील्ड में पढ़ती है लेकिन गोलमाल के चलते ऐसा नहीं किया जाता और प्रकाशन प्रक्रिया गोपनीय ढंग से कराकर केवल रवाना पूर्ति की जाती है तथा सरकारी धन का बन्दरबाट कर लिया जाता है। लोगो का कहना है कि विकास कार्यो के लिये जो टेण्डर प्रकाशित कराये जाते है वह ग्रामीण जनता को पता ही नहीं चल पाता नियम तो यह है टेंडर प्रकाशन की सार्वजनिक जानकारी होना चाहिये जिससे कोई भी रजिस्टर्ड ठेकेदार टेण्डर प्रक्रिया में भाग ले सकें। और विकास कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो सके लेकिन इसमें गोपनीयता इसलिए रखी जाती है कि प्रधान व सचिव अपने चहेते ठेकेदारों को काम देकर निर्माण कार्यों में लीपापोती करके सरकारी धन का बन्दरबाट कर लेते है। सुमेरपुर ब्लाक में बैक डेट टेंडर प्रकाशन कराने के लिए एक गिरोह सक्रिय रहता है जो प्रधान व सचिव से सांठगांठ करके अपने मनमुताबिक अखबारों में बैक टेण्डर प्रकाशित कराकर उसकी दो प्रक्रिया रिकार्ड के लिये उपलब्ध कराता है। यह प्रक्रिया लम्बे अरसे से चल रही है लेकिन आज तक इस भ्रष्टाचार का पर्दाफाश कोई नहीं कर सका। शिकायते होती है उस पर जांच भी होती है लेकिन होता क्या है मामला क्लीन चिट कर दिया जाता है। लोगो का कहना है कि भाजपा सरकार में लोगों को उम्मीद जगी थी लेकिन सरकार का 7 साल से भी अधिक समय व्यतीत हो गया वह भी व्यर्थ साबित हो रहा है ब्लाकों में हो रहे भ्रष्टाचार पर कोई लगाम नही लग सकी है। ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने शासन व प्रशासन से मांग की है सुमेरपुर ब्लाक में बैंक डेट टेण्डर प्रक्रिया में हो रहे भ्रूष्यचार की जांच कराई जाये।

## एनसीएल राजभाषा ने आयोजित किया राजभाषा कार्यशाला



**सोनभद्र/ सिंगरौली।** सोमवार को राजभाषा विभाग एनसीएल के तत्वावधान में सीईटीआई सिंगरौली के एमडीआई भवन में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एनसीएल मुख्यालय, एनसीएल के सभी क्षेत्रों एवं नराकास सदस्य कार्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला में विक्टर कुजूर, विभागाध्यक्ष (राजभाषा), एनसीएल उपस्थिति रहे एवं व्याख्याता के रूप में मनोज कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष (सतर्कता) एवं हुकुम सिंह, वरीय प्रबंधक (सचिवीय राजभाषा) द्वारा राजभाषा नियम, अधिनियम, अनुवाद एवं राजभाषा तिमाही रिपोर्ट से संबंधित प्रशिक्षण दिया। उक्त प्रशिक्षण में कुल 48 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

# भूमि संरक्षण अधिकारी की हठधर्मिता एक बार फिर आई चर्चा में

### कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे, अधिकारी के शोषण से तंग आकर कर्मचारियों ने आफिस में जड़ा ताला

**अवधनामा संवाददाता**



**चोपन/सोनभद्र।** नगर में स्थित भूमि संरक्षण विभाग में एक बार फिर से कर्मचारियों में तनाव शूरू हो गया है ताजा मामला यह सामने आया है कि वर्तमान में तैनात भूमि संरक्षण अधिकारी बलजीत बहादुर वर्मा पर उनके अधिनस्थ कर्मचारियों ने एक बार फिर हठधर्मिता और शोषण का आरोप लगाकर कार्यालय में ताला जड़ दिया है कर्मचारियों का कहना है कि ऐसे तनावपूर्ण वातावरण में भला कोई कैसे कार्य कर सकता है वहीं कर्मचारियों ने कृषि मंत्री से लगायत तमाम अधिकारियों एवं मंत्रियों को मेल एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा भूमि संरक्षण अधिकारी के मनमानी रवैए से अवगत कराया गया है। दर्जनों कर्मचारियों ने एक स्वर में आरोप लगाया है कि बलजीत बहादुर वर्मा अपने हठधर्मिता की वजह से हम कर्मचारियों का जीना हराम कर दिये हैं हम लोग अपने कार्य को सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं आये दिन इनके द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है जिससे सरकार की मंशानुरूप कार्य नहीं हो पा रहा है कर्मचारियों ने कृषि मंत्री सहित उच्चाधिकारियों को किये गये शिकायत में आरोप लगाया है कि कार्यालय कार्मिक भूमि संरक्षण अधिकारी चोपन-सोनभद्र मे कार्यरत है कार्यालय का वातावरण भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा कार्य को लेकर तनाव पूर्ण एवं दूषित किया जा रहा है, एवं कर्मचारियों को बार बार प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे उच्चधिकारियों द्वारा दिये गये लक्ष्य को ससमय पूर्ण हो पाना असम्भव हो रहा है, एवं इससे पूर्व भी उच्चधिकारियों द्वारा 1 नवम्बर 2023 को अपर कृषि निदेशक (प्रसार) उ0प्र0 कृषि भवन लखनऊ महोदय द्वारा समस्त स्टाफ एवं उप कृषि निदेशक (भू0सं0) वाराणसी मण्डल वाराणसी तथा भूमि संरक्षण अधिकारी चोपन बलजीत बहादूर वर्मा के उपस्थिति में बैठक किया गया एवं अपर कृषि निदेशक द्वारा निर्देशित किया गया कि आगे से भू0सं0अ0 की भाषा शैली एवं व्यवहार में सुधार होगा और आगे से कोई शिकायत का मौका नही मिलेगा किन्तु बहुत ही खेद का विषय है कि दिनांक-22.06.2024 तक कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ। समस्या जटिल होती जा रही है और कार्मिको की क्षमता एवं कार्यशैली प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि भूमि संरक्षण अधिकारी की भाषा शैली बहुत ही खराब है। सदैव गुस्से में दॉत मीजकर कर्मचारियों से वार्तालाप किया जाता है, और उनके द्वारा कहा जाता है कि मैं जो चाहूँगा वो करूगा।कार्यालय में इनके द्वारा कर्मचारियों की बैठक कर समीक्षा नही की जाती है, और प्रतिभाग नही किया जाता है एवं क्षेत्रिय कार्मिक लगभग 100 किंमी0 से अपने क्षेत्र के कार्य छोड के आते है जिससे क्षेत्र की कार्य प्रभावित होता है कार्मिक द्वारा समस्त योजनाओं का कार्य ससमय पूर्ण करने के बावजूद बार-बार परेशान किया जाता है। एवं परियोजना क्षेत्र में जाने पर किसानों से विशेष सुविधा शुल्क की मॉग किया जाता है एवं न देने पर उनको धमकी दी जाती है कि आपको सरकारी लाभ लेने नहीं देगे एवं कृषक महिलाओं से अभद्र भाषाओं का प्रयोग किया जाता है, जिससे कर्मिको को क्षेत्र में काम करने में अत्यन्त ही असुविधाओं का सामना करना पड़ता है इनके द्वारा मौखिक निर्देश दिया गया है कि आचार संहिता में कार्य नही किया जा सकता है और उच्चाधिकारियों द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के तहत बार-बार निर्देशित किया जाता रहा था कि काम को पूर्ण कर ले जिससे बजट आंवटन होने पर बजट जल्द से जल्द ससमय पूर्ण कर लिया जाय एवं महोदय द्वारा कहा गया कि 14 जून से पहले कार्य नहीं कराना है एवं 20 जून को समस्त कार्य को पूर्ण करने के लिए एम0बी0, श्रमिक चिट्ठा पूर्ण मांग की जा रही है व्हाट्सअप पर मैसेज कर के परेशान किया जा रहा और धमकी दिया जा रहा है कि चरित्र प्रविष्टियां खराब कर देगे प्रमोशन नहीं होने देगे।

# 32 ग्राम पंचायतों में 40 ई रिक्शा से होगी कूड़े की सफाई

- ग्राम प्रधान व सचिव के नेतृत्व में खरीदारी व निगरानी तय
- बड़े ग्राम पंचायत में साफ सफाई के को लेकर सरकार द्वारा जारी हुए आदेश

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिले के 32 ग्राम पंचायत में 40 ई रिक्शा के माध्यम से कूड़े की साफ सफाई करने को लेकर शासन से हुए आदेश जारी वही ग्राम प्रधान व सचिन के निगरानी में ई-रिक्शा की खरीदारी व उसके देखरेख सफाई को लेकर हुआ आदेश जारी। सीडीओ सौरभ कुमार गंगवार ने बताया कि शासन के आदेश पर जिले के 32 बड़े ग्राम पंचायत में 40 ई रिक्शा खरीदारी को लेकर आदेश जारी हुआ है जिसमें ग्राम प्रधान व सचिव के माध्यम से खरीदारी की जाएगी लगभग कीमत एक लाख तीस हजार बताया गया है वहीं ग्राम प्रधान के मद से खरीदारी कर उन ग्राम पंचायत में साफ सफाई को लेकर विशेष ई रिक्शा चलाया जाएगा कूड़े निस्तारण व साफ सफाई को लेकर बड़े ग्राम पंचायत में हो रही अधिकतम को देखते हुए हुए सहमति पर सरकार द्वारा आदेश जारी हुआ है जिस क्रम में जिले के 32 बड़े ग्राम पंचायतो में लगभग 40 ई रिक्शा जल्द से जल्द खरीदारी कर कूड़े निस्तारित करने को ग्राम प्रधान व सचिव को निर्देशित किया गया है।

# लोकतंत्र सेनानीयों को किया गया अंग वस्त्र देखकर सम्मानित

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र द्वारा जिला कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानी सम्मान व गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों का मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी के द्वारा नारियल अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मान किया एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी जी के द्वारा आपातकाल लगाने के विरोध में काला दिवस के रुप में मनाया गया।

इस मौके पर मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि 12 जून 1975 को इंदिरा गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दोषी पाया और छह साल के लिए पद से बेदखल कर दिया। इंदिरा गांधी पर वोटरों को घूस देना, सरकारी मशीनरी का गलत इस्तेमाल, सरकारी संसाधनों का गलत इस्तेमाल जैसे 14 आरोप सिद्ध हुए लेकिन आदतन श्रीमती गांधी ने उन्हें स्वीकार न करके न्यायपालिका का उपहास किया। राज नारायण ने 1971 में रायबरेली में इंदिरा गांधी के हाथों हारने के बाद मामला दाखिल कराया था। जस्टिस जगमोहनलाल सिन्हा ने यह फैसला सुनाया था।

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष भाजपा नन्दलाल ने कहा कि 24 जून 1975 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश बरकरार रखा, लेकिन इंदिरा को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बने रहने की इजाजत दी जो कि होना भी जरुरी था क्योकि राजतन्त्र में ऐसा ही होता है। 25 जून 1975 को जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा के न चाहते हुए भी इस्तीफा देने तक देश भर में रोज प्रदर्शन करने का आह्वान किया। 25 जून 1975 को राष्ट्रपति के अध्यादेश पास करने के बाद सरकार ने आपातकाल लागू कर दिया। संजय गाँधी ने देश भर में अनिवार्य पुरुष नसबंदी का आदेश दिया। इस पुरुष नसबंदी के पीछे सरकार की मंशा देश की आबादी को नियंत्रित करना था। इसके अंतर्गत लोगों की इच्छा के विरुद्ध नसबंदी कराई गयी। कुछ लेखकों ने गांधी को उनके आधिकारिकता के लिए सीधे जिम्मेदार ठहराया है, और अन्य लेखकों ने उन अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए जिन्होंने स्वयं गांधी के बजाय कार्यक्रम को लागू किया था।

इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी पूर्व विधायक तिरथराज व शिवशंकर जी व सुरेन्द्र बरनवाल ने कहा कि आपातकाल के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा चलाया गया जिसके कारण पूरे देश में इन्दिरा गांधी व कांग्रेस के खिलाफ बड़े विरोध प्रदर्शन होने लगे जिसके कारण इन्दिरा गांधी ने लोकसभा भंग करते हुए घोषणा की कि मार्च मे लोकसभा के लिए आम चुनाव होंगे। सभी राजनैतिक बन्दियों को रिहा कर दिया गया। 23 मार्च-आपातकाल समाप्त 16-20 मार्च - 6ठे लोकसभा के चुनाव सम्पन्न। जनता पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई। संसद में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 350 से घट कर 153 पर सिमट गई और 30 वर्षो के बाद केंद्र में किसी गैर-कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। स्वयं इंदिरा गांधी और संजय गांधी चुनाव हार गए। मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में एक भी सीट नहीं मिली। नई सरकार ने आपातकाल के दौरान लिए गए निर्णयों की जाँच के लिए शाह आयोग गठित किया।

# जुलाई में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाए



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** शासन के आदेशानुसार माह जुलाई में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के दृष्टिगत मंगलवार को विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में नगर पालिका (सभाकक्ष) में बैंठक आहूत की गयी। जिसमें सभी वार्डो के सदस्यगण व मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे। विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई, 2024 तक चलने वाले माइकोप्लान के तहत नगर के सभी वार्डो में साफ-सफाई, गार्बेज निस्तारण,, एण्टीलार्वा का छिड़काव, फागिंग, झाड़ियों का कटाव तथा नियमित रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ संचारी रोग नियत्रण अभियान के रोकथाम व बचाव हेतु विस्तृत रूप बताया गया। उपस्थित सफाई नायक, जलकल प्रभारी कर्मचारीगण को सचेष्ठा पूर्वक अपना कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में चुर्क के अधिशासी अधिकारी अमित सरोज,सभी वार्ड के सदस्यगण, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी तथा पालिका के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन की खराब प्रगति पर बिफरे डीपीआरओ

**अवधानामा संवाददाता**



**भरुआ सुमेरपुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय में राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन सहित शासन की अन्य योजनाओं की समीक्षा के दौरान खराब प्रगति पाए जाने पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के कड़े निर्देश दिए। सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने विकास खंड कार्यालय पहुंचकर ग्राम पंचायतों में राज्य वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा की। खराब प्रगति पाए जाने पर उन्होंने ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। केंद्रीय वित्त योजना के तहत देवगांव, बड़ागांव, अतरैया, कलौलीतीर, खड़ेहीजार में अधिक धनराशि शेष होने पर सचिव ओमप्रकाश, अनामिका पांडेय, अमित शर्मा, रामसेवक को कड़ी फटकार लगाई और 28 जून तक भुगतान करने के निर्देश दिए गए। राज्य वित्त की खराब प्रगति पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। स्वच्छ भारत मिशन के तहत भौरा,सुरौली बुजुर्ग, कुंडौरा,पारा ओझी में अधिक धनराशि शेष पर तीन दिवस के में भुगतान के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पंधरी, पचखुरा बुजुर्ग, बांकी, देवगांव, पत्योरा, छानी बुजुर्ग, पारा रैपुरा,क लौलीजार, अतरैया, छानी खुर्द में स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति कमजोर होने पर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा केयर टेकरों के भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक की 36 ग्राम पंचायतों में बन रहे कूड़ा प्रथक्करण केंद्रों (आरआरसी) सेंटरों के निर्माण में तेजी लाने की निर्देश दिए। साथ ही रास्तों की साफ सफाई, नाली सफाई आदि के कार्यों के फोटो प्रतिदिन अपलोड करने की निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर बालेश्वर द्विवेदी, मोहिनी तिवारी, मनीष कौशिक को चेतावनी दी। बैठक में रामसेवक, अनामिका पांडेय, सोनाली सचान, अमित शर्मा, अमित तिवारी, रामबाबू गुप्ता, मनोज गुप्ता, साधना सिंह, ओपी प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# एडिशनल एसपी ने अर्धवार्षिक निरीक्षण कर जाना हाल

- सदर कोतवाली परिषर के फाइल रखरखाव रजिस्टर का हुआ जांच
- महिला कांस्टेबल से असलहा संबंधित की जानकारी दिए निर्देश



**सोनभद्र।** सदर कोतवाली परिसर में मंगलवार को अर्धवार्षिक निरीक्षण में एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह के द्वारा संबंधित बेरी अपराधिक रजिस्टर साफ-सफाई व असलहे के रख रखा व सफाई पर दिए विशेष दिशा निर्देश। एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि अर्धवार्षिक निरीक्षण में थाना परिसर के अपराधिक रजिस्टर व संबंधित सभी प्रकार के रजिस्टरों की जांच की गई जिसमें कमीयो का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी सत्येंद्र राय को आवश्यक दिशा निर्देशित दिया कि असला प्रशिक्षण महिला कांस्टेबल को बीच-बीच में देते रहें जिससे कि वार्षिक निरीक्षण या अर्धवार्षिक निरीक्षण में महिलाओं को कोई समस्या उत्पन्न ना हो , वहीं एडिशनल एसपी ने बताया कि थाना परिषर के साफ सफाई व थाने पर आए फरियादियों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अपराध को नियंत्रण कर पीड़ितों की जांच कर तत्काल कार्रवाई किया जाए। इस दौरान एस आई संजय सिंह, एस आई अशोक यादव, एसएसआई राकेश सिंह, एस आई विमलेश सिंह, एस आई चंद्रशेखर सिंह, माया शकर शुक्ला, बृजेश पाण्डेय, सरीमन सोनकर , राजेन्द्र प्रसाद यादव, सिंप्पी पटेल, दीक्षा पांडेय निहारिका पाण्डेय, सुनीता, भारती आदि लोग मौजूद रहे।

# अंडरग्राउंड केबिल डालकर पावर हाउस से बिजली चोरी करा रहे विद्युतकर्मी

**अवधनामा संवाददाता**



**भरूआ सुमेरपुर।** उच्चाधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर बिदोखर सब स्टेशन में तैनात एसएसओ एवं लाइनमैन पावर हाउस से अंडरग्राउंड केबिल डालकर आधा दर्जन लोगों को चोरी-छिपे विद्युत सप्लाई दे रहे हैं। विद्युत कर्मियों का यह खेल वर्षो से निरंतर चल रहा है। बिदोखर विद्युत सब स्टेशन में तैनात एसएसओ एवं लाइनमैन सब स्टेशन के आसपास बने आधा दर्जन रिहायशी मकानों को अंडरग्राउंड केबिल डालकर वर्षो से बिजली चोरी करा रहे हैं। इसकी भनक यहां तैनात होने वाले अवर अभियंता को भी नहीं है। यह कार्य इतनी खूबसूरती के साथ किया जा रहा है कि केबिल किसी को नजर नहीं आती है। यहां के कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विद्युत कर्मियों का यह खेल वर्षो से चल रहा है। यहां के अवर अभियंता महेश चंद्र तिवारी ने बताया कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है। वह इसकी जांच करके दोषी विद्युत कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

राज्यपाल की अध्यक्षता में अंतरिक्ष विज्ञान शिक्षा संवर्धन कार्यक्रम 'आविष्कार' हेतु बैठक सम्पन्न हुई

# मेंटोर शिक्षकों का प्रशिक्षण कराएं: राज्यपाल

- कार्यक्रम के लिए अच्छा और प्रेरक मॉडल बनाकर लागू करें
- प्रतिभागी विद्यार्थियों का चयन टेस्ट द्वारा करें



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज यहाँ राजभवन में अंतरिक्ष विज्ञान शिक्षा संवर्द्धन कार्यक्रम 'आविष्कार' के क्रियान्वयन हेतु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल जी ने लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय तथा ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की प्रतिभागिता में उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों में अंतरिक्ष जानकारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इस दिशा में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों लाभ प्रदान करवाने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो0 राजीव मनोहर द्वारा तैयार प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि कार्यक्रम के लिए एक सशक्त मॉडल तैयार करके शीघ्र कार्य प्रारम्भ कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मॉडल इस प्रकार बनाएं, जो विद्यार्थियों के लिए प्रेरक हो और वे सहज अंतरिक्ष ज्ञान संवर्द्धन के लिए कार्यक्रम से जुड़ने के लिए अग्रसर हों। उन्होंने प्रारम्भिक स्तर पर कार्यक्रम में प्रतिभागिता के लिए विद्यार्थियों का चयन टेस्ट द्वारा करने का निर्देश दिया। टेस्ट के लिए उन्होंने 15 जुलाई, 2024 की तिथि निर्धारित करते हुए दो दिन के भीतर परिणाम घोषित करने का भी निर्देश दिया। विद्यार्थियों का चयन टेस्ट परिणाम की मेरिट के अनुसार करने का निर्देश देते हुए उन्होंने 22 जुलाई, 2024 के कार्यक्रम प्रारम्भ करने का निर्देश भी दिया। राज्यपाल जी ने विद्यार्थियों का अंतरिक्ष संवर्द्धन प्रारम्भ करने से पूर्व सभी मेंटोर शिक्षकों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम कराने का निर्देश दिया। बैठक में हुई चर्चाओं में यह तय हुआ कि 02 और 03 जुलाई को इस कार्यक्रम हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय में मेंटोर शिक्षकों का प्रशिक्षण होगा।

बैठक में कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण देते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो0 राजीव मनोहर ने बताया कि उ0प्र0 को स्पेस एजुकेशन का हब बनाने की राज्यपाल जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के विद्यार्थियों को भारत सरकार और इसरो द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रमों की जानकारी देने, उनमें प्रदेश के विद्यार्थियों की प्रतिभागिता कराने और उनके लाभ विद्यार्थियों को दिलाने के महत्वपूर्ण उद्देश्य से यह कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। प्रारंभिक स्तर पर इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय तथा ए.के.टी.यू. से दस-दस शिक्षक और ख्वाजा मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय से पांच शिक्षक मेंटोर बनाए जाएंगे। लखनऊ के दस माध्यमिक विद्यालयों से प्रति विद्यालय पांच शिक्षक मेंटोर बनाए जाएंगे। इस प्रकार विश्वविद्यालय स्तर पर 25 शिक्षक मेंटोर होंगे और माध्यमिक विद्यालय स्तर पर 50 शिक्षक मेंटोर होंगे। प्रत्येक शिक्षक 20 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देगा।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष आपस में मिले हुए हैं : मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष आपस में मिले हुए हैं। वो संविधान बचाने का नाटक कर रहे हैं। दोनों ही पक्षों में ज्यादातर लोग जातिवादी मानसिकता के हैं। मायावती ने कहा कि ये लोग आरक्षण को खत्म कर देना चाहते हैं।

उन्होंने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा सरकार ने यूपी में प्रमोशन में आरक्षण को खत्म किया था। ये लोग जाति जनगणना नहीं कराना चाहते हैं। मायावती ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए ये दोनों (सत्ता पक्ष और विपक्ष) ही भारतीय संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं ये कतई उचित नहीं है। इन दोनों ने अंदर-अंदर मिलकर संविधान में इतने संशोधन कर दिए है कि अब ये समतामूलक, धर्म निरपेक्ष नहीं बल्कि पूंजीवादी, जातीवादी और सांप्रदायिक संविधान बनकर रह गया। ये दोनों ही आरक्षण को समाप्त करना चाहते हैं और एससी, एसटी, आदिवासी को संविधान का लाभ नहीं देना चाहते हैं।

# गोरखपुर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का सड़क दुर्घटना में हुआ निधन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री आशुतोष तिवारी की कल दिनांक 24 जून को रात्रि के लगभग 12:00 बजे हुए सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। श्री राय ने इस दुर्घटना में घायल उनकी पत्नी एवं बेटी के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है।

गाजीपुर टोल के पास हुए सड़क दुर्घटना में गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री आशुतोष तिवारी की मौके पर दुखद मृत्यु हो गई एवं इस हादसे में उनकी पत्नी व बेटी भी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज हेतु जनपद वाराणसी के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे की सूचना मिलते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय गाजीपुर के जिला चिकित्सालय के पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पार्टी का झण्डा एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष इसके उपरांत वाराणसी जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्व0 आशुतोष तिवारी की घायल पत्नी एवं बेटी के स्वास्थ्य का कुशल क्षेम लिया व चिकित्सकों से मिलकर समुचित इलाज हेतु आग्रह किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने स्व0 आशुतोष तिवारी के दुखद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि स्व0 तिवारी कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान सिपाही थे। उनके निधन से कांग्रेस संगठन की अपूर्णीय क्षति हुई है। दुख की इस घड़ी में कांग्रेस परिवार उनके परिजनों के साथ खड़ा है।

# राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट पानी के रिसाव को तत्काल रोके: प्रमोद तिवारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने श्रीरामलला के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के गर्भ गृह की छत से पानी के रिसाव वाले बयान पर कहा कि लोकसभा चुनाव में राजनैतिक लाभ लेने के लिए अधूरे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इसीलिए सभी शंकराचार्यों और बहुत से राजनैतिक, धार्मिक लोग इसमें शामिल नहीं हुए। मंदिर की छत से हल्की बरसात में पानी रिसाव होने से मोदी सरकार के तमाम काले अध्याय में एक और काला अध्याय जुड़ गया है। उन्होंने मंदिर निर्माण ट्रस्ट से पानी के रिसाव को तत्काल रोकने और ऐसी व्यवस्था की मांग की जिससे दोबारा रिसाव न हो। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 को मंदिर में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अभी 5 महीने भी पूरे नहीं हुए और बरसात भी बहुत हल्की हुई और मानसून की बरसात बाकी है। ऐसे में मंदिर की छत से पानी का रिसाव घटिया निर्माण सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता पर उंगलियां उठाता है और प्रश्नवाचक चिन्ह लगाता है। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के चेहरे से नकाब उतर गया है और उसकी असलियत देश के सामने आ गयी है कि मात्र राजनैतिक लाभ लेने के लिए अधूरे मंदिर में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। श्री तिवारी ने कहा कि दूसरे दलों के समर्थन से केन्द्र की अल्पमत की सरकार चल रही है। केन्द्र में मोदी सरकार बनने के बाद से अब तक कई दुर्घटनाएं और आतंकी घटनाएं हो चुकी। पूरे देश के लोग जो श्रीराम भक्त हैं वे इससे चिंतित हैं और जो श्रीराम के भक्त नहीं है और श्रीराम के नाम वैतरणी पार कर करना चाहते थे उनके नाम का व्यापार कर अपना हित साधने में लगे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अघोषित इमरजेन्सी लगा लोकतंत्र की परम्पराओं का हनन कर रही है। आजादी के बाद से देश के संसदीय इतिहास को देखें तो चाहे लोकसभा हो या विधानसभा अध्यक्ष का पद सत्तारूढ़ दल और उपाध्यक्ष का पद विरोधी दल के पास रहा। लेकिन मोदी के समय से उपाध्यक्ष का पद या तो रिक्त रहा या सहयोगी दल को देते हैं। यह लोकतंत्र की हत्या से कम नहीं है।

## खत्म हुआ इंतजार यूपी में मानसून ने किया प्रवेश

**लखनऊ।** आखिरकार इंतजार खत्म हो गया। यूपी में मानसून की एंट्री हो गई है। कल से प्रदेश में अच्छी बारिश के आसार हैं। अगले कुछ दिनों में मानसून पूरे प्रदेश में छा जाएगा। इसकी घोषणा मंगलवार को मौसम विभाग ने की है। दक्षिण पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। इस क्रम में यह आज गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों तथा दक्षिणी पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सुदूर दक्षिण भाग में आगे बढ़ा और यूपी में ललितपुर से दाखिल हुआ। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह और मोहम्मद दानिश के मुताबिक, कल से प्रदेश में अच्छी बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। मानसून के पूरे प्रदेश में फैसले से भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। इसके पहले सोमवार को राजधानी लखनऊ समेत यूपी के ज्यादातर जिलों में प्री- मानसूनी बरसात हुई। इसके बाद मौसम खुशगवार हो गया। सोमवार को लखनऊ में 7.1 मिमी, वाराणसी में 14 मिमी से अधिक पानी बरसा।

# आपातकाल के लिए जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी: पाठक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने 25 जून 1975 में कांग्रेस द्वारा आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या करने और देशवासियों पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार किये जाने के विरोध में 25 जून मंगलवार को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ महानगर द्वारा आपातकाल के विरोध में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। पार्टी ने पूरे प्रदेश में आपातकाल के विरोध में जिला स्तर पर संगोष्ठियां व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए।

सहकारिता भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की तानाशाही और संविधान के प्रति उसकी सोच का पर्दाफाश करने का आज यह दिन है। जब कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने भारत की आम जनता पर इंमरजेंसी थोपी थी। आपातकाल भारत के महान लोकतंत्र का वह काला अध्याय है जिसे कभी भी देश के लोगों के द्वारा भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस सरकार द्वारा देश में लोकतंत्र का गला घोंटते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर 'आपातकाल थोप दिया था। उन्होंने कहा कि आज संविधान दुहाई देने वाली कांग्रेस की निर्मम सरकार ने 21 महीनों तक देश के लोकतंत्र तथा भारत के संविधान को बंधक बनाए रखा तथा इन 21 महीनों में देश की जनता पर, मीडिया पर और विपक्ष के नेताओं पर अनगिनत जुल्म ढाए जो कांग्रेस के एकतरफा अत्याचारों का पर्याय बन गया।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा से गांधी परिवार के हितों को पार्टी और देशहित से ऊपर रखा गया। यह अलोकतांत्रिक निर्णय जो आपातकाल के रूप में जबरन देश पर थोपा गया भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है, आपातकाल के लिए देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी,एमएलसी मुकेश शर्मा, डॉक्टर महेंद्र सिंह, भारत दीक्षित, मीना चौबे, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, मनोहर सिंह, रमेश तूफानी, रजनीश गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले लोकतंत्र सेनानियों में प्रमुख रूप से अशोक बाजपेयी, भारत दीक्षित, राजेन्द्र तिवारी, गणेश राय, राकेश स्वरूप निगम, अजीत कुमार सिंह, अजय देव आहूजा, हरिश्याम रस्तोगी, देवी दीन पाल, राम किशोर शर्मा, केदारनाथ श्रीवास्तव, डा. संतोष कुमार बाजपेयी, डा. गणेश दत्त अवस्थी, मधुकर मिश्रा, रामतीर्थ वर्मा, सुरेश चर्तुवेदी, राम चन्द्र सिंह, आशुतोष पाठक, रामदेव शुक्ला, जयराम मौर्या, सरल मालवीय, शैलेन्द्र सिंह सेंगर, वेद प्रकाश, सतीश चन्द्र गौड़, विजय शंकर चर्तुर्वेदी आदि शामिल थे।

# रोडिक कंसल्टैंट्स ने अपना 24 वां स्थापना दिवस मनाया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रोडिक कंसल्टैंट्स, अग्रणी इंजीनियरिंग एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टिंग कंपनी, ने एक शानदार दो दिवसीय कार्यक्रम के जरिए अपनी 24 वीं वर्षगांठ मनायी। रोड़िक के मुख्यालय में एक हाइब्रिड प्रारूप में संपन्न समारोह में न केवल दो दशक से अधिक की उत्कृष्टता को याद किया गया, बल्कि इसने अगले वर्ष कंपनी की रजत जयंती समारोह के लिए एक उत्साही भूमिका भी तैयार की।इस समारोह में सम्मानीय अतिथि भास्कर कुल्बे, पूर्व सलाहकार पीएमओ द्वारा वर्चुअल संबोधन किया गया, जिसमें रोडिक के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राज कुमार, मुख्य परिचालन अधिकारी अंशुमान कृष्णु, मुख्य वित्तीय अधिकारी सपन गुप्ता, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी अजय श्रीवास्तव और रोडिक के कर्मचारी उपस्थित थे।रोडिक कंसल्टैंट्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राज कुमार ने कहा हमारी यात्रा 24 साल पहले बिहार में एक साधारण शुरुआत के साथ शुरू हुई थी और आज, हम 2,000 से अधिक कर्मचारियों की एक टीम के रूप में विकसित हो चुके हैं।

# अकीदत के साथ मनाया गया ईद-ए-गदीर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ईद-ए-गदीर का त्योहार मंगलवार को बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने अमीर उल मोमेनीन हजरत अली अलैहिस्सलाम के ऐलान-ए-विलायत की खुशी के मौके पर शहर की 110 मस्जिदों में नमाज ईद-ए-गदीर अदा की गयी उसके बाद ईदी बाटी। कर्बलाओं, मस्जिदों व इमामबाड़ों में महफिलों का आयोजन हुआ। जिसमें में मौला अली की शान मे कसीदे पढ़े गये, घरों में नज्र दी गयी तथा लोगों ने नये कपड़े पहनें और गले मिलकर एक-दूसरे को गदीर की मुबारकबाद पेश की। जहां पुरूषों व बच्चों ने मस्जिदों में नमाज अदा की वहीं महिलाओं ने घरों में नमाज पढ़ी और आमाल किये। ईद-ए-गदीर की प्रमुख नमाज रौजाए काजमैन स्थित मस्जिदे कूफा में मौलाना कुमैल ने अदा करायी। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में जायरीन बाबुल मुराद कमेटी व इमामाबाड़ा कमेंटी की ओर से आयोजित महफिल को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। रौजाए जैनबया टिकैत राय तालाब में मौलाना एहतिशाम हुसैन ने महफिल को खिताब किया। मस्जिद मोलसिरी नक्खास में मौलाना सज्जाद नासिर सईद ने महफिल को खिताब किया।

### घरों में हुई नज्र, बटी ईदी

इस मुबारक मौके पर लोगो ने अपने घरो मे नज़्रे मौला का आयोजन भी किया और लजीज व्यंजन पकाए गए। नज़्रों का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था। लोग अपने रिश्तेदारों, अजीजों व दोस्तों के यहां नज़्रों में देर रात तक जाते रहे। गदीर की खुशी में बच्चे नये-नये लिबास पहने खुशिया मनाते हुए नजर आये। इस अवसर पर बड़ों ने बच्चों को ईदी भी बांटी।

### सोशल मीडिया पर छाये रहे ईदे गदीर के पैगाम

ईद ए गदीर के मौके पर सोमवार से ही सोशल मीडिया पर ईद ए गदीर मुबारक के तरह तरह के मैसेज और इमेज लोग अपने रिश्तेदारों, अजीजों और दोस्तो को शेयर करते रहे। खासकर विदेशों में रह रहे लोग गदीर का पैगाम भेजकर अपनो को खुशी का इजहार किया। वहीं काफी लोगों ने शेर-ओ-शायरी में गदीर की मुबारकबाद पेश की।

### ईद-ए-गदीर के मौके पर सबील व लंगर

गदीर के मौके पर शहर में जगह-जगह सबील व लंगर का आयोजन किया गया। आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड द्वारा शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में गदीर कैम्प लगाया। इस मौके पर उलमा ने नज़्र दी। नज़्र के बाद एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी औरमिठाई व शरबत बांटा गया। पुराने शहर के दरगाह, काजमैन, कश्मीरी मोहल्ला,नक्खास, बिल्लौचपुरा, हसनपुरिया, बजाजा व हुसैनाबाद आदि इलाकों में सबीलों पर सिवई, बिरयानी, पूरी-छोला,मिठाईयां, शर्बत, चाट, आइसक्रीम, कोल्डड्रिंक, मीठे पान, ड्राई फ्रूट व फलों के जूस का वितरण किया गया।

# कबूतरा समुदाय और नट समाज के बीच खूनी संघर्ष



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के ललितपुर स्थित थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम उत्तमधाना में मंगलवार की दोपहर कबूतरा समुदाय और नट समुदाय के बीच खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें लाठी-डंडा, गुलेल से पत्थर, चिड़ियामार बंदूक से फायर सहित बंदूक से फायरिंग की गई। संघर्ष में दोनों ओर के एक दर्जन के करीब लोग घायल हो गए। गांव में दो समुदाय के बीच हुए खूनी संघर्ष की सूचना मिलने पर जाखलौन पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां गोपाल कबूतरा निवासी घटवार के पैर में गोली धंसी होने की संभवना जताई जा रही है। जबकि दूसरे पक्ष के वृद्ध रसूल निवासी उत्तमधाना का हाथ गोली लगने से जख्मी बताया जा रहा है। वहीं प्रथम पक्ष के राशिद, रसूल, मकबूल, आफयान, शमा, शहबाज निवासी ग्राम उत्तमधाना को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरे पक्ष के शंकर निवासी ग्राम ऐरावनी, गोपाल, रनवीर, पीकेश निवासी ग्राम घटवार को भर्ती कराया गया। एहतियात के तौर पर जिला अस्पताल में भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# ग़दीर मुनकिर विलायत पर अज़ाब का दिन: मौलाना सैफ

- ईद ग़दीर को दूसरे धर्म के लोगों तक पहुंचाएं: मौलाना सैफ अब्बास

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इमाम बाड़ा जन्नत मआब सैयद तकी साहब, अकबरी गेट, लखनऊ, आयतुल्लाह सैयद सादिक हुसैनी शिराज़ी के कार्यालय की ओर से मौलाना सै0 सैफ अब्बास की अध्यक्षता में जश्ने ईद ग़दीर आयोजित किया गया। सैयद हसन अब्बास ने कुरान की तिलावत कर जश्न की शुरुआत किया। नयyर बहिश्ती जलालपुरी ने संचालन किया और पहले तनवीर आजमी ने मंज़ूम नज़रानए अकीदत पेश किया। इसके बाद तकरीर करते हुए मौलाना शाबिहुल हसन ने कहा कि ग़दीर के वाकिया से हमे यह सीख मिलती है कि इंसान को हमेशा ग़दीर की महंत्ता और प्रामाणिकता को पहचानने की कोशिश करनी चाहिए और ग़दीर की खूबियों को बयान करने में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

उसके बाद, मौलाना रहबर असकरी ने मंज़ूम नज़रानए अकीदत पेश किया और मौलाना मुस्तफा अली खान ने तकरीर करते हुए कहा कि जब पैगंबर जानते थे कि उनकी मृत्यु के बाद उनकी वसीयत का पालन नहीं किया जाएगा, फिर भी वह लोगों को ग़दीर का संदेश पहुंचाया और ग़दीर जैसे महत्वपूर्ण संदेश के लिए विशेष रूप से ग़दीर खुम जैसी जगह को चुना और इस ग़दीर के संदेश को क़यामत के दिन तक जीवित कर दिया। इसके बाद मौलाना नसीम हैदर खां ने मंज़ूम नज़रानए अकीदत पेश किया।

मौलाना सैयद सैफ अब्बास ने कहा कि ईद ग़दीर जिसे ईद अकबर कहा जाता है, हमें इस ईद को हफ्ताए विलायत के रूप में मनाना चाहिए क्यों कि आज ही वह दिन है जब हजरत अली (अ.स.) को हज़रत मोहम्मद स0अ0 ने खलीफ घोषित किया गया था और उसके बाद इस्लाम धर्म मुकम्मल हो गया और मुनकरीन वेलायत पर अज़ाब आया, मौलाना सैयद सैफ अब्बास ने कहा कि ईद-उल-फितर हो या ईद-उल-अज़्हा,, मुसलमान, मुनाफिक़ सभी इसे मनाते हैं, लेकिन ईद ग़दीर वह पवित्र ईद है जो केवल मोमिन मनाता है।

अंत में मौलाना सैफ अब्बास ने आयतुल्लाह उज़्मा सैयद सादिक हुसैनी शिराज़ी की जानिब से भारत के वासियों को बधाई संदेश पहुचाया। मौलाना मजहर इमाम, मौलाना तसनीम अब्बास, मौलाना मुहम्मद रजा इलिया,मौलाना नफीस अख्तर, मौलाना काजिम वाहिदी, मौलाना इजाज़ सीतापुरी, मौलाना डॉ0 सलमान, मौलाना मुहम्मद मशरेकैन, मौलाना कमरुल हसन, मौलाना शफीक आबिदी, मौलाना सुहैल अब्बास, मौलाना नासिर जैदी, मौलाना आसिफ सेथली, मौलाना गुलाम सरवर, मौलाना वजीर हसन जैनबी, मौलाना वाहिद हुसैन, मौलाना अली अब्बास नूरानी, मौलाना तसौवुर हुसैन कानपुरी, मौलाना तफसीर समेत बड़ी संख्या में धार्मिक संस्थाओं के छात्र शामिल हुए।

## आज पूरे शहर में रहेगी ईद ए गदीर की धूम



**लखनऊ।** शिया बाहुल क्षेत्रों में सजाए जाने लगीं महफिलें रहेगी धूम ,यौमे गदीर के मौके पर राजधानी में हर तरफ ईद ए गदीर की धूम मची हुई है पच्चीस जून ईद ए गदीर को दुआए नुदबा जनाब हुसैन मेहदी गुड्डू साहब के दौलत खाने पर होगी गुड्डू साहब का दौलत खाना मीरन साहब के पीछे गली में मुफ़्तीगंज में है ।दुआ नमाज़ ए फज्र के बाद साढ़े 5.30 बजे शुरू होगी। *उसके फौरन बाद शिम्मी साहब के घर पर दुआ महफिल होगी।इसी तरह तहसीन गंज जामा मस्जिद में दुआए नुदबा का अयोजन किया जायेगा।इसी दिन शाम को बाद ए मगरेबैन रिज़्वान हसन कारी साहब के घर पर महफिल होगी।यही नहीं छोटे इमाम बाड़े में इल्मी क्लासेज के साथ ही पूरे शहर में ईद ए गदीर की नमाज़ ए पढ़ी जाएगी।

# लखनऊ इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक पुरस्कार वितरण समारोह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरोजनी नगर क्षेत्र के विधायक डा0 राजेश्वर सिंह उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता लखनऊ इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी के प्रबंधक इब्राहीम आरिफ सिददीकी ने की।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था की डायरेक्टर एडमिन व सदस्य उ0प्र सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड सबीहा अहमद, व संस्था के अतिरिक्त निदेशक अम्मार अनीस नगरामी, संस्था के डीन डा0 फरीद सिददीकी व संस्था के प्रधानाचार्य संदीप सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा0 राजेश्वर सिंह विधायक सरोजनी नगर ने कहा कि आई0आई0टी0 व आई0आई0एम0 में पढ़ने वाले अधिकतर छात्र विदेश चले जाते है परन्तु देश के इस प्रकार के दूसरे संस्थानो में पढ़ाई पूरी करने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों के छात्र देश में रहकर ही देश की सेवा करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी ओर से संस्थान में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले प्रथम पाँच छात्रों को लैपटॉप देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संस्था की डायरेक्टर एडमिन व सदस्य उ0प्र सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड सबीहा अहमद ने कहा कि उनके परिवार के अधिकतर लोग इन्जीनियर थे और वे चाहते थे कि गरीब परिवारों के बच्चे भी इन्जीनियरिंग के क्षेत्र में यदि पढना चाहते हैं तो धन के आभाव में वे शिक्षा से वंचित न रहें इसके लिए हमारी संस्था शिक्षा में गरीब परिवारों के बच्चों को सहयोग प्रदान करती है। अंत में संस्था के अतिरिक्त निदेशक हम्माद अनीस नगरामी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया।